हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 | नागपुर, रविवार, 22 दिसंबर 2024 | अंक 70/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-



शिवशंकर आयुर्वेदिक

क्या आप जोडे के दर्द से परेशान हो ?

•जोडों का दर्द •गठियावात •सन्धिशोध •सरवाइकल पेन पर Dr. B.A.M.S., M.D. अनुभवी चिकित्सक द्वारा चिकित्सा उपचार किया जाता है।

तथा दमा, अस्थमा, एलर्जी / सभी प्रकार के वात रोग/ लखवा/ स्त्रिरोग/ पुरूष के शुक्राणू दोष/ निसंतान/ किडनी स्टोन/ डायबिटीज से परेशान/ वेट लॉस/ वेट गेन/पिंपल्स/ फ्रेअरनेस/ स्किन प्रॉब्लेम/ पाईल्स/ एवं अन्य बिमारीयों पर भी उपचार किया जाता है।

नागपूर का भव्य शोरूम महाजन मार्केट के पास, टेम्पल बाजार, सिताबर्डी, नागपूर.

फोन : 9112079000 / 8605245080

आयुर्वेदिक दवाईया तथा जडीबुटीयों का विशाल भंडार

# जयपुर अग्निकांड में अब तक 14 की मौत

## > 80 घायल, 30 की हालत गंभीर

**जयपुर.**

शुक्रवार सुबह जयपुर-अजमेर हाईवे पर दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने एक ट्रक ने केमिकल से भरे टैंकर को टक्कर मार दी और आग लग गई। इस हादसे में अब तक 11 लोगों की मौत हो गई है और 37 लोग घायल हैं। अब भी कई घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जयपुर अग्निकांड में मृतकों में तीन पुरुष और एक महिला है, जबकि अन्य की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस - प्रशासन द्वारा मृतकों की पहचान करने की कोशिश की जाए रही है। लिस के अनुसार, टैंकर में विस्फोट के बाद उसमें मौजूद केमिकल के फैलने के बाद सुबह करीब 6.45 बजे आग लग गई थी। हाईवे पर स्थित 20 से अधिक वाहन और एक पाइप फैक्ट्री भी आग की चपेट में आ गई थी। पुलिस ने बताया कि विस्फोट और आग के कारण हाईवे को



बंद कर दिया गया था।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यहां घायलों का हाल चाल जानने के लिए दौरा किया था। सीएम के साथ - साथ डिप्टी सीएम और स्वास्थ मंत्री ने दौरा किया था। जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री से बात कर घायलों को हर संभव मदद देने करने की बात कही है।

गौरतलब है कि इस अग्निकांड में अब तक 14 लोग दम तोड़ चुके हैं, वहीं 30 से ज्यादा घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। इन घायलों में 20 से अधिक मरीज 80 प्रतिशत से अधिक झुलसे हुए हैं। इन सभी मरीजों की हालात गंभीर बताई जा रही है। इस हादसे में करीब 40 वाहन आग की चपेट में आए, जिनमें 29 ट्रक , 2 यात्री बसें, 2 गैस टैंकर, 3 कारें, 3 मोटरसाइकिल और दो पिकअप वाहन शामिल हैं।

### 14 की मौत, 27 घायल अस्पताल में भर्ती

दरअसल, जयपुर के अजमेर रोड पर दिल्ली पब्लिक स्कूल के पास शुक्रवार सुबह भारत पेट्रोलियम का एलपीजी टैंकर और एक ट्रक के बीच टक्कर से भयानक आग लग गई। इस हादसे में 5 लोग मौके पर ही जिंदा जल गए, जबकि 8 ने सवाई मानसिंह (एसएमएस) हॉस्पिटल में दम तोड़ दिया। एक अन्य की मौत जयपुरिया हॉस्पिटल में हुई। इस हादसे में 27 घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है, जिनमें से 25 मरीज 80 फीसदी से अधिक झुलसे हुए हैं। इनकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है, वहीं 7 मरीज अभी भी वेंटिलेटर पर हैं। एसएमएस हॉस्पिटल में लाए गए 5 शवों की अब तक पहचान नहीं हो सकी है।

### डीसीपी वेस्ट के नेतृत्व में होगी जांच

जयपुर पुलिस कमिश्नर ने इस मामले की गहराई से जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। एसआईटी का नेतृत्व डीसीपी वेस्ट अमित कुमार करेंगे। इस जांच टीम का उद्देश्य हादसे के कारणों का पता लगाना और लापरवाही की हर कड़ी की जांच करना है। साथ ही जिला कलेक्टर द्वारा गठित एक अलग समिति भी हादसे की जांच कर रही है। यह समिति सोमवार को अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

## खबरें! एक नजर में!!

### टैक्सी किराया देने को लेकर की हत्या

नई दिल्ली. रैपिडो के लिए टैक्सी चलाने वाले संदीप को दिल्ली के सोनिया विहार पुस्ता के पास सड़क के किनारे खून से लथपथ घायल पाया गया था. आरोप है कि वह तीन यात्रियों दीपांशु उर्फ आशु, राहुल और मयंक को नोएडा से लाया था. किराए को लेकर बहस के बाद तीनों ने उसकी हत्या कर दी.

### अवैध बांग्लादेशी छात्रों की स्कूलों में हो पहचान

**नई दिल्ली.** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के आदेश में कहा गया है कि अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की पहचान करने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं और निगम के स्कूलों एडमिशन के वक्त अधिकारी जरूरी सतर्कता बरतें. यह आदेश एमसीडी के सभी क्षेत्रों को जारी किया गया है.

### दिल्ली में सर्दी और प्रदूषण का डबल अटैक

**नई दिल्ली.** पहाड़ों पर बर्फबारी और पश्चिमी विक्षोभ के चलते शीत लहर का कहर जारी है. फिलहाल यूपी, पंजाब, दिल्ली समेत पूरा उत्तर भारत ठिठुरन वाली सर्दी से बेहाल है.

### मशीन में फंसा दुपट्टा, महिला की हुई मौत

**उज्जैन.** उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर में भयंकर हादसा हो गया. एक अधिकारी ने बताया कि शनिवार को मंदिर के फूड सेंटर में एक महिला का दुपट्टा आलू छीलने वाली मशीन में फंस गया. जिससे गला दबने से महिला की मौत हो गई.

### राजन हत्याकांड में कोर्ट का फैसला

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में चर्चित राजन हत्याकांड में कोर्ट ने 6 आरोपियों को उम्रकैद और एक को 6 महीने की सजा सुनाई. साथ ही कोर्ट ने सभी पर 30 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है. 2012 में हुई इस हत्या में अभियोजन ने 10 गवाह पेश किए. 4 जज बदले और 100 से ज्यादा तारीखों के बाद कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर फैसला सुनाया.

### गीजर से हुई गैस लीक

**लखनऊ.** यूपी के अलीगढ़ में बाथरूम में नहाने के दौरान गीजर से गैस लीक होने की वजह से 16 साल की छात्रा माही की मौत हो गई. परिजनों ने जब बाथरूम का दरवाजा खोला तो माही बेहोश मिली. जब उसे परिवार वालों ने अस्पताल पहुंचाया तो डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. बताया जा रहा है कि बाथरूम में वेंटिलेशन नहीं होने की वजह से उसकी जान गई.

### 'माई-बहन योजना' पर सियासी विवाद

**बिहार.** बिहार में आगामी चुनाव से पहले तेजस्वी यादव की तरफ से घोषित 'माई बहन योजना' पर विवाद खड़ा हो गया है. बिहार सरकार के मंत्री सुमित सिंह ने योजना पर तीखी टिप्पणी की. उन्होंने पूछा कि जब तेजस्वी उपमुख्यमंत्री थे तब यह योजना क्यों नहीं लाई गई.

### संभल के कल्कि मंदिर में कृष्ण-कूप का हुआ सर्वे

**संभल.** यूपी में संभल का प्राचीन कल्कि मंदिर एक ऐतिहासिक स्थान है, जहां एएसआई की टीम ने अपना सर्वे शुरू किया है. यह सर्वे मंदिर के धार्मिक महत्व और वहां स्थित प्राचीन कुओं की स्थिति की जानकारी को लेकर है.

## डोंबिवली में अवैध रूप से रह रहे 6 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**मुंबई.** महाराष्ट्र के डोंबिवली में बिना दस्तावेज अवैध रूप से भारत आए बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है. कुछ दिन पहले कोलशेवाड़ी पुलिस ने 2 बांग्लादेशी लोगों को गिरफ्तार किया था, और अब मानपाड़ा पुलिस ने बिना दस्तावेज अवैध रूप से भारत आए 6 बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है. इन आरोपियों में एक महिला भी शामिल है.

## दिल्ली की कालकाजी मंडी में अचानक पहुंचे राहुल गांधी

### > सब्जी विक्रेताओं से की बातचीत

**नई दिल्ली.**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी शनिवार को अचानक दिल्ली के कालकाजी इलाके में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कालकाजी सब्जी मंडी का दौरा किया। राहुल गांधी ने सब्जी विक्रेताओं से बातचीत की। बता दें कि राहुल गांधी इन दिनों किसान आंदोलन को लेकर लगातार सरकार पर हमलावर हैं।

इससे पहले राहुल गांधी ने किसान आंदोलन को लेकर सरकार पर निशावा साधा था। शुक्रवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा, 'MSP की गारंटी और कर्ज़ माफ़ी समेत अन्य मांगों को लेकर आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल जी की तबीयत बिगड़ना चिंताजनक है।



सरकार को बातचीत करके अनशन ख़त्म करवाना चाहिए।'

जायज मांगों के लिए किसानों को बार-बार अनशन और प्रदर्शन के लिए मजबूर करना दुर्भाग्यपूर्ण है। 700 से ज़्यादा किसानों की शहादत के बाद भी सरकार निर्दयी बनी हुई है। MSP सहित अधिकांश मांगों को तो अब कृषि संबंधी संसद की स्थायी समिति ने भी स्वीकारा है, जिसमें सभी दलों के नेता हैं। मैंने पहले भी कहा है और फिर दोहरा रहा हूं - जैसे मोदी सरकार कृषि कानूनों को वापस लेने के लिए मजबूर हुई, वैसे ही उसे इन मांगों को मानने के लिए मजबूर किया जाएगा। किसानों और देश के लिए बेहतर यही होगा कि देर करने की बजाय जल्द से जल्द मान ले।

## महाकुंभ को भव्य तरीके से मनाने की तैयारी

**लखनऊ.** यूपी की राजधानी लखनऊ की इलेक्ट्रिक ही नहीं डीजल बसें भी महाकुंभ 2025 में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चलेंगी। शटल सेवा के रूप में चलने वाली सभी 50 बसें नई होंगी। यह बसें भी जनवरी के पहले सप्ताह में प्रयागराज के लिए रवाना होंगी। परिवहन निगम प्रयागराज महाकुंभ में शटल सेवा भी शुरू कर रहा है, शटल सेवा की 350 बसें महाकुंभ क्षेत्र में ही संचालित होंगी। इसके लिए अलग-अलग क्षेत्रों से बसों को प्रयागराज पहुंचने का आदेश हुआ है। लखनऊ क्षेत्र की 50 बसें भी जाएंगी, राजधानी को अब तक 40 नई बसें मिल चुकी हैं, 10 बसें मिलने का इंतजार हो रहा है। उसके बाद बसें रवाना की जाएंगी। ये बसें दो माह प्रयागराज में ही रहेंगी। महाकुंभ के बाद इन बसों का उन मार्गों पर संचालन कराया जाएगा, जहां यात्रियों की विशेष मांग है।

## छात्रों को दी जाएगी आंबेडकर स्कॉलरशिप

### > दिल्ली चुनाव से पहले केजरीवाल का ऐलान

**दिल्ली.**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बाबा साहेब आंबेडकर को लेकर दिए गए बयान पर सियासी बवाल जारी है। इस मामले पर आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने भी सवाल खड़े किए हैं। इतना ही नहीं उन्होंने आंबेडकर के सम्मान में एक स्कॉलरशिप की भी घोषणा कर दी। दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने इस स्कॉलरशिप की घोषणा की है। केजरीवाल ने कार्यक्रम में कहा कि दलित समाज के छात्र जो विदेश में पढ़ाई करना चाहता है, उसको दिल्ली सरकार पूरा सहयोग देगी।

दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अगर आम आदमी पार्टी अगले साल फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनाव जीतती है तो दिल्ली सरकार विदेश की यूनिवर्सिटी में दाखिला पाने वाले दलित छात्रों को वित्तीय मदद देगी। उन्होंने कहा, 'आप यह सुनिश्चित करेगी कि दिल्ली में किसी भी दलित



छात्र को धन की कमी के कारण विदेशी विश्वविद्यालयों में अपनी पढ़ाई छोड़नी न पड़े।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आंबेडकर को लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस में अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ी क्योंकि उनके पास पैसे की कमी थी। उन्होंने कहा कि वे घर लौट आए और पैसे का इंतजाम किया, जिसके बाद वे एलएसइ वापस चले गए और अपनी पढ़ाई पूरी की। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने अमित शाह पर आंबेडकर का मजाक उड़ाने का आरोप लगाया और कहा कि वह और दलितों के इस प्रतीक के करोड़ों अनुयायी केंद्रीय गृह मंत्री के बयान से आहत हैं।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि किसी ने भी सोचा नहीं होगा कि स्वतंत्र भारत में कोई संसद में बाबासाहेब आंबेडकर का मजाक उड़ाएगा। अमित शाह के अपमानजनक बयान के जवाब में मैं आंबेडकर सम्मान स्कॉलशिप की घोषणा कर रहा हूं। इतना ही नहीं केजरीवाल ने यह भी कहा कि सरकारी कर्मचारियों के बच्चों को भी स्कॉलरशिप का फायदा दिया जाएगा। जैसे बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने विदेश जाकर उच्च शिक्षा ग्रहण की थी, वैसे ही अब दिल्ली के दलित समाज के बच्चे भी विदेश जाकर बिना किसी खर्च के पढ़ाई कर सकेंगे।

## जयपुर में यूथ कांग्रेस का बड़ा प्रदर्शन

### > पुलिस ने किया लाठीचार्ज, कार्यकर्ताओं पर पानी की बौछार

**जयपुर.**

अमित शाह द्वारा संसद में बी आर आंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर विपक्ष सहित कांग्रेस लगातार देश के अलग-अलग हिस्सों में विरोध-प्रदर्शन कर रही है. शनिवार को जयपुर में यूथ कांग्रेस ने शाह के बयान के खिलाफ जमकर विरोध-प्रदर्शन किया और इस दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज भी किया. इतना ही नहीं पुलिस ने वॉटर कैनन का भी प्रयोग किया. इस दौरान कुछ कांग्रेस



कार्यकर्ताओं ने सड़क पर लेटकर भी विरोध प्रदर्शन किया. बाद में पुलिस ने सभी कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया और बस में भरकर दूसरी जगह ले गई. इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी की और अमित शाह का इस्तीफा मांगा. दरअसल कांग्रेस ने इस प्रदर्शन का पहले से ही ऐलान किया था. प्रदर्शनकारियों ने सबसे पहले शहीद स्मारक पर प्रदर्शन किया और फिर सिविल लाइन्स में बने मुख्यमंत्री के सरकारी आवास का घेराव करने की योजना बनाई.

## खैबर पख्तूनख्वा में बड़ा आतंकी हमला

**इस्लामाबाद.** उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक सुरक्षा चौकी पर आतंकवादियों ने हमला किया है जिसमें पाकिस्तानी सेना के 16 सैनिक मारे गए है और 8 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. पाकिस्तान तालिबान ने हमले की जिम्मेदारी ली है.

2021 में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से पाकिस्तान की पश्चिमी सीमावर्ती क्षेत्रों में उग्रवादी हिंसा लगातार बढ़ते जा रही है. इस्लामाबाद ने तालिबानी सरकार पर सीमा पार से पाकिस्तान पर हमले करने वाले आतंकवादियों को जड़ से उखाड़ने में विफल रहने का आरोप लगाया है. सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि यह हमला शनिवार तड़के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की सुरक्षा चौकी को निशाना बनाकर किया गया था.

## आप नेता सुखबीर सिंह ने थामा बीजेपी का दामन

**नई दिल्ली.**

दिल्ली में फरवरी में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक सुखबीर सिंह दलाल शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)में शामिल हो गए। मुंडका के पूर्व विधायक ने दिल्ली भाजपा कार्यालय में प्रदेश इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा और आशीष सूद की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के छह बार सदस्य रहे सरदार बलबीर सिंह भी भाजपा में शामिल हुए। उन्हें सचदेवा ने दिल्ली प्रदेश भाजपा का सचिव नियुक्त किया। दलाल ने दावा किया कि उन्होंने विधायक रहते हुए खेल विश्वविद्यालय परियोजना का मुद्दा मुखर होकर उठाया, लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बावजूद एक भी ईंट नहीं जोड़ी गई है। उन्होंने आप पर भ्रष्टाचार विरोधी अपने वादे से भटकने का आरोप लगाया, जबकि दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा की पहल की सराहना की। भाजपा की दिल्ली इकाई




के मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर, पूर्व विधायक नितिन त्यागी और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के पार्षद बहन प्रीति भी आप नेता को पार्टी की सदस्यता दिलाने के समारोह में मौजूद थे। सचदेवा ने आप पर खेल विश्वविद्यालय के बारे में केवल 'झूठे वादे' करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कागजों पर नियुक्तियां की गईं और धनराशि वितरित की गई, लेकिन जमीन पर कोई काम दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की नरेन्द्र मोदी नीत सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि जिस भी परियोजना का उद्घाटन किया जाए, वह तय समयसीमा में पूरी हो।

## देवास में आग लगने से एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत

भोपाल. देवास में शनिवार तड़के एक घर में आग लगने से एक ही परिवार के चार लोगों की जलकर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचीं दमकल की गाड़ियां आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटी हैं।

मध्य प्रदेश के देवास के नयापुरा इलाके में शनिवार तड़के एक घर में आग लगने से दो बच्चों सहित एक ही परिवार के 4 लोगों की जलकर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचीं दमकल की गाड़ियां आग पर काबू पाने की कोशिश में जुटी हैं। नाहर दरवाजा पुलिस भी मौके पर मौजूद हैं। देवास जिले में शनिवार तड़के एक मिल्क पार्लर-कम-हाउस में लगी आग में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई.

## पीएम मोदी ने रामायण और महाभारत के अरबी अनुवादकों से की मुलाकात

**कुवैत.**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को दो दिवसीय यात्रा पर कुवैत पहुंचे हैं, उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया. इस दौरान उन्हें अरबी भाषा की रामायण और महाभारत भी भेंट की गई. प्रधानमंत्री ने कुवैत में अब्दुल्ला अल बरून और अब्दुल लतीफ अल नेसेफ से मुलाकात की. पीएम मोदी ने दोनों की सराहना की और उनकी पुस्तक पर हस्ताक्षर किए. पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने ग्रेट काम किया है.

दरअसल, अब्दुल्ला अल बरून ने रामायण और महाभारत दोनों को अरबी में ट्रांसलेट किया है. वहीं, अब्दुल लतीफ अल नेसेफ ने रामायण और महाभारत के अरबी संस्करण प्रकाशित किए हैं. प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात में भी उनके इन प्रयासों




को लेकर जिक्र किया था. प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर अनुरोध के बाद 101 वर्षीय आईएफएस अधिकारी मंगल सेन हांडा से भी मुलाकात की, जो भारतीय इतिहास के जीवंत साक्षी हैं.

पीएम मोदी से मुलाकात के बाद पुस्तक के प्रकाशक अब्दुललतीफ अलनेसेफ कहा, "मैं बहुत खुश हूं, यह मेरे लिए सम्मान की बात है. पीएम मोदी इससे बहुत खुश है. ये किताबें बहुत महत्वपूर्ण हैं. प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों पुस्तकों पर हस्ताक्षर किए हैं. यह उनके जीवन के लिए बहुत बड़ा क्षण हैं, जो सदैव उनके साथ रहेंगे."

**43 साल बाद किसी प्रधानमंत्री का कुवैत दौरा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुवैत के अमीर शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह के विशेष निमंत्रण पर दो दिवसीय कुवैत यात्रा पर हैं. यह दौरा 43 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है, जिससे दोनों देशों के बीच गहरे ऐतिहासिक और कूटनीतिक संबंधों को नई ऊंचाई मिलने की उम्मीद है. कुवैत पहुंचने पर पीएम मोदी ने ट्वीट किया.

उन्होंने एक्स पर लिखा, "कुवैत में उतरते ही गर्मजोशी से स्वागत किया गया. 43 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा है, और इससे निस्संदेह विभिन्न क्षेत्रों में भारत-कुवैत मित्रता मजबूत होगी. मैं आज और कल के लिए निर्धारित कार्यक्रमों की प्रतीक्षा कर रहा हूं.

## सॉफ्टवेयर कंपनी में लगी भयानक आग

**हैदराबाद.**

हैदराबाद के माधापुर स्थित सत्य भवन में एक सॉफ्टवेयर कंपनी में शनिवार सुबह भीषण आग लग गई। यह घटना पांच मंजिला इमारत में हुई, जहां अचानक आग की लपटों ने पूरी इमारत को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अधिकारियों ने कर्मचारियों की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए तुरंत बिल्डिंग को खाली करा लिया।

फायर ब्रिगेड ने इमरजेंसी कॉल का तत्परता से जवाब दिया और आग बुझाने के लिए दो दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा। आग के कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है, और माधापुर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, और फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया है।

## मुंबई एयरपोर्ट से 11 करोड़ का गांजा जब्त

**मुंबई.**

छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कस्टम अधिकारियों ने 19-20 दिसंबर की रात को बैंकॉक से आए एक यात्री से 11 करोड़ रुपये से अधिक कीमत का गांजा जब्त किया. यात्री को 11.322 किलोग्राम संदिग्ध हाइड्रोपोनिक गांजे के साथ पकड़ा गया, जिसकी कीमत लगभग 11.32 करोड़ रुपये है. न्यूज एजेंसी के मुताबिक, कस्टम अधिकारियों ने खुफिया सूचनाओं के आधार पर यात्री की प्रोफाइलिंग की और आगे की जांच करने पर यात्री के ट्रॉली बैग के अंदर वैक्यूम-सील प्लास्टिक पाउच में छिपाकर रखा गया अवैध पदार्थ बरामद किया. हाइड्रोपोनिक गांजा माना जा रहा यह नशीला पदार्थ भांग की एक उच्च श्रेणी की किस्म है. इसकी बाजार कीमत बहुत ज्यादा है.

इससे पहले दिन में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर राष्ट्रीय हवाई अड्डे के सीमा शुल्क अधिकारियों की उनकी सतर्कता और 1.48 करोड़ रुपये मूल्य के 2 किलोग्राम से अधिक तस्करी किए गए सोने को जब्त करने के लिए उनकी तारीफ की. मुंबई हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग ने 18-19 दिसंबर, 2024 के दौरान सोने की तस्करी के दो मामलों को पता लगाया. अधिकारियों ने कुल 2.073 किलोग्राम 24 कैरेट सोना जब्त किया, जिसे नए तरीकों से तस्करी किया गया था. मुंबई कस्टम्स ने एक आधिकारिक बयान में कहा, '18-19 दिसंबर 2024 को, मुंबई के सीएमएमए एयरपोर्ट पर अधिकारियों ने 2 मामलों में 1.48 करोड़ रुपये मूल्य का 2.073 किलोग्राम सोना जब्त किया.

# पॉपकॉर्न खाना हुआ महंगा

## अब फ्लेवर के हिसाब से देना होगा जीएसटी



**नई दिल्ली.**

पुष्पा झुके या नहीं... लेकिन थिएटर में पुष्पा जैसी फिल्म देखने जाने वाले सिनेमा प्रेमियों की जेब अब जरूर झुकने वाली है. क्योंकि सरकार ने पॉपकॉर्न पर टैक्स वसूलना शुरू कर दिया है. यहां ध्यान देने वाली बात ये है कि टैक्स भी अब फ्लेवर के हिसाब से सरकार वसूलेगी. जैसलमेर में आयोजित जीएसटी काउंसिल की 55वीं बैठक में ये बड़ा फैसला लिया गया है. अब इससे ना सिर्फ टिकट खरीदने की टेंशन बढ़ेगी बल्कि फिल्म देखने के दौरान पॉपकॉर्न खरीदने वालों को भी अधिक पैसे चुकाने होंगे.

फोर्टिफाइड चावल के टैक्स स्ट्रक्चर को सरल करते हुए, जीएसटी काउंसिल ने इस पर 5 फीसदी जीएसटी लगाने का निर्णय लिया है, चाहे इसका उपयोग किसी भी उद्देश्य के लिए हो. वहीं, रेडी-टू-ईट पॉपकॉर्न पर भी टैक्स दरों को लेकर पूरी डिटेल सामने आ गई है. साधारण नमक और मसालों से तैयार पॉपकॉर्न, अगर पैकेज्ड और लेबल्ड नहीं है, तो 5 फीसदी जीएसटी लगेगा. वहीं पैकेज्ड और लेबल्ड होने पर यह दर 12 फीसदी होगी. जबकि चीनी जैसे कारमेल से तैयार पॉपकॉर्न को "चीनी कन्फेक्शनरी" की कैटेगरी में रखा गया है और इस पर 18 फीसदी जीएसटी लगेगा.

### बैठक में इन फैसलों पर भी हुई चर्चा

बता दें कि जीएसटी परिषद की बैठक में बीमा, लग्जरी प्रोडक्ट्स, विमानन टरबाइन ईंधन (एटीएफ) जैसे विभिन्न क्षेत्रों के लिए दरों में समायोजन सहित कई मुद्दों पर चर्चा होगी. पिछले कुछ महीनों में यह चर्चा हुई है कि परिषद से जीवन और स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों के प्रीमियम पर जीएसटी दरों को कम करने के उद्देश्य से प्रस्तावों पर विचार करने की उम्मीद है. इसके अलावा, फूड डिलीवरी सर्विस, साइकिल और पैकेज्ड ड्रिंक्स जैसी आवश्यक वस्तुओं पर दरों को कम करके व्यक्तियों के लिए टैक्स के बोझ को कम करने पर संशोधित ध्यान केंद्रित करने की प्रबल संभावना है.

# बिजली वितरण कंपनियां राज्यों पर वित्तीय रूप से बोझ बनीं

## > आरबीआई ने अपनी रिपोर्ट में दी जानकारी

**नई दिल्ली.**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि बिजली वितरण कंपनियां (डिस्कॉम) राज्यों के लिए वित्तीय रूप से भारी बोझ बनी हुई हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि राज्य डिस्कॉम का कुल संचित घाटा 2022-23 तक 6.5 लाख करोड़ रुपये तक पहुँच गया है, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद का 2.4 प्रतिशत है। रिपोर्ट के अनुसार, "बिजली वितरण कंपनियाँ (डिस्कॉम) राज्यों पर वित्तीय रूप से बोझ बनी हुई हैं।" रिपोर्ट में कहा गया है कि विभिन्न सुधार प्रयासों के बावजूद डिस्कॉम राज्यों के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई हैं। हालात बदलने के लिए, आरबीआई ने उत्पादकता में सुधार, ट्रांसमिशन और वितरण घाटे को कम करने और बिजली आपूर्ति की वास्तविक लागत के साथ टैरिफ को एडजस्ट करने जैसे उपायों के महत्व पर जोर दिया। आरबीआई की रिपोर्ट में पाया गया है कि राज्यों ने राजकोषीय अनुशासन बनाए रखने में प्रगति की है। 2023-24 में, राज्यों का सकल राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 2.91 प्रतिशत पर सीमित रहा, जो राजकोषीय उत्तरदायित्व विधान की ओर से निर्धारित 3 प्रतिशत की सीमा के भीतर था।



### सकल घरेलू उत्पाद का 2.6 प्रतिशत हो गया

पूंजीगत व्यय, जो बुनियादी ढांचे और दीर्घकालिक विकास में निवेश का एक महत्वपूर्ण संकेतक है, 2023-24 में सकल घरेलू उत्पाद का 2.6 प्रतिशत हो गया, जो पिछले वर्ष 2.2 प्रतिशत था। भविष्य को देखते हुए, रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि राज्यों से 2024-25 में राजकोषीय अनुशासन बनाए रखने की उम्मीद है, जिसमें जीएफडी का बजट सकल घरेलू उत्पाद का 3.2 प्रतिशत है।

# एयरटेल वाईफाई के ग्राहकों को ज़ी5 का प्रीमियम कंटेंट मिलेगा

**गुरुग्राम.**

भारत के प्रमुख दूरसंचार सेवा प्रदाताओं में से एक भारती एयरटेल ("एयरटेल") ने ज़ी5, भारत के अग्रणी ओटीटी प्लेटफॉर्म के साथ साझेदारी की घोषणा की है, अब एयरटेल के वाईफाई ग्राहकों को रोमांचक डिजिटल कंटेंट उपलब्ध होगा। ₹699 या उससे अधिक के प्लान्स पर सभी ग्राहकों को उनके एयरटेल वाईफाई प्लान के तहत ज़ी5 बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उपलब्ध होगा। इस साझेदारी से, ज़ी5 का एक्सक्लूसिव कंटेंट, जिसमें ओरिजिनल शोज़, चार्टबस्टर टाइटल्स, ओटीटी मूवीज़ और विभिन्न भाषाओं में सीरीज़, अब एयरटेल वाईफाई पर दर्शकों के लिए उपलब्ध होगा। इससे उपभोक्ताओं को डिजिटल कंटेंट की एक विस्तृत कैटलॉग मिलेगा। लोकप्रिय टाइटल्स जैसे कि सैम बहादुर, आरआरआर, सिर्फ एक बंदा काफी है, मनोरथंगल, विक्कटकवि, द क्रॉनिकल्स ऑफ अमरागीरी, अइंधाम वेधाम, ग्यारह ग्यारह और कई अन्य के साथ, एयरटेल वाईफाई ग्राहक अब 1.5 लाख+ घंटों के विशाल कंटेंट भंडार का आनंद ले सकते हैं। चीफ मार्केटिंग ऑफिसर और ईवीपी कस्टमर एक्सपीरियंस - भारती एयरटेल अमित त्रिपाठी ने कहा, "साझेदारी एयरटेल के डीएनए का हिस्सा है और ज़ी5 के साथ साझेदारी करके हमें खुशी हो रही है। हमारे उपभोक्ताओं को एक विश्वस्तरीय डिजिटल कंटेंट इकोसिस्टम देने के हमारे प्रयास में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। ज़ी5 की समृद्ध लाइब्रेरी हमारी कंटेंट पोर्टफोलियो को गहराई देती है और हमारे उपभोक्ताओं के अनुभव को और बेहतर बनाती है। हम अपने ग्राहकों को सर्वोत्तम अनुभव देने के लिए अपनी कंटेंट पोर्टफोलियो को मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" मनीश कालरा, चीफ बिजनेस ऑफिसर, ज़ी5 ने कहा, "ज़ी5 पर, हमारी हमेशा यह कोशिश रही है कि उच्च-गुणवत्ता वाले मनोरंजन को लोकतांत्रिक तरीके से बनाया जाये, जिससे हमारी विविध कंटेंट लाइब्रेरी को दर्शकों तक पहुंचाया जा सके। एयरटेल के साथ यह सहयोग हमारे इस वादे को और मजबूत करता है कि हम दर्शकों को अलग-अलग शैलियों, भाषाओं और फॉर्मेट्स में एक सहज मनोरंजन अनुभव प्रदान करें। एयरटेल ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं के लिए ज़ी5 के एकीकरण के साथ, हमारा लक्ष्य व्यापक दर्शक समूह तक पहुंचना है और हर उपभोक्ता के लिए आकर्षक, कहानी के व्यक्तिगत आनंद का अनुभव सुनिश्चित करना है।

# ज़ेटवर्क ने नवीनतम फंडिंग राउंड में 90 मिलियन डॉलर जुटाए

**बेंगलुरु.**

ज़ेटवर्क मैन्युफैक्चरिंग बिज़नेस प्राइवेट लिमिटेड ने में लगभग 90 मिलियन डॉलर सफलतापूर्वक जुटाए हैं, जिससे कंपनी का मूल्यांकन 3.1 अरब डॉलर हो गया है। इस फंडिंग राउंड का नेतृत्व जाने-माने निवेशक राकेश गंगवाल और खोसला वेंचर्स ने किया। इसके अलावा, यू.के. स्थित बैली गिफर्ड भी नए निवेशक के रूप में शामिल हुए, जबकि मौजूदा बैकर्स ग्रीनओक्स और एवेनिर ग्रोथ ने भी भाग लिया। यह महत्वपूर्ण निवेश ज़ेटवर्क के अपने मुख्य व्यवसाय क्षेत्रों में विस्तार को बढ़ावा देगा: नवीकरणीय ऊर्जा, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और एयरोस्पेस। खोसला वेंचर्स के जय सजनानी ने कहा, "प्रत्येक कंपनी जिसे विनिर्माण क्षमताओं की आवश्यकता है, वह अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं को अधिक लचीला बनाने और भू-राजनीतिक जोखिम को कम करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। सजनानी ने कहा, "ज़ेटवर्क तेजी से एक अग्रणी विनिर्माण बाज़ार बन गया है जो दुनिया भर के ग्राहकों को औद्योगिक और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर एयरोस्पेस और रक्षा तक किसी भी क्षेत्र में निर्माण करने के विकल्प देता है। हम वैश्विक विकास के इस अगले चरण में ज़ेटवर्क के साथ साझेदारी करने के लिए उत्साहित हैं। ज़ेटवर्क मैन्युफैक्चरिंग के सह-संस्थापक और सीईओ अमृत आचार्य ने कहा, "विनिर्माण क्षेत्र लंबे समय से समय की देरी, बजट में बढ़ोतरी, गुणवत्ता संबंधी मुद्दों और सीमित आपूर्तिकर्ता पारदर्शिता जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है। इन लगातार मुद्दों ने उत्पादन समयसीमा को काफी प्रभावित किया है। अब, जब देश वैश्विक भू-राजनीतिक बदलावों के जवाब में अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने का प्रयास कर रहे हैं, तो जटिलता की एक नई परत जुड़ गई है। ज़ेटवर्क तेज़ी से खुद को वैश्विक ग्राहकों के लिए एक प्रमुख भागीदार के रूप में स्थापित कर रहा है, जो इस निकट-शोरिंग/ऑन-शोरिंग परिदृश्य को नेविगेट करना चाहते हैं। भारत, उत्तरी अमेरिका और यूरोप में 2,000 से ज़्यादा ग्राहकों के लिए ज़ेटवर्क एक बेहतरीन विनिर्माण भागीदार के रूप में उभरा है, क्योंकि वे अपनी आपूर्ति श्रृंखला आवश्यकताओं में विश्वास, विश्वसनीयता और पारदर्शिता लाने के लिए ज़ेटवर्क की क्षमताओं को तेज़ी से पसंद कर रहे हैं। नतीजतन, ज़ेटवर्क के 80-85 फीसदी जीएमवी बार-बार आने वाले ग्राहकों से बढ़े हुए खर्च के कारण आया है, जो ज़ेटवर्क की तकनीक और आपूर्ति श्रृंखला का उपयोग करके तेज़ लीड टाइम, बेहतर गुणवत्ता और अपनी सोर्सिंग आवश्यकताओं में बेहतर दृश्यता प्राप्त करते हैं।

# विदेशी मुद्रा भंडार 2 अरब डॉलर घटा

**नई दिल्ली.** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 13 दिसंबर को समाप्त सप्ताह के दौरान 1.988 अरब डॉलर घटकर 652.869 अरब डॉलर रह गया। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह समग्र विदेशी मुद्रा भंडार 3.235 बिलियन अमरीकी डॉलर घटकर 654.857 बिलियन अमरीकी डॉलर रह गया था। पिछले कुछ हफ्तों से विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट आ रही है और इस गिरावट का कारण पुनर्मूल्यांकन के साथ-साथ रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए आरबीआई द्वारा विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप को माना जा रहा है। सितंबर में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.885 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। आंकड़ों के अनुसार 13 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.047 अरब डॉलर घटकर 562.576 अरब डॉलर रह गईं। अमेरिकी डॉलर के संदर्भ में अभिव्यक्त विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार 1.121 अरब डॉलर बढ़कर 68.056 अरब डॉलर हो गया। शीर्ष बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 35 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 17.997 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गए। शीर्ष बैंक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में आईएमएफ के पास भारत की आरक्षित स्थिति भी 27 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 4.24 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गई।

# सोना 170 रुपये टूटकर 78130 रुपये प्रति 10 ग्राम पर



**नई दिल्ली.** अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की बिकवाली के बीच राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सोने की कीमतों में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही और इसकी कीमत 170 रुपये की गिरावट के साथ 78,130 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली यह बहुमूल्य धातु गुरुवार को 78,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई। औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निर्माताओं की ओर से कमजोर उठान के कारण चांदी की कीमत 1,850 रुपये गिरकर 88,150 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। पिछले सत्र में चांदी 90,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 170 रुपए घटकर 77,730 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया, जबकि पहले इसका भाव 77,900 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। व्यापारियों ने पीली धातु की कीमतों में गिरावट का कारण स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की ओर से सुस्त मांग को बताया। एमसीएक्स पर वायदा कारोबार में शुक्रवार को फरवरी डिलीवरी वाले सोने के अनुबंध का भाव 50 रुपये अथवा 0.07 प्रतिशत बढ़कर 75,701 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया।

# जेसीबी बनाने वाली कंपनियों ने की छप्परफाड़ कमाई

**नई दिल्ली.**



आपने पिछले कुछ वर्षों में बुलडोजर शब्द को लेकर चर्चा कई बार सुना होगा. खासतौर से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साल 2017 में प्रदेश की बागडोर संभालने के बाद से. योगी आदित्यनाथ को उनके समर्थक बुलडोजर बाबा के नाम से भी संबोधित करते हैं. तो विरोधी उनकी सरकार द्वारा की जाने वाले बुलडोजर कार्रवाई को लेकर निशाना भी साधते हैं. बुलडोजर का इस्तेमाल गड्ढा खोदने, चीजों को इधर-उधर ले जाने, निर्माण को तोड़ने से लेकर लोडिंग के लिए किया जाता है. लेकिन हाल के वर्षों में बुलडोजर को लेकर एक अलग नाकारात्मक छवि भी बन गई है. हालांकि इंडस्ट्रियल से लेकर खेती और दूसरी कई महत्वपूर्ण जगहों पर बुलडोजर का इस्तेमाल बेहद जरूरी होता है. पर कभी आपने ने सोचा है कि वो कौन कंपनियां है जो देश में बुलडोजर की मैन्युफैक्चरिंग करती हैं. क्या ये कंपनियां शेयर बाजार में स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्टेड है? और अगर ये लिस्टेड हैं तो उन्होंने अपने निवेशकों को कैसा रिटर्न दिया है? शेयर बाजार में तीन ऐसी जानी-मानी लिस्टेड कंपनियां हैं जो बुलडोजर का निर्माण करती हैं. इसमें एक है एक्शन कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट लिमिटेड दूसरी है एस्कॉर्ट्स क्यूबोटा लिमिटेड और तीसरी लिस्टेड बुलडोजर कंपनी का नाम है बीईएमएल का जो कि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी है.

सबसे पहले बात करते हैं बुलडोजर बनाने वाली कंपनी एक्शन कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट लिमिटेड की जो कि एक मल्टीबैगर स्टॉक है. कंपनी का स्टॉक शुक्रवार 20 दिसंबर के सेशन में 0.79 फीसदी के उछाल के साथ 1530 रुपये पर कारोबार कर रहा है. शेयर ने शेयरधारकों को 85 फीसदी का रिटर्न दिया है. जबकि 2 सालों में शेयर ने 380 फीसदी, 4 सालों में 642 फीसदी और 5 वर्षों में 2100 फीसदी का रिटर्न दे चुका है. एक्शन कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट 18,206 करोड़ रुपये मार्केट कैप वाली कंपनी है.

# 1.48 करोड़ का सोना जब्त

**नई दिल्ली.**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय (सीएसएमआई) हवाई अड्डे के सीमा शुल्क अधिकारियों की तारीफ की है। वित्त मंत्री ने कस्टम अधिकारियों की सतर्कता और 1.48 करोड़ रुपये मूल्य के 2 किलोग्राम से अधिक तस्करी किए गए सोने को सफलतापूर्वक जब्त करने के लिए सराहना की। मंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, "मुंबई कस्टम की मेहनत की सराहना करती हूं। बहुत बढ़िया।

मुंबई हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग ने 18-19 दिसंबर, 2024 के दौरान सोने की तस्करी के दो मामलों को पकड़ा। अधिकारियों ने कुल 2.073 किलोग्राम 24 कैरेट सोना जब्त किया, जिसे नए तरीकों से तस्करी किया गया था। मुंबई कस्टम्स ने एक आधिकारिक बयान में कहा, "18-19 दिसंबर 2024 को, मुंबई के एसएमआई एयरपोर्ट पर अधिकारियों ने 2 मामलों में 1.48 करोड़ रुपये मूल्य का 2.073 किलोग्राम सोना जब्त किया।

# आर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल ने गो कास्मो का आयोजन किया

## गो कास्मो का उद्देश्य युवाओं में उत्सुकता पैदा करना



**नागपुर.**

देश के सबसे बड़े स्कूल चेन चलाने वाले, द इंटरनेशनल स्कूल ने देश के सबसे बड़े अंतरिक्ष मेले (एस्ट्रानोमी फेयर) का आयोजन नागपुर में किया। आयोजन का उद्देश्य देश भर के स्कूलों के बीच एक जिज्ञासा और उत्साह पैदा करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के जाने-माने लाइफ कोच डा. भूपेंद्र सिंह राठौर थे। तीन दिन के इस एस्ट्रो-फेयर का आयोजन 20 दिसंबर से 22 दिसंबर 2024 को आर्किड्स कोराडी रोड कैंपस में संपन्न होगा जिसमें अंतरिक्षि जगत में रूचि रखने वाले सभी आयु वर्ग के लोग हिस्सेदारी करेंगे और अंतरिक्ष जगत के तमाम आश्चर्यों के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। इससे पहले गो-कास्मो सीजन 1 का आयोजन बैंगलोर, मुंबई, पुणे, चेन्नई, कोलकता, हैदराबाद, गुड़गांव, सोनीपत, जयपुर, जोधपुर, और इंदोर जैसे महानगरों में किया गया था जिसमें तमाम शहरों के 30,000 से ज्यादा विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था। इस इवेंट में कई तरह की अनूठी गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें एलिएन एनकाउंटर, प्लैनेटरी पोंडर, ग्रेविटेशनल जिम, कामेट क्राफ्टिंग, कास्मिक कोलाइडर, वरचुअल वायोजर, स्टैलर स्पैक्टेकल, स्टार सीकर, जैसे गतिविधियों से सभी अंतरिक्षि उत्साहियों का परिचय कराया गया जिसका आनंद बच्चों ने लिया। साथ ही स्पिनिंग स्पेसशिप वर्कशाप का भी आयोजन किया गया। हर इवेंट की तैयारी यह सोचकर की गई थी जिससे दर्शक पूरी तरह आकर्षित हो और उसकी समझ एस्ट्रानामी को लेकर विकसित हो। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. भूपेंद्र सिंह राठोर ने भविष्य की पीढियों के दिमाग में जिज्ञासा और आलोचनात्मक चिंतन विकसित करने की दिशा में बोलते हुए कहा, "गो-कास्मो जैसे एस्ट्रो फेयर युवाओं के जिज्ञासु दिमागों को विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। इस फेयर से न सिर्फ उनके ज्ञान में बढ़ोतरी होती है बल्कि उनको कुछ बड़ा सोचने की प्रेरणा भी मिलती है, वे नए क्षितिज तलाशने की कोशिश करते हैं, और भविष्य की चुनौतियों को स्वीकार करने की प्रवृत्ति युवाओं के भीतर विकसित होती है। मुझे यह देखकर काफी अच्छा लग रहा है कि नई पीढ़ी के बच्चे अंतरिक्ष विक्षान में काफी रुचि ले रहे हैं, इस क्षेत्र में नए-नए खोजों की अपार संभावनाएं हमेशा बनी रहती हैं। गो-कास्मो का यह इवेंट एक तरह से भारत के अंतरिक्ष संबंधी खोज और शिक्षा को लेकर बनाए गए दृष्टिकोण को पुष्ट करता है, जिसकी चर्चा देश के नेशनल एजुकेशन पालिसी (एनईपी) में की गई है। इस इवेंट के माध्यम से आर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल नई पीढ़ी के बच्चों को एक खोजी के तौर पर विकसित करने में पूरी तरह से हमेशा से ही समर्पित रहा है। गो-कास्मो के माध्यम से विद्यार्थियों को चांद-तारे और अंतरिक्ष के ढेर सारे रहस्यों को खोजने, वहां पहुंचने में काफी मदद मिलती है।

# आईटीआर की ओरिजनल डेडलाइन 31 तक



**नई दिल्ली.** वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न भरना भूल गए हैं या फाइल किए गए रिटर्न में किसी तरह का सुधार करना है तो उसके लिए 31 दिसंबर तक अंतिम डेडलाइन है. अगर आप सही समय पर आईटीआर फाइल नहीं कर पाए हैं तो आपको पांच हजार रुपये की पेनाल्टी आईटीआर फाइल करते समय 31 दिसंबर से पहले देनी होगी. यह पेनाल्टी आपको तब भी देनी होगी, जब आपके पास टैक्स का कोई बकाया नहीं है. अगर टैक्सेबल इनकम सालाना तीन लाख रुपये से ज्यादा नहीं है तो कोई पेनाल्टी नहीं देनी होगी. लापरवाही या मजबूरी के कारण या भूलवश अगर आप 31 दिसंबर की डेडलाइन को भी भूल जाते हैं तो फिर आपको लेने के देने पड़ सकते हैं. सबसे पहली बात तो यह है कि आप आगे इनकम टैक्स रिटर्न नहीं भरते हैं तो हर तरह के रिफंड से हाथ धो बैठेंगे. इसके बाद आप केवल एक अपडेटेड रिटर्न भर सकते हैं, जिसमें आप केवल इतना बता सकते हैं कि वे टैक्स लायबलिटी भरने जा रहे हैं. फिर भी 31 दिसंबर का डेडलाइन मिस करने के एवज में आपको टैक्स और पेनाल्टी जुर्माने के साथ भरनी होगी. यह तो मान लिया कि आप समय पर आईटीआर नहीं भर पाए तो पेनाल्टी के साथ 31 दिसंबर तक आईटीआर फाइल कर सकते हैं. परंतु ओरिजनल डेट मिस कर 31 दिसंबर की डेडलाइन के मुताबिक आईटीआर फाइल करने के और भी नुकसान हैं. ऐसी स्थिति में करदाता ओल्ड टैक्स रिजीम को नहीं अपना पाएगा. क्योंकि देरी का रिटर्न केवल न्यू टैक्स रिजीम के तहत ही भरा जा सकेगा. ओल्ड टैक्स रिजीम में कई तरह के डिडक्शन और छूट उपलपब्ध हैं, जो न्यू टैक्स रिजीम में नहीं है.

१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लॉटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

प्रविण कडू : 9822472123

निकाल
महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी शनि विकली लॉटरी
सोडत संध्या. 4:45 वाजता
सोडत दर शनिवार • सोडत क्रमांक 51 • तिकीट किं. रु. 20/- • सोडत दिनांक 21/12/2024

| मालिका | GL-00 | GL-01 | GL-02 | GL-03 | GL-04 |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| पहिले बक्षिस रु. 10,000/- | 8632 | 2569 | 9950 | 4474 | 2878 |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES

| | | | | | | | | | | |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| दुसरे बक्षिस रु. 5000/- | 1101 | 9196 | | | | | | | | |
| तिसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1718 | 3333 | 5587 (पवार लॉटरी - ठाणे) | 7708 | 9695 | | | | | |
| चौथे बक्षिस रु. 1000/- | 1230 | 1734 | 3860 | 4214 | 5764 | 8206 | 8689 | 8995 | 9045 | 9102 |
| पाचवे बक्षिस रु. 500/- | 0285 | 3043 | 3199 | 4479 | 4653 | 5405 | 6815 | 7857 | 7953 | 8886 |

सहावे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| सहावे बक्षिस रु. 300/- | | | | | | | | | | |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| | 0570 | 1254 | 2254 | 2995 | 3938 | 4691 | 5556 | 6696 | 7803 | 8927 |
| | 0850 | 1261 | 2292 | 3045 | 3950 | 4723 | 5578 | 6713 | 7914 | 8943 |
| 0030 | 0861 | 1270 | 2345 | 3062 | 3994 | 4767 | 5625 | 6866 | 7956 | 8956 |
| 0036 | 0870 | 1412 | 2399 | 3115 | 4134 | 4805 | 5630 | 6908 | 8010 | 9094 |
| 0090 | 0887 | 1419 | 2496 | 3138 | 4199 | 4853 | 5705 | 6954 | 8219 | 9107 |
| 0093 | 0907 | 1511 | 2544 | 3152 | 4244 | 4864 | 5713 | 6958 | 8287 | 9204 |
| 0105 | 0930 | 1519 | 2671 | 3161 | 4266 | 4934 | 5725 | 6981 | 8298 | 9281 |
| 0107 | 0950 | 1663 | 2689 | 3183 | 4286 | 4980 | 5835 | 6986 | 8313 | 9343 |
| 0249 | 0990 | 1766 | 2712 | 3237 | 4379 | 5238 | 5862 | 7017 | 8323 | 9349 |
| 0275 | 1089 | 1831 | 2716 | 3320 | 4408 | 5240 | 5977 | 7019 | 8385 | 9659 |
| 0296 | 1106 | 1885 | 2740 | 3336 | 4419 | 5251 | 6056 | 7075 | 8392 | 9689 |
| 0300 | 1120 | 1917 | 2754 | 3346 | 4463 | 5252 | 6076 | 7216 | 8578 | 9705 |
| 0306 | 1124 | 1957 | 2772 | 3381 | 4468 | 5259 | 6121 | 7256 | 8685 | 9732 |
| 0325 | 1127 | 1985 | 2785 | 3463 | 4471 | 5396 | 6180 | 7359 | 8729 | 9734 |
| 0328 | 1140 | 2043 | 2823 | 3562 | 4491 | 5399 | 6271 | 7545 | 8812 | 9794 |
| 0369 | 1143 | 2127 | 2824 | 3619 | 4525 | 5454 | 6313 | 7549 | 8837 | 9796 |
| 0370 | 1160 | 2128 | 2869 | 3736 | 4534 | 5483 | 6469 | 7557 | 8889 | 9799 |
| 0500 | 1179 | 2172 | 2894 | 3737 | 4596 | 5546 | 6491 | 7647 | 8893 | 9895 |
| 0508 | 1215 | 2237 | 2969 | 3788 | 4646 | 5554 | 6665 | 7757 | 8895 | 9940 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY
महाराष्ट्र गजराज मासिक सोडत
सोडत दिनांक 25/12/2024
जिंका फक्त 4 अंकावर
पहिले सामाईक बक्षिस रु. ₹14 लाख
दुसरे बक्षिस ₹2.5 लाख (रु. 10 हजाराची 25 बक्षिसे)
तिकीट किंमत ₹20/-
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी शनि विकली लॉटरी सोडत दिनांक 21/12/2024
छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पहावे. प्रस्तुतकर्ता : महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
महाराष्ट्रलक्ष्मी विकली लॉटरी
सोडत दर शनिवारी
तिकीट किंमत रु. 50/-
सोडत क्र. 51 सोडत दिनांक 21/12/2024

| | |
| --- | --- |
| पहिले सामाईक बक्षिस रु. 7 लाख | ML-01 : 1161 |
| उत्तेजनार्थ बक्षिस रु. 5000/- | पहिल्या बक्षीसाची विजेता मालिका सोडून इतर सर्व मालिकांसाठी 1161 — महाराजा असोसिएट्स - इचलकरंजी, विशेष डिस्ट्रिब्युटर - गोरेगाव |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी

| | | | | | | |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| दुसरे बक्षिस रु. 2000/- | 1075 | 3389 | 3826 | 4433 | 4742 | 6957 |
| तिसरे बक्षिस रु. 1000/- | 2148 | 2413 | 2526 | 3524 | 3760 | 6168 |
| चौथे बक्षिस रु. 500/- | 1048 | 1536 | 1653 | 3738 | 5436 | 5710 |
| पाचवे बक्षिस रु. 200/- | 1079 | 1807 | 2052 | 3243 | 5642 | 6636 |

सहावे बक्षिस रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी)

| रु. 100/- (सर्व मालिकांसाठी) | | | | | | | | | | | | | |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| | | 1891 | 2260 | 2830 | 3367 | 3822 | 4303 | 4633 | 5019 | 5534 | 5885 | 6169 | 6626 |
| | | 1909 | 2269 | 2837 | 3372 | 3826 | 4319 | 4642 | 5034 | 5537 | 5895 | 6177 | 6639 |
| 1005 | 1313 | 1911 | 2281 | 2858 | 3387 | 3858 | 4324 | 4645 | 5035 | 5540 | 5897 | 6224 | 6646 |
| 1011 | 1331 | 1912 | 2283 | 2950 | 3390 | 3889 | 4334 | 4646 | 5079 | 5546 | 5898 | 6240 | 6655 |
| 1015 | 1365 | 1915 | 2292 | 2957 | 3395 | 3907 | 4347 | 4660 | 5102 | 5550 | 5904 | 6250 | 6656 |
| 1016 | 1410 | 1916 | 2329 | 2960 | 3430 | 3936 | 4372 | 4675 | 5104 | 5552 | 5907 | 6266 | 6660 |
| 1055 | 1412 | 1917 | 2392 | 2969 | 3435 | 3937 | 4387 | 4679 | 5114 | 5553 | 5914 | 6269 | 6670 |
| 1057 | 1413 | 1941 | 2397 | 2972 | 3445 | 3938 | 4389 | 4686 | 5122 | 5555 | 5922 | 6270 | 6680 |
| 1081 | 1416 | 1971 | 2410 | 2990 | 3458 | 3951 | 4393 | 4704 | 5134 | 5559 | 5923 | 6308 | 6683 |
| 1105 | 1461 | 2002 | 2516 | 3021 | 3462 | 3984 | 4404 | 4712 | 5167 | 5562 | 5950 | 6362 | 6690 |
| 1110 | 1500 | 2009 | 2523 | 3035 | 3470 | 3990 | 4420 | 4713 | 5215 | 5576 | 5954 | 6366 | 6716 |
| 1123 | 1501 | 2017 | 2529 | 3037 | 3533 | 4007 | 4424 | 4720 | 5248 | 5579 | 5958 | 6368 | 6735 |
| 1128 | 1521 | 2019 | 2532 | 3055 | 3539 | 4034 | 4425 | 4724 | 5254 | 5625 | 5972 | 6399 | 6755 |
| 1132 | 1529 | 2022 | 2548 | 3081 | 3544 | 4042 | 4443 | 4743 | 5285 | 5634 | 5977 | 6400 | 6762 |
| 1139 | 1589 | 2026 | 2549 | 3083 | 3563 | 4048 | 4445 | 4762 | 5351 | 5645 | 5981 | 6424 | 6771 |
| 1146 | 1590 | 2036 | 2556 | 3092 | 3577 | 4049 | 4446 | 4767 | 5355 | 5652 | 5982 | 6456 | 6785 |
| 1147 | 1600 | 2062 | 2572 | 3108 | 3580 | 4054 | 4451 | 4787 | 5374 | 5669 | 5985 | 6464 | 6793 |
| 1155 | 1615 | 2076 | 2582 | 3116 | 3609 | 4061 | 4454 | 4799 | 5392 | 5676 | 5986 | 6476 | 6810 |
| 1159 | 1621 | 2082 | 2599 | 3130 | 3613 | 4063 | 4456 | 4814 | 5407 | 5698 | 5994 | 6491 | 6854 |
| 1163 | 1624 | 2122 | 2624 | 3133 | 3633 | 4079 | 4457 | 4840 | 5410 | 5722 | 5995 | 6493 | 6863 |
| 1167 | 1641 | 2126 | 2639 | 3166 | 3641 | 4084 | 4461 | 4844 | 5415 | 5734 | 5996 | 6499 | 6864 |
| 1171 | 1676 | 2158 | 2644 | 3207 | 3646 | 4094 | 4469 | 4854 | 5422 | 5735 | 6006 | 6506 | 6867 |
| 1174 | 1699 | 2171 | 2672 | 3222 | 3663 | 4100 | 4470 | 4873 | 5441 | 5745 | 6017 | 6509 | 6869 |
| 1185 | 1710 | 2183 | 2702 | 3224 | 3666 | 4103 | 4472 | 4889 | 5450 | 5748 | 6030 | 6512 | 6878 |
| 1187 | 1715 | 2186 | 2716 | 3267 | 3671 | 4110 | 4475 | 4892 | 5453 | 5762 | 6042 | 6528 | 6886 |
| 1192 | 1731 | 2193 | 2719 | 3303 | 3688 | 4174 | 4481 | 4899 | 5458 | 5765 | 6054 | 6529 | 6896 |
| 1193 | 1764 | 2198 | 2720 | 3310 | 3698 | 4194 | 4484 | 4910 | 5490 | 5769 | 6059 | 6542 | 6901 |
| 1194 | 1771 | 2201 | 2723 | 3314 | 3702 | 4200 | 4491 | 4913 | 5499 | 5773 | 6063 | 6564 | 6905 |
| 1219 | 1779 | 2204 | 2724 | 3320 | 3713 | 4219 | 4495 | 4921 | 5505 | 5801 | 6066 | 6567 | 6917 |
| 1229 | 1803 | 2218 | 2725 | 3325 | 3722 | 4229 | 4498 | 4930 | 5507 | 5815 | 6068 | 6571 | 6930 |
| 1240 | 1811 | 2222 | 2748 | 3327 | 3731 | 4246 | 4515 | 4934 | 5510 | 5845 | 6076 | 6601 | 6945 |
| 1251 | 1823 | 2223 | 2760 | 3331 | 3736 | 4259 | 4559 | 4945 | 5518 | 5851 | 6090 | 6609 | 6948 |
| 1252 | 1830 | 2226 | 2764 | 3336 | 3761 | 4262 | 4560 | 5000 | 5519 | 5858 | 6100 | 6611 | 6962 |
| 1299 | 1832 | 2237 | 2794 | 3337 | 3774 | 4279 | 4572 | 5005 | 5522 | 5859 | 6118 | 6613 | 6963 |
| 1310 | 1854 | 2238 | 2821 | 3342 | 3802 | 4287 | 4581 | 5006 | 5526 | 5871 | 6152 | 6615 | 6967 |
| 1311 | 1874 | 2240 | 2828 | 3358 | 3808 | 4299 | 4600 | 5010 | 5529 | 5875 | 6166 | 6617 | 6983 |

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी MAHARASHTRA STATE LOTTERY
MAHARASHTRA NATAL NEW YEAR BUMPER DRAW
सोडत दिनांक 03-01-2025
जिंका फक्त 4 अंकावर
मालिका 10
पहिले सामायिक हमीपात्र बक्षिस ₹ 50 लाख (₹ 25 लाखाची 2 बक्षिसे)
दुसरे बक्षिस ₹10 लाख (₹ 10,000 X 100 बक्षिसे)
नव वर्षाच्या हार्दिक शुभेच्छा
महाराष्ट्रलक्ष्मी सोडत दिनांक 21/12/2024
छपाईतील कोणत्याही चुकीबद्दल आम्ही जबाबदार नाही. अचूक निकालासाठी अधिकृत गॅझेट पाहावे.
प्रस्तुतकर्ता महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

# रविवारीय

**सुविचार**

मेहनत एक ऐसी सुनहरी चाबी है
जो बंद भाग्य के दरवाजे भी खोल देती है

# सर्दियों में चाहिए गर्मी का मजा

## देश के कई इलाकों की करें सैर



❑ उत्तर भारत समेत पहाड़ी राज्यों में कड़ाके की ठंड पड़ना शुरू हो गया है. ऐसे में अगर आप इन दिनों घूमने का प्लान बना रहे हैं लेकिन ठंड की वजह से कैंसिल करना पड़ रहा है तो परेशान न हों. भारत की कुछ ऐसी जगहें हैं जहां आप ठंड के दिनों में भी गर्मी का मजा ले सकते हैं. कई राज्य ऐसे हैं जहां ठंड बिल्कुल भी नहीं पड़ती है. यहां ऐसा फील होता है जैसे की गर्मी का मौसम है. ऐसे में आइए जानते हैं कि सर्दियों में भारत के किन जगहों पर गर्मी का लुत्फ ले सकते हैं.

**कच्छ का रण, गुजरात:** सर्दियों के दिनों में यूपी, बिहार, झारखंड के साथ पहाड़ी राज्यों में जहां तापमान बहुत कम रहता है. वहीं, कच्छ के रण में इन दिनों तापमान 27 से 30 डिग्री रहता है. ऐसे में दिसंबर और जनवरी के महीनों में आपको यहां की सैर जरूर करनी चाहिए. कच्छ के रण में नवंबर से फरवरी महीने तक टूरिस्ट सीजन चलता है. कच्छ में न सिर्फ भारतीय बल्कि विदेशी सैलानी भी आते हैं. इस जगह आप ऊंट की सवारी के साथ स्वादिष्ट व्यंजनों का मजा ले सकते हैं.

**कुर्ग, कर्नाटक:** सर्दियों के दिनों में कर्नाटक राज्य के कुर्ग इलाके की सैर करनी चाहिए. ठंड में यहां का तापमान भारत के अन्य इलाकों की तुलना में ज्यादा रहता है. कुर्ग में आपको प्राकृतिक नजारा देखने को मिलेगा, जो कि आपको बड़ा मनमोहक लगेगा. यहां चाय के बागान, कॉफी के पेड़ और हरी भरी वादियां देखने को मिलेगा.

**गोवा:** अगर आधुनिक ख्यालों वाले हैं तो सर्दियों के दिनों में गोवा की सैर करनी चाहिए. ठंड में गोवा का तापमान भारत के अन्य राज्यों की तुलना में ज्यादा रहता है. यहां आपको गर्मी का एहसास होगा. गोवा में आप समुद्र के किनारे पानी से खेल सकते हैं और उस हसीन पल का लुत्फ उठा सकते हैं.

**जैसलमेर, राजस्थान:** ठंड में आपको राजस्थान राज्य के जैसलमेर जिले की सैर करनी चाहिए. इस शहर को गोल्डन सिटी के नाम से जानते हैं. यहां आपको कई झीले, किला, हवेलियां और जैन मंदिर देखने को मिल जाएगा. वहीं यहां का तापमान ठंड के दिनों में भारत के अन्य इलाकों की तुलना में ज्यादा रहता है.

**कोवलम, केरल:** केरल एक दक्षिण भारत का एक सुंदर राज्य हैं. अगर सर्दियों के दिनों में गर्माहट का एहसास चाहते हैं तो आपको केरल के कोवलम की सैर करनी चाहिए. यहां का तापमान ठंड के दिनों में भारत के कई राज्यों की तुलना में बहुत ज्यादा रहता है. कोवलम अपने समुद्री तट के लिए ज्यादा फेमस है.




# देश के दो सर्द इलाके तिब्बत और लद्दाख

9 वीं शताब्दी के दौरान राज्य के जन्म से पहले लद्दाख के बारे में जानकारी दुर्लभ है। 9 50 सीई के बारे में राज्य की स्थापना से पहले, लद्दाख को शायद ही एक अलग राजनीतिक इकाई माना जा सकता है, तिब्बती साम्राज्य के प्रारंभिक पतन के बाद और सीमावर्ती क्षेत्रों स्वतंत्र शासकों के अधीन स्वतंत्र राज्य बन गए, जिनमें से ज्यादातर तिब्बती शाही परिवार की शाखाओं से आए थे। लद्दाख की आबादी में सबसे पुरानी परत शायद दर्दी शामिल थी। हेरोडोटस दो बार दंडिकै नामक लोगों का उल्लेख करता है, सबसे पहले गांदैरियो के साथ, और फिर ग्रीस के राजा ज़ेर्क्सेस के आक्रमण की सूची में। हेरोडोटस ने मध्य एशिया के सोने की खुदाई की चींटियों का भी उल्लेख किया है, जो कि नरदीस के लोगों के संबंध में भी उल्लेख किया गया है, अलेक्जेंडर के एडमिरल और मेगास्थनीस पहली सदी में, प्लिनी एल्डर ने दोहराता है कि दर्द (लद्दाखी में ब्रोकपा) सोने के महान उत्पादक हैं। हेरमैन का तर्क है कि यह कहानी अंततः लद्दाख और बाल्टिस्तान में सोने की धुलाई के धुंधली ज्ञान पर वापस आती है। टॉलेमी सिंधु के ऊपरी किनारे पर दरारद्रे स्थित है, और नाम, दाड़ा, पुराणों की भौगोलिक सूची में उपयोग किया जाता है। उद्धरण चाहिए राजनीतिक इतिहास की पहली झलक को "उवीमा कवतिसा" के खरोष्टी शिलालेख में पाया जाता है जो कि सिंधु पर के'ए-ला-आरटीएसई (खलत्से) पुल के पास की खोज की जाती है, यह दर्शाता है कि 1 सदी के आसपास, लद्दाख कुशन का हिस्सा था राज्य। कुछ अन्य छोटे ब्रह्मी और खारोही शिलालेख लद्दाख में पाए गए हैं। चीनी-तीर्थयात्री भिक्षु, जुआनजांग, सी। 634 सीई, चुलडूदो (कूलाता, कोलू) से लुहुलांगो (लाहौल) के लिए एक यात्रा का वर्णन करता है और फिर यह कहता है, "[एफ] रोम, एक हजार से अधिक, आठ सौ या नौ सौ ली के लिए खतरनाक पथ और पहाड़ों और घाटियों पर, एक को लाहुल देश में ले जाया जाता है। उत्तर दिशा में दो हजार ली से अधिक कठिनाइयों और बाधाओं से भरा मार्ग के साथ, ठंडी हवाओं में और बर्फ के टुकड़े झुकाते हुए, मारे के देश तक पहुंच सकता है (यह भी सानोही के रूप में जाना जाता है)। "मोलूसूओ या मार्स का राज्य मार्च-युल का पर्याय बन सकता है, जो लद्दाख के लिए एक सामान्य नाम है। अन्यथा, पाठ-टिप्पणी में कहा गया है कि मो-लो-तो, सुवर्णगोत्रा या सुवर्णभूमि (स्वर्ण की भूमि) के साथ सान-पो-हो बॉर्डर्स भी कहा जाता है, जो कि महिला साम्राज्य (स्ट्रिरज्य) के समान है। Tucci के अनुसार, Zhangzhung राज्य, या कम से कम अपने दक्षिणी जिले, 7 वीं शताब्दी भारतीयों द्वारा इस नाम से जाना जाता था 634/5 में झांग्झुंग ने पहली बार तिब्बती सुजेरेनिटी को स्वीकार किया, और 653 में एक तिब्बती आयुक्त (मनन) को वहां नियुक्त किया गया था। 662 में नियमित प्रशासन शुरू किया गया और 677 में एक असफल विद्रोह हुआ। 8 वीं शताब्दी में, लद्दाख पूर्वी से दबाने तिब्बती विस्तार के बीच संघर्ष में शामिल था, और पास के माध्यम से मध्य एशिया से चीनी प्रभाव डालता था। 7 9 में एक जनगणना ली गई, और 724 में प्रशासन को पुनर्गठित किया गया। 737 में, तिब्बतियों ने ब्रुजा (गिलगित) के राजा के खिलाफ हमला किया, जिन्होंने चीन की मदद मांगी, लेकिन अंततः तिब्बत को श्रद्धांजलि देने को मजबूर किया गया कोरियाई भिक्षु, हायको (704-787) (पिन्यिन: हुई चाओ), भारत द्वारा समुद्र तक पहुंचा और मध्य एशिया के माध्यम से 727 में चीन लौट आया। उन्होंने कश्मीर के उत्तर-पूर्व में झूठ बोलने वाले तीन राज्यों को संदर्भित किया: "तिब्बतियों की अभिमानीता के तहत ... देश संकीर्ण और छोटा है, और पहाड़ों और घाटियों को बहुत गड़बड़ी है। मठों और भिक्षुओं हैं, और लोग ईमानदारी से तीन ज्वेल्स की पूजा करते हैं। तिब्बत के राज्य के लिए पूर्व में, कोई भी मठ नहीं है, और बुद्ध की शिक्षा अज्ञात है, लेकिन, इन देशों में, जनसंख्या हू के होते हैं, इसलिए वे विश्वासियों हैं (पेटेक, लद्दाख का साम्राज्य, पृष्ठ 10)। " रिज़वी बताते हैं कि यह मार्ग न केवल पुष्टि करता है कि 8 वीं शताब्दी की शुरुआत में, आधुनिक लद्दाख का क्षेत्र तिब्बती अधिराज्य के तहत था, लेकिन यह कि लोग गैर-तिब्बती स्टॉक से संबंधित थे। 747 में, चीनी जनरल गाओ झियान्झी के अभियान ने तिब्बत को पकड़ लिया था, जिन्होंने मध्य एशिया और कश्मीर के बीच प्रत्यक्ष संचार को फिर से खोलने की कोशिश की थी। तालास नदी (751) पर कारलुक्स और अरबों के खिलाफ गाओ की हार के बाद, चीनी प्रभाव तेजी से कम हो गया और तिब्बती प्रभाव फिर से शुरू हुआ। भौगोलिक संप्रदाय हुदद -अल -आलम (9 82) बोलोरियन (बोलोर, बोलू, बाल्तिस्तान) तिब्बत का उल्लेख करते हैं, जहां लोग मुख्य रूप से व्यापारियों और झोपड़ियों में रहते हैं। नेस्टोरियन पार पत्थर में बना हुआ है, जाहिरा तौर पर ड्रैंगट्सी (तांगत्से) में पाए जाने वाले सोग्डियन क्रिश्चियन व्यापारियों के कारण, और इसी समय के अरबी शिलालेख इस क्षेत्र में व्यापार के महत्व के साक्ष्य हैं। 842 में तिब्बती राजशाही के पतन के बाद, तिब्बती अभिमतता जल्दी गायब हो गई।




जम्मू और कश्मीर 5 अगस्त 2019 तक भारत का एक राज्य था जिसे अगस्त 2019 में द्विभाजित कर जम्मू और कश्मीर एवं लद्दाख नामक दो केंद्र शासित प्रदेश के रूप में स्थापित कर दिया गया। यह राज्य पूर्वतः ब्रिटिश भारत में जम्मू और कश्मीर रियासत नामक शाही रियासत हुआ करता था। इस राज्य का क्षेत्र भारत के विभाजन के बाद से ही भारत, पाकिस्तान और चीन के बीच विवादित रहा है, जिनमे से तीनों ही पूर्व रियासत के विभिन्न हिस्सों पर आज भी नियंत्रण रखते हैं।

जम्मू और कश्मीर हिमालय पर्वत शृंखला के सबसे ऊँचे हिस्सों में स्थित है, और इसे अपनी प्राकृतिक सौंदर्य एवं संसाधनों के लिए जाना जाता है। साथ ही जम्मू, कश्मीर और लद्दाख का इलाका अपनी विशिष्ट संस्कृति के लिए जाना जाता है। यहाँ स्थित वैष्णो देवी तथा अमरनाथ की गुफाएँ हिंदुओं के अत्यंत महत्वपूर्ण तीर्थ का केंद्र रहा है। पूर्व जम्मू और कश्मीर रियासत के विभिन्न इलाकों पर अधिकार होने का दावा भारत, पाकिस्तान तथा चीन, तीनो देश करते हैं, जिसमें भारतीय नियंत्रण वाले क्षेत्र को ही जम्मू और कश्मीर कहा जाता है। सम्पूर्ण जम्मू कश्मीर के राजा द्वारा भारतीय संघ के अंतर्गत हस्तांतरित किया गया था। पूर्व रियासत का उत्तरी और पश्चिमी पट्टी पर पाकिस्तान का अवैध कब्जा है एवं रियासत के उत्तरपूर्वी क्षेत्र पर चीन का अवैध निवयंत्रण है, जिसे उसने भारत से 1932 के युद्ध के बाद कब्ज़ा कर लिया था, इस इलाके को अक्साई चिन कहा जाता है।भारत इन कब्ज़ों को अवैध मानता है। जम्मू नगर जम्मू प्रांत का सबसे बड़ा नगर तथा राज्य की शीतकालीन राजधानी थी, वहीं कश्मीर में स्थित श्रीनगर गर्मी के मौसम में राज्य की राजधानी रहती थी (जो अब केंद्रशासित प्रदेश जम्मू- कश्मीर की है) जम्मू और कश्मीर में जम्मू (पूंछ सहित), कश्मीर, बल्तिस्तान एवं गिलगित के क्षेत्र सम्मिलित थे।

इस राज्य का पाकिस्तान अधिकृत भाग को लेकर क्षेत्रफल 2,22,236 वर्ग कि॰मी॰ एवं जो भारत में है उसका क्षेत्रफल 1,38,124 वर्ग कि॰मी॰ था। यहां अधिकांश मुसलमान हैं। जम्मू - कश्मीर के सीमांत क्षेत्र पाकिस्तान, अफगानिस्तान, सिंक्यांग तथा तिब्बत से मिले हुए थे। भारतीय संसद ने 5 अगस्त 2019 को इस राज्य की राजनीतिक स्थिति में भारी बदलाव करते हुए विधानसभा सहित केंद्रशासित प्रदेश बना दिया तथा लद्दाख को भी जम्मू कश्मीर से अलग करके उसे भी अलग केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा दिया गया। जम्मू और कश्मीर की कुल जनसंख्या में से, 27.38% लोग शहरी क्षेत्रों में रहते हैं। शहरी क्षेत्रों में आबादी का कुल आंकड़ा 3,433,242 है, जिसमें से 1,866,185 पुरुष हैं जबकि शेष 1,567,057 महिलाएं हैं। पिछले 10 वर्षों में शहरी आबादी में 27.38 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जम्मू और कश्मीर के शहरी क्षेत्रों में लिंग अनुपात 840 महिलाओं की प्रति 1000 पुरुषों की थी। बच्चे के लिए (0-6) लिंग अनुपात शहरी क्षेत्र के लिए आंकड़ा प्रति 1000 लड़कों में 850 लड़कियां थीं। जम्मू और कश्मीर के शहरी क्षेत्रों में रहने वाले कुल बच्चे (0-6 आयु) 425,8 9 7 थे। शहरी क्षेत्र की कुल आबादी में, 12.41% बच्चे (0-6) थे शहरी क्षेत्रों के लिए जम्मू और कश्मीर में औसत साक्षरता दर 77.12 प्रतिशत थी, जिसमें पुरुष 83.9 2% साक्षर थे जबकि महिला साक्षरता 56.65% थी। जम्मू और कश्मीर के शहरी क्षेत्र में कुल साक्षर 2,31 9, 283 थे।

# सर्दियों में बालों को हेल्दी रखने का तरीका



❑ सर्दी आ गई है और साथ ही बालों का झड़ना भी बढ़ गया है. लेकिन चिंता न करें. यहां कुछ सदाबहार नुस्खे बताए गए हैं जो आपके बालों को बढ़ने और चमकदार बनाए रखने में मदद करेंगे. सर्दी आ गई है और साथ ही बालों का झड़ना भी बढ़ गया है. लेकिन चिंता न करें. यहां कुछ सदाबहार नुस्खे बताए गए हैं जो आपके बालों को बढ़ने और चमकदार बनाए रखने में मदद करेंगे. जैसे-जैसे सर्दी बढ़ने लगती है. हम भारी कंबल और इलेक्ट्रिक हीटर की गर्मी को गले लगाते हैं. सर्दी अपने साथ कई सारी दिक्कतें भी लेकर आता है, स्किन का ड्राई होना, रैशेज, और सबसे बड़ी समस्या बाल झड़ने की समस्या. सर्द हवा और घर के अंदर की गर्मी हीटिंग हमारे बालों पर कहर बरपा सकती है. जिससे वे भंगुर हो जाते हैं और बाल झड़ने लगते हैं. हालांकि इस सर्दी में बालों झड़ने के कारण मन थोड़ा उदास होने लगता है. भारतीय दादी-नानी की पीढ़ियों से चली आ रही सदियों पुरानी नुस्खों में उम्मीद है. ये पारंपरिक नानी के नुस्खे आपके बालों को सबसे कठोर सर्दियों में भी स्वस्थ, मजबूत और चमकदार बनाए रखने के लिए खास उपाय बताते हैं. क्या होगा अगर हम आपको बताएं कि सर्दियों में बालों की समस्याओं का समाधान बादाम के तेल और आंवले के रस के पौष्टिक मिश्रण में है? यह शक्तिशाली संयोजन सदियों से भारतीय घरों में अहम है. क्योंकि बादाम के तेल में विटामिन एच होता है. जो बालों को जड़ों से मजबूत करने के लिए बायोटिन को संश्लेषित करने में मदद करता है. इसी तरह, आंवले का रस, जो अपने समृद्ध गुणों के लिए जाना जाता है, बालों के रोम में गहराई से प्रवेश करता है, जिससे आपके बाल हर बार धोने के बाद मुलायम और चमकदार हो जाते हैं. इस हेयर ग्रोथ ऑयल को बनाने के लिए आपको बादाम के तेल और ताजे आंवले के रस की आवश्यकता होगी. एक कटोरी में थोड़ा बादाम का तेल गर्म करें और उसमें ताजा निचोड़ा हुआ आंवला का रस मिलाएं.

# कैरी करें कस्टमाइज्ड पोटली बैग



❑ आजकल लोग अपने नाम, लोगो या खास मैसेज के साथ कस्टमाइज्ड पोटली बैग कैरी करना भी पसंद करते हैं। कस्टमाइज्ड पोटली बैग न सिर्फ दिखने में अलग लगते हैं बल्कि इनमें खास पर्सनल टच भी दिया जाता है।



# घर में रखी चांदी पड़ गई है काली



❑ घर में भी चांदी के गहने, बर्तन या मूर्तियां रखे रखे काली पड़ने लगती है। जब,चांदी की चीजें इस्तेमाल नहीं की जाती. तब उनकी चमक फीकी और रंग काला पड़ने लगता है।कई बार इस्तेमाल करने के बाद भी जूलरी या मूर्तियां काली पड़ने लगती हैं। इस वजह से लोग काफी परेशान होते हैं कि इन्हें साफ़ कैसे करें। ऐसे में आप चाहें तो इन कुछ टिप्स की मदद से चांदी को फिर से बिलकुल नए की तरह चमका सकते हैं। चलिए जानते हैं कैसे? टूथपेस्ट की मदद से आप चांदी को भी नए तरीके से चमका सकते हैं. टूथब्रश पर टूथपेस्ट लगाकर चांदी पर रगड़िए। अच्छी तरह रगड़ने के बाद गर्म पानी में डाल दीजिए और फिर पानी से धो लीजिए। पुरानी चांदी को चमकाने में एल्युमिनियम फॉयल बेहद कारगर है. सबसे पहले एक लीटर पानी में एक चम्मच बेकिंग सोडा मिला लें। चांदी की वस्तु को इस पानी में डाल दें। कुछ देर पानी में रखने के बाद निकालें औरफिर एल्युमिनियम फॉयल से रगड़ लें। इससे कालापन दूर हो जाएगा और चांदी बिलकुल निखर जाएगी। बेकिंग सोडा नैचुरल क्लींजर की तरह काम करता है। एक चम्मच बेकिंग सोडा को गर्म पानी में डालकर पतला सा पेस्ट बनाएं। इस पेस्ट में चांदी का सामान या जूलरी डालें और कसी टूथब्रश से रगड़िए। इससे चांदी का कालापन दूर होगा। गर्म पानी में थोड़ा डिटर्जेंट पाउडर डालकर पानी गर्म करें। जब पानी में उबाल आए तब उसमे जूलरी डाल दें। कुछ समय उबलने के बाद गैस बंद कर दें। जूलरी को ब्रश से साफ़ करें। जब पानी ठंडा हो जाए तब उसमे से जूलरी निकालें। अब साफ़ पानी से धोकर कॉटन के कपड़े से पोछ लीजिये। आपका चांदी का जूलरी चमकने लगेगा।

# क्रिसमस पर बनाएं टेस्टी-हेल्दी ब्राउनी

❑ 25 दिसंबर को दुनियाभर में क्रिसमस की धूम देखने को मिलती है और भारत में भी इस फेस्टिवल को जबरदस्त तरीके से सेलिब्रेट करते हैं. इस दिन लोग न सिर्फ चर्च में जाकर प्रार्थना करते हैं, बल्कि प्रभु यीशु के जन्मदिन के मौके पर घरों में पार्टी भी ऑर्गेनाइज की जाती है और लोग एक-दूसरे को विश करते हैं. 2024 में क्रिसमस पर आप अपने मेहमानों को ब्राउनी बनाकर खिला सकते हैं. आज जानेंगे ऐसी रेसिपी के बारे में कि अगर घर में ओवन नहीं है तो भी ये ब्राउनी बनाई जा सकती हैं और ये टेस्टी होने के साथ ही हेल्दी भी रहेगी. इन ब्राउनी को बनाने में बेक करने का कोई झंझट नहीं है, इसलिए बनने में भी ज्यादा टाइम नहीं लगता है. क्रिसमस के मौके पर घरों में केक के अलावा लोग कई तरह के डेजर्ट्स भी बनाते हैं. चॉकलेटी ब्राउनी की टेस्ट तो जुबान पर घुल जाता है, लेकिन सबसे ज्यादा दिक्कत ये होती है कि ओवन नहीं है तो ब्राउनी बेक कैसे होगी.

# बादाम खाने का सही तरीका

## उम्र के हिसाब से कितने बादाम खाना चाहिए



❑ "बादाम खाना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है, लेकिन कितना खाना चाहिए, यह बहुत से लोगों को पता नहीं है। रात को भिगोकर रखे हुए बादाम सुबह में खाने से शरीर को कई लाभ होते हैं, लेकिन यदि आप कम मात्रा में बादाम खा रहे हैं, तो उससे आपको विशेष फायदा नहीं होगा। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, रोजाना सही मात्रा में बादाम खाना जरूरी है ताकि शरीर को आवश्यक पोषण और ऊर्जा मिल सकें। यहां हम जानेंगे कि बच्चों, बड़ों और बुजुर्गों को उनकी उम्र के हिसाब से रोजाना कितने बादाम खाने चाहिए। बादाम की मात्रा उम्र के हिसाब से अलग-अलग होती है। बच्चों को कम मात्रा में बादाम देने चाहिए, जबकि वयस्कों और बुजुर्गों को अधिक मात्रा में बादाम खाने चाहिए। बच्चों के लिए, 1-3 साल के बच्चों को रोजाना 1-2 बादाम खाने चाहिए। 4-6 साल के बच्चों को रोजाना 2-4 बादाम खाने चाहिए। 7-10 साल के बच्चों को रोजाना 4-6 बादाम खाने चाहिए। वयस्कों के लिए, 11-18 साल के वयस्कों को रोजाना 6-8 बादाम खाने चाहिए। 19-50 साल के वयस्कों को रोजाना 8-10 बादाम खाने चाहिए। 51 साल से अधिक उम्र के वयस्कों को रोजाना 10-12 बादाम खाने चाहिए। 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को रोजाना 12-14 बादाम खाने चाहिए।


## नववर्ष की शुरुआत बवासीर को अलविदा कहकर करें

नववर्ष की शुरुआत नए संकल्पों, उम्मीदों और प्रेरणाओं से भरी होती है. हर कोई स्वस्थ और सुखद जीवन जीने का संकल्प करता है. ऐसे में, स्वास्थ्य में बाधा बनने वाली बीमारियों से मुक्त होना बेहद जरूरी है. बवासीर (पाइल्स) एक आम लेकिन कष्टदायक समस्या है. नववर्ष की शुरुआत में इस समस्या को अलविदा कहने के लिए सही कदम उठाना आपके जीवन को स्वस्थ और खुशहाल बना सकता है.

**बवासीर क्या है?**

बवासीर गुदा क्षेत्र में रक्त वाहिकाओं की सूजन है, जिसमें रक्तवाहिकाएं फूल जाती हैं और गांठें बनती हैं. ये गांठें गुदा के अंदर या बाहर हो सकती हैं. बवासीर को दो प्रकारों में बांटा गया है:

1) आंतरिक बवासीर (Internal Piles): इसमें गांठें गुदा के अंदर होती हैं और सामान्यत: दिखाई नहीं देतीं हैं.

2) बाहरी बवासीर (External Piles): इसमें गांठें गुदा के बाहर होती हैं, जिससे सूजन, दर्द और जलन होती है.

**क्या न करें?**

मसालेदार और तला हुआ खाना खाने से बचें.

**लंबे समय तक बैठने या खड़े रहने से बचें.**

शराब और धूम्रपान से दूरी बनाएं.

**बवासीर के कारण**

बवासीर के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें निम्नलिखित प्रमुख कारण हैं:

**पाचन समस्याएं:** लगातार कब्ज या दस्त से गुदा पर अधिक दबाव पड़ता है.

**गलत जीवनशैली:** लंबे समय तक बैठकर काम करना, व्यायाम की कमी और गलत खानपान से बवासीर की समस्या पैदा होती है.

**गर्भावस्था:** गर्भवती महिलाओं में रक्त संचार बढ़ने से बवासीर होने की संभावना अधिक होती है.

**अधिक वजन:** मोटापा बवासीर के प्रमुख कारणों में से एक है.

**आनुवंशिकता:** परिवार में इस समस्या का इतिहास होने से इसके होने की आशंका अधिक होती है.

**बवासीर के लक्षण**

बवासीर की पहचान के लिए निम्नलिखित लक्षण आमतौर पर देखे जाते हैं -

- **मल त्याग के दौरान या बाद में रक्तस्राव होना**
- गुदा क्षेत्र में सूजन या गांठ महसूस होना
- **तीव्र दर्द और जलन**
- मल त्याग के बाद अधूरा महसूस होना
- **खुजली या बेचैनी**

**नववर्ष में बवासीर से छुटकारा पाने के उपाय**

बवासीर को रोकने और कम करने के लिए जीवनशैली में बदलाव और सही उपचार जरूरी है. निम्नलिखित उपाय मददगार हो सकते हैं:

- फाइबर युक्त आहार लें
- **पर्याप्त पानी पिएं:** दिनभर में 8-10 गिलास पानी जरूर पिएं.
- **नियमित व्यायाम करें:** प्रतिदिन 30 मिनट टहलना, दौड़ना या योग करना फायदेमंद है.
- शौच को रोके नहीं
- मोटापा कम करें
- **गुदा क्षेत्र की स्वच्छता बनाए रखें:** शौच के बाद गुदा क्षेत्र को संक्रमण से बचने के लिए गुनगुने पानी का उपयोग करें.
- तनावमुक्त जीवनशैली स्वीकार करें
- **डॉक्टर से परामर्श करें:** यदि बवासीर गंभीर हो, तो विशेषज्ञ से सलाह लें. वर्तमान आधुनिक उपचार पद्धति में लेजर थेरेपी, बैंडिंग या सर्जरी से बवासीर का समाधान किया जा सकता है.

**बवासीर के लिए घरेलू उपाय**

शुरुआती चरण में निम्नलिखित घरेलू उपाय मददगार हो सकते हैं:

- **गुनगुने पानी का सेक:** 15-20 मिनट गुनगुने पानी में बैठने से दर्द और सूजन कम होती है.
- **हल्दी और नारियल तेल:** गुदा क्षेत्र पर हल्दी और नारियल तेल लगाने से जलन कम होती है.
- **एलोवेरा जेल:** एलोवेरा जेल सूजन और दर्द से राहत देता है.

**नववर्ष में स्वास्थ्य का संकल्प**

नववर्ष एक नई शुरुआत का समय होता है. स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर बवासीर जैसी समस्याओं को हमेशा के लिए अलविदा कहें. दैनिक जीवन में छोटे बदलाव कर बड़े परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं.

**स्वस्थ आदतों का संकल्प**

- हर भोजन में फाइबर शामिल करें.
- तनाव को दूर रखने के लिए रोज ध्यान करें.
- वजन नियंत्रित रखने के लिए नियमित व्यायाम करें.
- समय-समय पर डॉक्टर से सलाह लें.

**पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी युवा मंच द्वारा आयोजित शिविर में लेजर व आयुर्वेद उपचार पर 19 से 30 दिसंबर तक 50% छूट**

**अभ्युदय पाइल्स लेजर हॉस्पिटल**



**डॉ. प्रवीण एन. सहावे** एम.एस. (शल्य)

**डॉ. पूजा प्र. सहाव** कॉस्मेटिक लेजर महिला रोग विशेषज्ञ

महापुष्प सोसायटी, लोहार भवन के पीछे, शताब्दी चौक से मनीष नगर रोड, नागपुर.

**समय: सुबह 10 से दोपहर 2 और शाम 5.30 से रात 9.30 बजे तक**

**9970743318, 9270051446** www.pilesfistulacure.com



## हेल्थ एंड फिट कैप्सूल फिटनेस की हितकारी औषधि

❑ आजकल की भागदौड़ के जीवन में फिट रहना ऊर्जावान रहना अति आवश्यक है। इसके लिए संतुष्टि आहार स्वास्थ्य के नियमों का पालन करना भी आवश्यक है। इसके साथ साथ आयुर्वेदिक रसायन औषधि अथवा टॉनिक का सेवन भी लाभप्रद होता है। शिवशंकर आयुर्वेदिक एजंसी सिताबर्डी टेंपल बाजार रोड नागपुर द्वारा निर्मित एवं वितरित 'हेल्थ एंड फिट कैप्सूल्स' अत्यंत उपयोगी टॉनिक साबित हुई है। उसमें घटक द्रव्यों में ब्राह्मी, शंखपुष्पी -अश्वगंधा यह आयुर्वेदिय औषधि शारीरिक एवं मानसिक बल प्रदान करने वाली होने से शरीर एवम् मन को उत्साहित रखने मे सहायक होती है। इसके साथ साथ विटामिन बी3, बायोटिन, कैल्शियम, ग्रेप सीडस एक्सट्रेक्ट, ओमेगा यह एवं बाकी मल्टी- विटामिन यह शरीर की ऊर्जा का स्त्रोत होने के कारण थकान को हटाकर शरीर की आवश्यकताओं को पूरा करके शरीर को पूरी तरह ऊर्जा प्रदान करने मे सहायक होता है। जिसके काल रोग की भागदौड़ भरी जीवन में शारीरिक एवम् मानसिक ऊर्जा भरपूर मिलती है. जिससे शरीर एवम् मन काम करके भी दुरुस्त तरोताजा रखने मेक् सहायता मिलती है. जिन व्यक्तियों को थकान, चाहे वह शारिरीक से या मानसिक होती है। काम में मन एवम् ऊर्जा नही लगता ऐसे लोगों को इसका सेवन अनुभवी वैरयों की सलाह से करसे घर बहुम अच्छा शारीरिक एवम् चित मानसीक फायदा लेकर शरीर मन तरोताजा होकर कार्यक्षमता बढ़ने मे सहायता मिल जाती है। जिससे पूरा दिन अच्छा होता है और स्वास्थ्य लाभ होते हुए देखा जा सकता है. तथापि इच्छुक व्यक्ति या रुग्ण जो कमजोरी तक थकान से ग्रस्त है वह व्यक्ति शिव शंकर आयुर्वेदिक अनुभवी की वैद्यो से औषधि ले सकते है.






**शिवशंकर आयुर्वेद एजन्सी**

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में (0712) 2567747, 2536077 इन दूरध्वनी क्रमांको पर संपर्क स्थापित करें


**नागपुर मेट्रो समाचार :** फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

# मुंबई में बनेगा डिटेंशन सेंटर, रखे जाएंगे बांग्लादेशी घुसपैठिये

> सीएम फडणवीस का विधानसभा में बड़ा ऐलान

**मुंबई.**

महाराष्ट्र विधानसभा ने शुक्रवार को राज्य में जेल प्रणाली में सुधार के लिए एक विधेयक पारित किया गया. इस विधेयक पर हुई बहस का जवाब देते हुए सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को डिटेंशन सेंटर में रखा जाएगा. इसके लिए मुंबई में बीएमसी से जमीन मांगी गई है. उन्होंने कहा कि चूंकि ये विदेशी नागरिक होते हैं. ऐसे में उन्हें जेल में नहीं रखा जा सकता है. इस कारण उन्हें डिटेंशन सेंटर में रखा जाएगा. सीएम फडणवीस ने कहा कि हाल के दिनों में हमने देखा है कि ड्रग मामले, अवैध प्रवेश मामले, अवैध बांग्लादेशी, वे सभी विदेशी नागरिक हैं और उन्हें सीधे हमारी जेलों में नहीं रखा जा सकता है. उन्हें डिटेंशन कैंप में रखा जाना चाहिए.

उन्होंने कहा कि बीएमसी ने हमें डिटेंशन कैंप बनाने के लिए जमीन दी है, लेकिन वह जमीन डिटेंशन कैंप के मानदंडों के अनुरूप नहीं है. इसलिए हमने बीएमसी से दूसरी जमीन मांगी



है. इसलिए, मुंबई में एक डिटेंशन सेंटर बनाया जाएगा. महाराष्ट्र विधानसभा में महाराष्ट्र कारागार एवं सुधार सेवा अधिनियम, 2024 ध्वनि मत से पारित हो गया. इस विधेयक पर हुई बहस का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह विधेयककेंद्र द्वारा राज्यों को भेजे गए मॉडल कारागार विधेयक, 2023 पर आधारित है. उन्होंने कहा कि मुंबई में एक उच्च सुरक्षा वाला कारागार एवं डिटेंशन सेंटर बनाया जाएगा. वहीं, पुणे में एक जेल बनाई जा रही है. यह कारागार दो मंजिला होगी. सीएम ने स्वीकार किया कि राज्य में जमानत पाने वाले 1,600 से अधिक आरोपियों के पास जमानत बांड का भुगतान करने के लिए पैसे नहीं है. इस कारण वे जेल में कैद का जीवन बीता रहे हैं.

### महिलाओं के लिए विशेष प्रावधान और पुनर्वास योजनाएं

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र कारागार एवं सुधार सेवा अधिनियम, 2024 में महिलाओं के लिए खुली कारागार, विशेष कारागार, अस्थायी कारागार और खुली कॉलोनी जैसी कारागार के प्रावधान हैं. फडणवीस ने कहा कि खुली कारागार एवं खुली कालोनियां पूर्व जेल कैदियों को उनकी रिहाई के बाद पुनर्वास एवं पुनः एकीकरण में मदद करेंगी. विधेयक में 'कारागार एवं सुधार कारागार बल' के गठन का भी प्रावधान है.यह कारागार दो मंजिला होगी. सीएम ने स्वीकार किया कि राज्य में जमानत पाने वाले 1,600 से अधिक आरोपियों के पास जमानत बांड का भुगतान करने के लिए पैसे नहीं है. इस कारण वे जेल में कैद का जीवन बीता रहे हैं.

# शरद पवार ने मस्साजोग के ग्रामीणों के सामने रखी मांग


**बीड.**

बीड के मस्साजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मामले ने महाराष्ट्र को हिलाकर रख दिया है। इस घटना का पूरे राज्य में गहरा असर हो रहा है. इसका असर महाराष्ट्र की विधानसभा और संसद पर भी पड़ा है. शरद पवार की एनसीपी विधायकों ने इस मुद्दे को महाराष्ट्र विधानसभा में उठाया, जबकि सांसदों ने लोकसभा में इस मुद्दे को उठाया और न्याय की मांग की। इस बीच, एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार बीड सांसद बजरंग सोनावणे, सांसद नीलेश लंका और विधायक संदीप क्षीरसागर के साथ मसजोग गांव में दाखिल हुए। यहां पवार ने ग्रामीणों से बातचीत की और उनका हौसला बढ़ाया. पवार ने यह भी कहा कि वह संतोष देशमुख



को न्याय दिलाने की कोशिश करेंगे. उन्होंने यह भी कहा कि जब तक इस मामले के मुख्य सरगना को सजा नहीं मिल जाती, तब तक हमारे शीलदार चैन से नहीं बैठेंगे.

शरद पवार ने कहा,''नीलेश लंका और बजरंग सोनावणे ने संसद में बीड का मुद्दा उठाया. जिसे देखकर देश का मीडिया पूछने लगा है कि इस देश में, इस राज्य में क्या चल रहा है? आपके जन-प्रतिनिधियों ने आपके दुख को वहीं रखा है, जहां उसे होना चाहिए। अब सरकार को इसकी गहराई में जाना चाहिए. इसका मुख्य सूत्रधार कौन है, इस पर सवाल उठना चाहिए। हमलावर के बारे में और वह किससे बातचीत कर रहा था, सारी जानकारी निकाली जानी चाहिए. स्थिति को सामने लाना चाहिए. लोकसभा में जो काम सांसद बजरंग सोनावणे और सांसद नीलेश लंका ने किया वही काम बीड विधायक संदीप क्षीरसागर ने किया. हमारे विधायक जीतेंद्र अवध ने भी विधानसभा में संतोष देशमुख की हत्या का मामला उठाया. क्षीरसागर और अवध ने इस मुद्दे को विधान सभा में उठाया, बिना यह सोचे कि वे किस जाति, किस समुदाय से हैं, किस निर्वाचन क्षेत्र से हैं। एक बात जो उन्होंने मुख्य रूप से कही वह यह कि जन प्रतिनिधियों ने इसके पीछे का मास्टरमाइंड कौन है उसे सबके सामने लाने की मांग की है.'



# 'नीलकमल' नाव के यात्री लाइसेंस निलंबित

> मुंबई मैरीटाइम बोर्ड की सख्त कार्रवाई

**मुंबई.** गेटवे ऑफ इंडिया से घारापुरी जा रही 'नीलकमल' नाव में बुधवार को हुए हादसे की जांच के दौरान यह साफ हो गया कि नाव में क्षमता से ज्यादा यात्री सवार थे. इसे गंभीरता से लेते हुए मुंबई मैरीटाइम बोर्ड ने आखिरकार 'नीलकमल' नाव के यात्री लाइसेंस, पंजीकरण प्रमाणपत्र और सर्वेक्षण प्रमाणपत्र को निलंबित कर दिया है। साथ ही, बोट मास्टर जो नाव के डेक के लिए जिम्मेदार है और इंजन ड्राइवर जो इंजन के लिए जिम्मेदार है, की फिलहाल जांच की जा रही है। इन पर क्षमता से अधिक यात्रियों को ले जाने का भी आरोप है और जांच के बाद मैरीटाइम बोर्ड ने इन दोनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और उनके लाइसेंस प्रमाणपत्र निलंबित करने के संकेत दिए हैं।

बुधवार को एक दुर्घटना में चौदह लोगों की मौत हो गई जब घारापुरी के पास नौसेना की एक स्पीड बोट एक यात्री नाव से टकरा गई। इससे जल परिवहन की सुरक्षा का सवाल खड़ा हो गया है. यह हादसा उस वक्त हुआ जब 'नीलकमल' नाव को नौसेना की एक नाव ने टक्कर मार दी। हालांकि, मैरीटाइम बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि 'नीलकमल' नाव पर चालक दल द्वारा यात्री यातायात से संबंधित नियमों का उल्लंघन किया गया था। 'नीलकमल' नाव की यात्री क्षमता 80 यात्रियों और छह चालक दल के सदस्यों की थी। वहीं, अधिकारियों ने यह भी कहा कि यह स्पष्ट है कि दुर्घटना के दौरान इस नाव पर कुल 110 यात्री और 5 चालक दल के सदस्य थे। अधिकारियों ने यह भी कहा कि मामला गंभीर होने के कारण नीलकमल नाव का यात्री लाइसेंस, पंजीकरण प्रमाणपत्र और सर्वेक्षण प्रमाणपत्र बुधवार को निलंबित कर दिया गया. किसी भी नाव पर यात्रियों को ले जाने के लिए ये तीनों प्रमाणपत्र बहुत महत्वपूर्ण हैं। इन तीनों प्रमाणपत्रों के रद्द होने से 'नीलकमल' नाव के मालिक के खिलाफ यह एक अहम कार्रवाई मानी जा रही है. यह भी कहा जा रहा है कि इस कार्रवाई से जल यातायात से जुड़े नियमों का उल्लंघन करने वालों पर गाज गिरेगी.

दूसरी ओर, मैरीटाइम बोर्ड ने यात्री क्षमता नियमों का उल्लंघन करने पर मालिक के खिलाफ यह कार्रवाई करते हुए नाव मालिक और इंजन चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का फैसला किया है। इसके मुताबिक दोनों से पूछताछ जारी है. नाव का मालिक नाव का मालिक है. नाव मास्टर पूरी नाव और डेक के लिए जिम्मेदार होता है। इंजन की जिम्मेदारी इंजन चालक की होती है। क्षमता के अनुसार यात्रियों को नाव में बैठाने की पूरी जिम्मेदारी इन दोनों की होती है. लेकिन चूंकि 'नीलकमल' नाव में अधिक यात्रियों को ले जाया गया था, इसलिए दोनों की जांच की जा रही है। अधिकारियों ने यह भी कहा कि जांच के बाद दोनों का लाइसेंस प्रमाणपत्र निलंबित करने की कार्रवाई की जायेगी. बोट मास्टर और इंजन ड्राइवर के रूप में काम करने के लिए बॉम्बे मैरीटाइम बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण करना और लाइसेंस प्रमाणपत्र प्राप्त करना आवश्यक है।

## पुलिस की सतर्कता से बच गई 26 छात्रों की जान


**कल्याण.** उल्हासनगर से 26 छात्र एथलीटों को विरार ले जा रही निजी बस के ड्राइवर ने शराब पी रखी थी. इस बस का ड्राइवर शुक्रवार को उल्हासनगर से निकल रहा था और कल्याण शहर से बस ले रहा था. कल्याण में ट्रैफिक पुलिस ने देखा कि बस ड्राइवर पागलों की तरह बस चला रहा था. पुलिस ने तुरंत बस को रोका और बस चालक का अल्कोहल परीक्षण किया। पुलिस ने देखा कि ड्राइवर ने शराब पी रखी है. ट्रैफिक पुलिस ने आशंका जताई कि अगर बस ड्राइवर नशे की हालत में बस को विरार ले जाने की कोशिश करता तो रास्ते में हादसा होने की आशंका थी. कल्याण परिवहन विभाग के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजेश शिरसाट ने बताया कि पुलिस ने तुरंत बस चालक को बस से उतार दिया और शराब पीकर बस चलाने के लिए उस पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया। ट्रैफिक पुलिस के मुताबिक, उल्हासनगर से एक निजी बस जग्गू अकादमी के 26 छात्रों को विरार में फुटबॉल खेलने के लिए ले जा रही थी। विरार के ग्लोबल स्कूल में फुटबॉल प्रतियोगिताएं हुईं।

# लिफ्ट में घुसकर टीचर की हथौड़े से पिटाई

**पिंपरी.**

लगातार कार्रवाई के बावजूद कोयता गिरोह लगातार फल-फूल रहा है और अब कोयता की जगह हथौड़ा ने ले ली है. जूनी सांगवी में एक घटना घटी जब एक शिक्षिका लिफ्ट से जा रही थी तभी लिफ्ट में किसी ने आकर उनके सिर पर हथौड़े से वार कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया और उनके गले से सोने की चेन छीन ली.

घायल शिक्षक ने सांगवी पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है. सांगवी के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश बनसोडे के मुताबिक, आरोपी शिक्षक प्राइवेट ट्यूशन पढ़ता है. वे घर जाकर विद्यार्थियों को पढ़ाते भी हैं। गुरुवार की शाम करीब चार बजे वादी शिक्षिका रोज की तरह पलाडे निवास स्थित एक परिवार के बच्चे को पढ़ाने जा रही थी. संबंधित छात्रों



की मां और वादी शिक्षक इमारत की पार्किंग में लिफ्ट में गए। इसी दौरान आरोपी अचानक उनके पीछे लिफ्ट में आ गया. उसने शिक्षिका के सिर, पीठ और कंधे पर हथौड़े से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया. इसके बाद शिक्षिका के गले से करीब 60 हजार रुपये कीमत की डेढ़ तोला वजनी सोने की चेन जबरदस्ती छीनकर फैला दी। पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी खंगाले. आरोपी सीसीटीवी में कैद हो गया है. उसके आधार पर पुलिस सर्च अभियान चला रही है. सहायक पुलिस निरीक्षक कलगुटके जांच कर रहे हैं.


यह घटना चाकन के मार्केट यार्ड चौक पर हुई जब लड़की ने अपने दोस्त से शादी के बारे में पूछा और दोस्त ने उसके सिर पर हथौड़े से वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल लड़की ने चाकण पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है. अभिषेक हेमंत लेंडघर (उम्र 24, निवासी चाकण) के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। वादी तरूणी और अभिषेक दोस्त हैं। लड़की ने अभिषेक से शादी के बारे में पूछा. इसके बाद अभिषेक ने शादी से इनकार कर दिया और हथौड़े से उसके सिर और हाथ पर वार कर दिया. इसके बाद उसने लड़की की कार पर हथौड़े से वार कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया. जब युवती को दर्द होने लगा तो वह अस्पताल पहुंची, जहां आरोपियों ने युवती की पिटाई कर दी. पुलिस कांस्टेबल रेंगने की जांच कर रहे हैं।

## ससुर ने दामाद पर फेंका तेजाब

**कल्याण.**

कल्याण में हैरान करने वाला मामला सामने आया है. शादी के बाद बेटी को घुमाने के लिए उसके पिता ने अपने दामाद से मक्का मदीना जाने को कहा. नया नवेला दामाद कश्मीर जाना चाहता था. इसी बात पर दोनों में विवाद हो गया. गुस्साए सुसर ने अपने दामाद पर तेजाब फेंक दिया, जिससे दामाद गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है.घटना कल्याण पश्चिम इलाके की है. जानकारी के मुताबिक, यहां के रहने वाले इबाद की शादी एक महीने पहले इसी इलाके के जकी की बेटी से हुई थी. शादी के बाद दोनों पति पत्नी बाहर घूमने का प्लान बना रहे थे.

जकी ने अपने दामाद इबाद से उमरा करने के लिए मक्का मदीना जाने को कहा. लेकिन इबाद कश्मीर जाना चाहता था. इसी बात पर दोनों के कहासुनी हुई. इस बात को लेकर कई बार दोनों के बीच विवाद हुआ. इबाद अपने ससुर की बात मानने को तैयार नहीं था. वह कश्मीर जाने की जिद पर अदा हुआ था. इसी बात को



लेकर ससुर जकी का पारा चढ़ गया. वह गुस्से में तेजाब लेकर इबाद के पास पहुंचा.

इबाद लालचौकी इलाके से अपने घर की ओर जा रहा था. तभी रिक्शे से जकी वहां पहुंचा. उसने तेजाब से उसपर हमला कर दिया. तेजाब गिरते ही इबाद बुरी तरह चिल्लाने लगा. वह गंभीर रूप से घायल हो गया. हमला करने के बाद जकी मौके से फरार हो गया. स्थानीय लोगों ने घायल इबाद को अस्पताल मेंभर्तीकरायाहै.

हालांकि इस मामले की शिकायत मिलने पर पुलिस जांच जुट गई है. एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कल्याण पश्चिम इलाके में एक युवक पर तेजाब फेंके जाने का मामला सामने आया है. शिकायत करने वाले ने अपने रिश्तेदार पर ही आरोप लगाया है. स्थानीय पुलिस इस पूरे मामले में जांच कर रही है. जांच में आरोपी पाए जाने वाले शख्स के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी.


## बच्चे ने 3 साल की मासूम से की गंदी हरकत

**पुणे.** एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है. यहां एक 9 साल के लड़के ने 3 साल की बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न किया. मामले सामने आते बच्ची के परिवार वाले सन्न रह गए. उन्होंने तुरंत पुलिस स्टेशन में आरोपी लड़के के शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए आरोपी लड़के को गिरफ्तार करके किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) के समक्ष पेश किया गया, जहां से लड़के को जमानत मिल गई है.

पुणे के कोढंवा इलाके में एक 9 साल के लड़के ने सोशल मीडिया वीडियो से प्रभावित होकर 3 साल की बच्ची का यौन उत्पीड़न किया. आरोपी और पीड़ित परिवार एक ही मोहल्ले में रहते है और दोनों ही परिवार में आपस गहरे संबंध थे. दोनों परिवारों का एक दूसरे के घर आना-जाना था. आरोपी लड़का और बच्ची घर के बाहर खेल रही थी. इसी बीच आरोपी बच्ची को अपने एक सुनसान इलाके में ले गया और फिर उसके साथ गलत हरकत करने लगा था. रिपोर्ट के मुताबिक,



बच्ची आरोपी लड़के को दादा (भाई) कहती थी. घर आकर बच्ची ने अपनी आपबीती मां को बताई. बच्ची के साथ दुष्कर्म की जानकारी होते ही मां के पैरों तले जमीन खिसक गई. उन्होंने तुरंत पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी. बच्ची के साथ दुष्कर्म की जानकारी होते ही पुलिस ने आनन-फानन में शिकायत दर्ज कर तीसरी क्लास में पढ़ने वाले आरोपी लड़के को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस आरोपी को लेकर किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) के सामने लेकर पहुंची, जहां से कोर्ट ने आरोपी लड़के को जमानत देते हुए मां-बाप को सौंप दिया. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ यौन उत्पीड़न और मारपीट का मामला दर्ज किया गया है. पुलिस की पूछताछ में युवक ने बताया कि उसने सोशल मीडिया से प्रभावित होकर इस तरह की घटना को अंजाम दिया था.



## राजहंस का निवास स्थान संरक्षित किया जाएगा?

**ठाणे.** राज्य सरकार द्वारा नियुक्त वरिष्ठ विशेषज्ञ अधिकारियों की समिति ने कंडल वन विभाग को स्पष्ट निर्देश दिया है कि पाम पर एक रणनीतिक स्थान पर स्थित डीपीएस तालाब में किसी भी परिस्थिति में खाड़ी से आने वाले पानी का प्रवाह अवरुद्ध नहीं किया जाना चाहिए। नवी मुंबई में बीच रोड. समिति ने यह भी जांच करने के निर्देश दिये हैं कि झील को संरक्षित क्षेत्र घोषित किया जा सकता है या नहीं. यह दावा करते हुए कि डीपीएस स्कूल के पीछे की यह जमीन मूल रूप से एक आर्द्रभूमि नहीं है, सरकारी अधिकारी इस बड़े भूखंड को बिल्डरों को बेचने के लिए चले गए थे। इस पृष्ठभूमि में सरकार द्वारा नियुक्त समिति के ये निर्देश महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं.

# आवारा कुत्तों के हमले में बच्चा गंभीर घायल

**पुणे.**
अंबेगांव पठार में एक छोटे लड़के पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया और उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। शहर में आवारा कुत्तों की समस्या दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है, हर महीने औसतन दो हजार आवारा कुत्तों के काटने के मामले हो रहे हैं. नागरिकों की मांग है कि नगर निगम प्रशासन आवारा कुत्तों की समस्या पर गंभीरता से विचार करे. अंबेगांव पठार में शुक्रवार सुबह पार्किंग में खेलते समय एक छोटे लड़के पर दो से तीन आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया। यह घटना भारती यूनिवर्सिटी के पीछे चंद्रांगन सोसायटी में हुई। हमले में घायल लड़के का भारती यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है. स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम ने इस घटना का संज्ञान लिया है और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है.



बच्चे पर कुत्ते के हमले की इस घटना के बाद स्थानीय नागरिकों ने एक निजी कुत्ता बचाव दल को बुलाया. साथ ही स्थानीय नागरिक भी आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए सड़कों पर उतर आए. कुछ कुत्तों को पकड़कर नगर निगम को सौंप दिया गया। पिछले कुछ महीनों से इस इलाके में आवारा कुत्तों की समस्या बढ़ गई है और स्थानीय नागरिकों की मांग है कि प्रशासन इस घटना को गंभीरता से ले और तुरंत कार्रवाई करे.

अंबेगांव पठार क्षेत्र में पिछले महीने 30 कुत्तों का टीकाकरण और ऑपरेशन किया गया है। इसके अलावा, आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए दो अलग-अलग कारों और टीकाकरण के लिए एक कार की व्यवस्था की गई है, डॉ. ने बताया। सारिका फंडे-भोसले द्वारा दिया गया।

शहर के कई हिस्सों में आवारा कुत्तों की समस्या गंभीर होती जा रही है. इससे नागरिकों को जान हथेली पर लेकर सड़क पर चलना पड़ रहा है. नगर निगम की योजना आवारा कुत्तों को पकड़कर उनकी नसबंदी करने की है। भोसले ने कहा, 24 अप्रैल से 24 नवंबर तक आठ महीने की अवधि के दौरान, नगर निगम ने 16 हजार 479 कुत्तों को पकड़ा, उनकी नसबंदी की और उनका टीकाकरण किया।

शिवसेना (ठाकरे गुट) के वसंत मोरे ने घटना पर गहरी चिंता व्यक्त की. उन्होंने कहा कि नगर आयुक्त डॉ. राजेंद्र भोसले को एक बयान देकर आवारा कुत्तों के बंदोबस्त के साथ डॉग पार्क और डॉग शेल्टर का काम कराने की मांग की गई है.

### आज का राशिफल

मेष - जातकों के लिए कल दिन इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा. आपको अपने घरेलू कामों पर पूरा ध्यान देना होगा.

वृषभ - जातकों के लिए दिन आनंदमय रहने वाला है. आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी. आप अपने फिजूल के खर्चों को बढ़ा सकते हैं.

मिथुन- जातकों के लिए कल दिन सुख सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा. आपके घर किसी नये मेहमान का आगमन हो सकता है, जिससे माहौल खुशनुमा रहेगा.

कर्क -दिन व्यस्तता भरा रहने वाला है. आप अपनी जिम्मेदारियां को बखूबी निभाएंगे और किसी से यदि कोई कर्ज लिया था, तो उसे भी उतारने में सफल रहेंगे.

सिंह - शीघ्रता व भावुकता में कोई निर्णय लेने से बचना होगा. यदि किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो आप अवश्य करें.

कन्या - जातकों के लिए दिन रचनात्मक क्षमता को बढ़ाने वाला रहेगा. आपकी कला कौशल में सुधार आएगा. आपको अपने विरोधियों से सतर्क रहना होगा.

तुला -आज दिन सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा. आपकी कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात होगी.

वृश्चिक - आज कल दिन मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है. बच्चों के साथ आप समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे.

धनु -जातकों की नेतृत्व क्षमता बढ़ेगी. आप अपने आवश्यक कामों को कल पर टालने की कोशिश ना करें. यदि आपने धन संचय करने का सोचा था

मकर -जातकों के लिए दिन मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है. आपको पारिवारिक मुद्दों में ढील देने से बचना होगा.

कुंभ -आज दिन मिला-जुला रहने वाला है. आपको यदि कोई शारीरिक कष्ट लंबे समय से चल रहा था, तो उसमें भी काफी हद तक राहत मिलेगी.

मीन -आज दिन मेहनत से काम करने के लिए रहेगा. आपको अपने विरोधियों से सतर्क रहना होगा. साझेदारी में कोई काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा.

# शिवसेना यूबीटी अकेले लड़ेगी बीएमसी चुनाव!

> संजय राउत ने कही बड़ी बात

**मुंबई.**

जहां एक तरफ महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में महायुति की शानदार जीत के बाद से महाविकास अघाड़ी में शामिल दलों के बीच इसको लेकर सियासी घमासान तेज है। वहीं अब बीएमसी चुनाव को लेकर भी ताप बढ़ गया है। दरअसल विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद से ही शिवसेना और उद्धव ठाकरे नजर अब बृहन्मुंबई नगर पालिका चुनाव पर है। इस बीच चर्चा गर्म है कि शिवसेना यूबीटी एमवीए में सहयोगी कांग्रेस से अलग होकर चुनाव मैदान में उतरेगी। जिसका आज संजय राउत ने भी संकेत दिया है।

शनिवार को शिवसेना (उद्धव



बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने संकेत दिया कि उनकी पार्टी बृहन्मुंबई महानगरपालिका का चुनाव अकेले लड़ सकती है। आज राउत ने पत्रकारों से कहा कि, पार्टी कार्यकर्ता स्थानीय निकाय चुनावों में संगठन के अकेले लड़ने पर जोर दे रहे हैं क्योंकि लोकसभा या राज्य विधानसभा चुनावों की तुलना में इस बार दावेदार अधिक हैं।

इस बाबत उन्होंने कहा कि, ''उद्धव ठाकरे और अन्य पार्टी नेताओं के बीच बीएमसी चुनाव (अकेले लड़ने को लेकर) बातचीत जारी है। कार्यकर्ता चाहते हैं कि पार्टी अकेले चुनाव लड़े।''

### राउत का दावा मुंबई को जीतना जरूरी

अगर हमें मुंबई में (विधानसभा चुनावों के दौरान) लड़ने के लिए और सीट मिलतीं तो हम उन्हें जीत लेते।" राउत ने दावा किया कि मुंबई को जीतना जरूरी है, अन्यथा यह शहर महाराष्ट्र से अलग हो जाएगा। यहां तक कि जब (अविभाजित) शिवसेना का भाजपा के साथ गठबंधन था तब भी हमने बीएमसी और अन्य नगर निकाय चुनाव स्वतंत्र रूप से लड़े थे। हम ऐसा करने के तरीके खोजने की कोशिश कर रहे हैं। पुणे, पिंपरी-चिंचवड और नासिक नगर निकायों में एमवीए बरकरार रहेगा।"

जानकारी दें कि,बीएमसी को शिवसेना का हमेशा से गढ़ माना जाता रहा है। ऐसे में यदि महायुति से अब बीएमसी का चुनाव बी हारते तो असली शिवसेना की लड़ाई में वे उद्धव ठाकरे काफी पीछे हो जाएंगे।

जानकारी दें कि, बीएमसी पर अविभाजित शिवसेना का 1997 से 2022 तक लगातार 25 वर्ष नियंत्रण था। बीएमसी के पिछले निर्वाचित प्रतिनिधियों का कार्यकाल मार्च 2022 की शुरुआत में समाप्त हो गया था। राउत ने कहा कि मुंबई में पार्टी की ताकत निर्विवाद है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बीते सप्ताह कहा था कि शिवसेना अगले साल होने वाले बीएमसी चुनाव सत्तारूढ़ महायुति के तहत लड़ेगी। शिवसेना प्रमुख शिंदे ने कहा था, ''बीएमसी चुनाव सभी 227 नगर निगम वार्ड में महायुति (गठबंधन) के रूप में लड़ा जाएगा।'' भाजपा, शिवसेना और एनसीपी महायुति गठबंधन का हिस्सा हैं।



# अनधिकृत निर्माण पर नगर निगम की कार्रवाई

**वसई.** अनाधिकृत निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई न करने की बढ़ती शिकायतों के चलते आखिरकार मनपा के अतिक्रमण विभाग ने कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है. गुरुवार से शुरू हुई इस कार्रवाई में अब तक डेढ़ लाख वर्ग फीट के अनाधिकृत निर्माण को ढहा दिया गया है.वसई विरार शहर में जगह-जगह बड़ी संख्या में अनाधिकृत निर्माण किए जाने लगे हैं, खासकर बैठक कक्ष में औद्योगिक किस्म के निर्माण कार्य गुरुवार से शुरू हो गए हैं।

गुरुवार को पहले दिन वार्ड समिति जी में ससुनवघर सर्वे नंबर 175 पर 25 हजार वर्ग फीट के तीन प्लॉट, कामां आयशा कंपाउंड में 60 हजार वर्ग फीट के 7 प्लॉट और 85 हजार वर्ग फीट के अनाधिकृत निर्माण को तोड़ा गया. शुक्रवार को नगर पालिका ने लगातार दूसरे दिन भी कार्रवाई जारी रखी।

मध्य रेलवे
नागपुर डिवीजन
एसएलआर के अर्जन और पट्टे के अनुबंध के लिए ई-नीलामी
निविदा सूचना सं.
एनजीपी/सी/152/ई-नीलामी/80/22
1.एनजीपी-पीएलएस-एसएलआर-04/05 एसएलआर यूनिट ट्रेन संख्या 12136, 22137 और 12290 प्रारंभ तिथि 10/01/2025 15:00 बजे / समाप्ति तिथि 10/01/2025 16:10 बजे।
SUN 412 एसीएम (जनरल एवं कैटेगरी), नागपुर
DOWNLOAD UTS APP FOR TICKETS

हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, रविवार, 22 दिसंबर 2024

# जिला चंद्रपुर-गढ़चिरोली



## दो कट्टर माओवादियों ने किया पुलिस बल और सीआरपीएफ के सामने आत्मसमर्पण




**गढ़चिरोली.** इनमें से एक पिछले 30 वर्षों से माओवादी संगठन में सक्रिय रुप से शामिल था। महाराष्ट्र सरकार ने घोषित किया था कुल 08 लाख रुपयों का ईनाम. वर्ष 2005 से सरकार द्वारा घोषित आत्मसमर्पण योजना के कारण और हिंसा के जिवन से तंग आकर वरिष्ठ माओवादीयों समेत कई कट्टर माओवादीयों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया हैं। साथ ही, आत्मसमर्पीत माओवादीयों के लिए पुलिस बल द्वारा चलाएं जाने वाले पुनर्वास योजना के चलते अबतक कुल 680 माओवादीयों ने गढचिरौली पुलिस बल के सामने आत्मसमर्पण किया हैं। आज तारिख 20 दिसंबर 2024 को 1) रामसु दुर्गु पोयाम ऊर्फ नरसिंग (ए.सी.एम), उम्र 55 वर्ष, र. गट्टानेली, ता. धानोरा, जि. गडचिरोली और 2) रमेश शामु कुंजाम ऊर्फ गोविंद ऊर्फ रोहित (दलम सदस्य), उम्र 25 वर्ष, रा. वेडमेट्टा, जि. नारायणपूर (छ.ग.) इन दो कट्टर माओवादीयोंने गढचिरौली पुलिस बल और सिआरपीएफ के सामने आत्मसमर्पण किया हैं।

**नाम- रामसु दुर्गु पोयाम ऊर्फ नरसिंग दलम में कार्यकाल**

>वर्ष 1992 में टिपागड़ दलम में सदस्य के रूप में भर्ती होकर वर्ष 1995 तक काम किया। >वर्ष 1995 से उसने काकुर दलम में रहकर वर्ष 1996 तक माओवादीयोंके प्रशिक्षण कार्यक्रमोकों सुरक्षा प्रदान करनें का काम किया। >उसने वर्ष 1996 से 1998 तक पुनः टिपागड़ दलम में काम किया। >वर्ष 1998 में उसे माड एरिया (छ.ग.) में स्थानांतरित कर दिया गया और उसने वर्ष 2001 तक सप्लाई टीम में काम किया।

> उसने वर्ष 2001 से 2002 तक प्रेस टीम में प्रशिक्षण के लिए काम किया। > वर्ष 2002 में वह एरिया कमेटी सदस्य (एसीएम) के पद पर रहा था। > वर्ष 2010 से अब तक, वह कुतुल और नेलनार दलम में एरिया कमेटी सदस्य (एसीएम) के पदपर कार्यरत था।

**कार्यकाल में किए अपराध**

रामसु दुर्गु पोयाम ऊर्फ नरसिंग पर आजतक कुल 12 अपराध दर्ज हैं। उसमे 06 मुठभेड, 05 हत्या, और 01 डकैती जैसे अपराध शामील है।

**नाम- रमेश शामु कुंजाम ऊर्फ गोविंद ऊर्फ रोहित**

>वर्ष 2019 में वह माओवादियों के लिए मिलिशिया के रूप में काम कर रहा था। > वर्ष 2020 में उसने चेतना नाट¬ मंच (सीएनएम) में सदस्य के रूप में भर्ती होकर काम किया। > वर्ष 2021 में कुतुल दलम में सदस्य के रूप में भर्ती होकर आजतक काम किया। > कार्यकाल में किए अपराध

>हिंसक घटनाओं में उनकी संलिप्तता की पुष्टि के लिए जांच चल रही है। गढचिरौली पुलिस बल द्वारा चलाए जाने वाले आक्रामक माओवादी विरोधी अभियानों के वजह से माओवादी गतिविधीयों की कमर तोड दी हैं। दलम में शामिल साथी सदस्यों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने के कारण और घर के सभी सदस्यों एवं रिश्तेदारों द्वारा आत्मसर्पण करने लिए लगातर प्रेरित किए जाने के कारण। दलम के वरिष्ठ नेता कहते हैं की, आंदोलन एवं लोगो के लिए पैस इकठ्ठा करना पडता हैं। वास्तव में इकठ्ठा किया गया पैसा वरिष्ठ माओवादी लोगो के विकास कार्य के लिए न करते हुए स्वयं के लिए इस्तेमाल करते हैं।

वरिष्ठ माओवादी नेता केवल अपने फायदे के लिए गरिब आदिवासी युवाओ ऊर्फ नरसिंग पर कुल 06 लाख रुपयों का इनाम घोषित किया था।

महाराष्ट्र सरकारने रमेश शामु कुंजाम ऊर्फ गोविंद ऊर्फ रोहित पर कुल 02 लाख रुपयों का इनाम घोषित किया था।आत्मसमर्पण के बाद पुनर्वसन के लिए केंद्र और राज्य सरकार की ओर से रामसु दुर्गु पोयाम ऊर्फ नरसिंग को कुल 4.5 लाख रुपयों का ईनाम घोषित किया हैं। आत्मसमर्पण के बाद पुनर्वसन के लिए केंद्र और राज्य सरकार की ओर से रमेश शामु कुंजाम ऊर्फ गोविंद ऊर्फ रोहित को कुल 4.5 लाख रुपयों का ईनाम घोषित किया हैं। गढ़चिरौली पुलिस बल द्वारा चलाए जाने वाले प्रभावी माओवादी विरोधी अभियान के कारण और सरकारने माओवादीयों कों आत्मसमर्पण का सुनहरा अवसर उपलब्ध करा देने के कारण सन्मानपुर्वक जीवन बिताने के लिए सिर्फ इस वर्ष कुल 20 कट्टर माओवादी सहित वर्ष 2022 से अबतक कुल 33 कट्टर माओवादीयों ने आत्मसमर्पण किया हैं। उक्त माओवादी के आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लाने की कार्यवाही श्री. संदीप पाटील, विशेष पुलिस महानिरीक्षक (नक्सल विरोधी अभियान) नागपुर, श्री. अंकित गोयल, पुलिस उपमहानिरीक्षक, गढचिरौली परिक्षेत्र, श्री. अजय कुमार शर्मा, पुलिस उप-महानिरीक्षक (अभियान) सीआरपीएफ, श्री. नीलोत्पल, पुलिस अधीक्षक गढचिरौली, श्री. सुजीत कुमार, प्रभारी समादेशक, 37 बटा. सिआरपीएफ के मार्गदर्शन में पुरी की गई हैं। साथ ही पुलिस अधीक्षक गढचिरौली श्री. नीलोत्पल ने आवाहन किया हैं.

## अमित शाह के बयान के खिलाफ प्रदर्शन

**चंद्रपुर.** गृहमंत्री अमित शाह के डॉ. बाबासाहब आंबेडकर के बारे में दिए गए कथित बयान के खिलाफ आज शनिवार 21 दिसंबर को चंद्रपुर जिला युवा सेना द्वारा जिला प्रमुख विक्रांत सहारे के नेतृत्व में जिला कलेक्टर कार्यालय, चंद्रपुर के सामने अमित शाह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया. युवा सेना जिला प्रमुख विक्रांत सहारे ने कहा कि संविधान निर्माता महापुरुष डॉ. बाबासाहब आंबेडकर का अपमान देशवासी बर्दाश्त नहीं करेंगे. आज बाबासाहेब के संविधान की वजह से ही नागरिकों को समान अधिकार प्राप्त हैं. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को तुरंत देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए, अन्यथा इस विरोध प्रदर्शन के दुष्परिणाम भविष्य में देखने को मिलेंगे. विरोध आंदोलनमें पूर्व जिला महिला संगठक कुसुम उदार, जिला संयोजक विनय धोबे, बालू भगत, प्रदीप गेडाम, सुजीत पेंडोर, तालुका प्रमुख सूरज शेंडे, शहर प्रमुख शाहबाज शेख, उप तालुका प्रमुख विवान रामटेके, उप शहर प्रमुख स्वप्निल पाटिल, तालुका संयोजक प्रज्वल आवले , नगर प्रमुख महेश श्रीगिरवार, सागर धनस्कर, सागर गभने, सागर रायपुरे, विशाल पाटिल, अभिजीत वाघाडे, पृथ्वी ठाकुर, धम्मदीप खोबरागड़े, सलमान शेख, राहुल पाटिल, शाहरुख शेख उपस्थित थे.




## बल्लारपुर में शहर कांग्रेस कमेटी का विरोध प्रदर्शन



**बल्लारपुर.** देश के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा डॉ. बाबासाहब अंबेडकर के बारे में दिए गए अपमानजनक बयान के विरोध में शहर एवं तालुका कांग्रेस कमेटी की ओर से आज शनिवार 21 दिसंबर की सुबह 11 बजे नगर परिषद चौक, डॉ. भीमराव आंबेडकर प्रतिमा के पास विरोध प्रदर्शन किया गया. प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने देश के गृहमंत्री के खिलाफ नारेबाजी की. इसके साथ ही राज्य के बीड और परभणी जिलों में हो रही घटनाओं और मुंबई कांग्रेस कमेटी कार्यालय में संघ से प्रेरित अराजकतावादियों द्वारा की गई तोड़फोड़ के खिलाफ भी विरोध प्रदर्शन किया गया.

विरोध आंदोलन में पूर्व नगराध्यक्ष घनश्याम मूलचंदानी, शहर अध्यक्ष अब्दुल करीम शेख, पूर्व नगराध्यक्ष दिलीप माकोडे, पूर्व गट नेता देवेंद्र आर्य, बबन मेश्राम ने संबांधित किया. इस समय भास्कर माकोडे, नरेश मुंदड़ा, नरसिंह रेब्बावार, इस्माइल ढाकवाला, प्राणेश अमराज, रवि कोडापे, तालुका अध्यक्ष गोविंदा उपरे वासुदेव येरगुडे, दीपक धोपटे, अयूब शेख, दौलत बुंदेल, कासीम शेख, कोरडे, सतीश करमनकर, वाजीद खान, मधुकर पोडे, वामन गौरकार, बाबूभाई, सादिक शेख, महेश सदाला, सुरेश बोपनवार, असलम शेख, आनंद रामटेके, समीर नागरे, करण कामटे, रक्षित क्रिष्णापेल्ली, रमेश लालवाणी, प्रतीम पाटिल, अनिल मारगोट्टीवार, अजय दुपारे, महिला अध्यक्ष अफसाना सैय्यद, सत्यशिला सालवे, अक्कूबाई, छाया शेंडे आदि प्रमुखता से उपस्थित थे.






## वेकोलि की भूमिगत खदानों को पर्यटन के लिए खोलें: जोरग़ेवार

**चंद्रपुर.**

भारतीय जनता पार्टी के विधायक किशोर जोरग़ेवार चंद्रपुर को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। यहां वे वन पर्यटन के साथ-साथ धार्मिक और औद्योगिक पर्यटन शुरू करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। आज उन्होंने वेकोली के सीएमडी कार्यालय में बैठक कर सीएमडी जयप्रकाश द्विवेदी से वेकोली की भूमिगत खदानों को पर्यटन के लिए खोलने की मांग की.

नागपुर के वेकोली के सीएमडी कार्यालय में हुई बैठक में विधायक किशोर जोरग़ेवार से विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई. इस मौके पर हिंद मजदूर सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवकुमार यादव मौजूद रहे.

चंद्रपुर जिला एक औद्योगिक जिला है और यहां कई उद्योग हैं। अत: औद्योगिक पर्यटन के माध्यम से इस जिले को पर्यटन का हब बनाया जा सकता है। विधायक किशोर जोरग़ेवार ने कहा कि, इसके लिए प्रयास चल रहे हैं. विधायक किशोर जोरग़ेवार ने विश्वास व्यक्त किया कि ताडोबा अभयारण्य में आने वाले पर्यटकों को न केवल ताडोबा को देखकर लौटना चाहिए , बल्कि अन्य ऐतिहासिक संरचनाओं , उद्योगों और प्राचीन धार्मिक स्थानों का भी दौरा करना चाहिए । इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और नागरिकों का जीवन स्तर ऊंचा उठेगा ।इस दौरान विधायक किशोर जोरग़ेवार ने सीएमडी जय प्रकाश द्विवेदी से भूमिगत खदानों को पर्यटन के लिए खोलने की मांग की. सीएमडी ने इस संबंध में सकारात्मकता दिखाई है और जल्द ही निर्णय लेने का वादा किया है. इसके अलावा , विधायक किशोर जोरग़ेवार ने वेकोली को सीएसआर फंड से दो उद्यान बनाने , जलाशय में नौकायन पर्यटन शुरू करने , तुकुम और लालपेठ में शवदाह के लिए जगह उपलब्ध कराने , लालपेठ और रयतवारी कोलियरी में दो सामाजिक भवन बनाने , ग्रामीण क्षेत्रों में जल एटीएम मशीनें स्थापित करने की मांग भी की गई. सीएमडी जयप्रकाश द्विवेदी ने कहा कि बैठक में इन सभी मांगों पर सकारात्मक चर्चा हुई और जल्द ही निर्णय लिया जाएगा .

## अज्ञात ट्रक और स्कूटी हादसे में दो घायल

**चंद्रपुर.** बामनी-बल्लारपुर मार्ग के निवलकर लॉन के सामने अज्ञात ट्रक ने स्कूटी सवारों को टक्कर मार दी, इस घटना में दोनों स्कूटी सवार घायल हो गये. घायल की रिपोर्ट के आधार पर बल्लारपुर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरु कर दी है.यह घटना गुरूवार 19 दिसंबर की रात 9.30 बजे घटी है. प्राप्त जानकारी के अनुसार मूलत: कोरपना तहसील के शेनगांव निवासी नितेश मोहबत कुडमेथे (23) वर्तमान में चंद्रपुर में गोलू मेश्राम के पुलिस क्वार्टर में रहकर पुलिस भरती की तैयारी कर रहा है. 19 दिसंबर की रात 8 बजे वह अपने गांव से गडचांदूर पहुंचा. वहां से उसे चंद्रपुर आना था. गडचांदूर में उसका मित्र करीम शेख रहता है उसके पास स्कूटी है और उसे चंद्रपुर जाना था. इसलिए दोनों स्कूटी में सवार होकर गडचांदूर से चंद्रपुर के लिए रवाना हुए. किंतु जब उनकी स्कूटी बल्लारपुर तहसील के निवलकर लॉन के पास से गुजर रही थी तो गुरुनानक कालेज के पास के पेट्रोल पंप से मुड रहे ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दी. टक्कर लगते ही दोनों जमीन पर गिर पडे और स्कूली चालक करीम शेख के सिर पर चोट लगी और नितेश के बायें कंधे और बाईं आंख में चोट लगी. स्कूटी को टक्कर मारकर ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया. लोगों ने तत्काल एम्बुलेंस बुलाकर दोनों को ग्रामीण अस्पताल बल्लारपुर में दाखिल किया है.




## बस और दुपहिया हादसे में दुपहिया सवार की मौत

### > कोरपना गढ़चांदुर हाईवे पर हादसा

**राजुरा, संतोष कुंदोजवार**



अचानक एक दुपहिया वाहन के सामने आने से बस चालक ने नियंत्रण खो दिया और दुपहिया वाहन और बस के बीच टक्कर हो गई, जिससे दुपहिया चालक की मौत हो गई और बस चालक और कुछ यात्री मामूली रूप से घायल हो गए।

राज्य परिवहन निगम की बस यात्रियों को कोरपना गढ़चांदूर के रास्ते किनवट से चंद्रपुर ले जा रही थी, तभी रास्ते में गोविंदपुर के पास अचानक एक दोपहिया वाहन के सामने आने से बस चालक ने नियंत्रण खो दिया और दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी


सूचना मिलते ही गड़चांदुर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए गड़चांदुर पहुंचाया, पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है.

# 'पुष्पा' में झुकेगा नहीं
## इस सीजन में धुआंधार कमाई



2021 में जब अल्लू अर्जुन की पहली पैन इंडिया फिल्म 'पुष्पा 1: द राइज' थिएटर्स में रिलीज हुई, तो तेलुगू स्टार की फिल्म का क्रेज हिंदी में देखकर काफी लोग हैरान थे. हैरान होने वालों को शायद ये आईडिया नहीं था कि अर्जुन की तेलुगु फिल्मों की हिंदी डबिंग ने टीवी के जरिए उन्हें हिंदी ऑडियंस के बीच कितना पॉपुलर बना दिया है. मगर अब 'पुष्पा 2: द रूल' से अल्लू अर्जुन के स्टारडम का ठप्पा हिंदी मार्किट पर हमेशा के लिए लग गया है. पहले ही दिन से जनता को जबरदस्त एंटरटेन कर रही 'पुष्पा 2' अब हिंदी बॉक्स ऑफिस पर सबसे बड़ी फिल्म बन गई है. और अल्लू अर्जुन ये कमाल करने वाले दूसरे साउथ स्टार बन गए हैं. उनसे पहले प्रभास की 'बाहुबली 2' हिंदी में सबसे कमाऊ फिल्म बनी थी. दूसरे हफ्ते में भी धुआंधार कमाई, पहले दिन से ही थिएटर्स में धमाका कर रही अल्लू अर्जुन की फिल्म ने शुरुआत में ही दिखा दिया था कि ये सच में एक बॉक्स ऑफिस वाइल्ड-फायर है. लेकिन फिल्म का क्रेज जनता में कितना सॉलिड है, ये पता चला दूसरे वीकेंड से. 'पुष्पा 2' ने वीकेंड (शुक्र-शनि-रवि) में 128 करोड़ का नेट कलेक्शन कर डाला, जो दूसरे वीकेंड में सबसे ज्यादा कमाई का रिकॉर्ड है. वर्किंग डे, सोमवार भी अर्जुन की फिल्म का कोई नुकसान नहीं कर सका और इसने 12वें दिन भी 20 करोड़ रुपये से ज्यादा कलेक्शन किया. मंगलवार को भी ऑलमोस्ट 20 करोड़ और बुधवार को 17 करोड़ के साथ 'पुष्पा 2' के हिंदी वर्जन का नेट कलेक्शन 618 करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया था. गुरुवार की ट्रेड रिपोर्ट्स में अनुमान बताते हैं कि 15वें दिन अल्लू अर्जुन की फिल्म ने हिंदी में लगभग 15 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. इस अनुमान के हिसाब से अब 'पुष्पा 2' (हिंदी) का टोटल नेट कलेक्शन 633 करोड़ रुपये के करीब हो गया है. दिलचस्प बात ये है कि 'स्त्री 2' ने 9 हफ्तों में 627 करोड़ कमाए थे, जिसे 'पुष्पा 2' ने मात्र 15 दिनों में पीछे छोड़ दिया है.

2024 में आई बॉलीवुड की हॉरर कॉमेडी 'स्त्री 2', शाहरुख खान की ब्लॉकबस्टर 'जवान' को पछाड़ते हुए हिंदी की सबसे बड़ी फिल्म बनी थी. श्रद्धा कपूर और राजकुमार राव की फिल्म ने 'जवान' के रिकॉर्ड 584 करोड़ को बड़े अंतर से पीछे छोड़ दिया था. मगर 'स्त्री 2' का रिकॉर्ड 6 महीने भी नहीं टिक सका और अब तेलुगू इंडस्ट्री की हिंदी डब फिल्म,



हिंदी फिल्म इंडस्ट्री कहलाने वाली बॉलीवुड फिल्म को पीछे छोड़कर, टॉप हिंदी फिल्म बन चुकी है. हिंदी की टॉप 5 फिल्में , 1. पुष्पा 2 - 633 करोड़ रुपये, 2. स्त्री 2 - 627 करोड़ रुपये 3. जवान - 584 करोड़ रुपये 4. गदर 2 - 525.70 करोड़ रुपये 5. पठान - 524.53 करोड़ रुपये सबसे बड़े पैन इंडिया स्टार में जाने वाले प्रभास की फिल्म 'बाहुबली 2' ने 2017 में हिंदी में सबसे बड़ा रिकॉर्ड बनाया था. ये 500 करोड़ से ज्यादा कमाने वाली पहली हिंदी फिल्म थी और 511 करोड़ के साथ 6 साल तक हिंदी की सबसे कमाऊ फिल्म बनी रही. बड़ी-बड़ी हिंदी फिल्में इसके करीब भी नहीं पहुंच पा रही थीं. 2023 में फाइनली शाहरुख खान के कमबैक के साथ प्रभास का रिकॉर्ड टूटा और 'पठान' ने 'बाहुबली 2' को पीछे छोड़ा. मगर अब अल्लू अर्जुन ने एक बार फिर से साउथ फिल्मों के हिंदी में दबदबे का भौकाल टाइट कर दिया है. अब देखना ये है कि बॉलीवुड 'पुष्पा 2' का रिकॉर्ड कितने दिन में तोड़ पाता है.

# 'गदर 3' में दिखेंगे नाना पाटेकर



☐ अनिल शर्मा की फिल्म 'वनवास' 20 दिसंबर को रिलीज हो चुकी है. फिल्म में उत्कर्ष शर्मा और नाना पाटेकर लीड रोल में नजर आए. इसी फिल्म के प्रमोशन में आजकल नाना पाटेकर अलग-अलग शोज में नजर आ रहे हैं. पिछले दिनों खबर थी कि अनिल शर्मा की ही अगली फिल्म 'गदर 3' में नाना पाटेकर बतौर विलेन काम करेंगे. जब इसपर नाना से सवाल किया गया तो उन्होंने खुलकर जवाब दिया. फिल्म 'वनवास' के प्रमोशन के दौरान नाना पाटेकर ने कई विषयों पर बात की. लल्लनटॉप को दिए एक इंटरव्यू में उनसे पूछा गया कि क्या वो 'गदर 3' में बतौर विलेन काम करेंगे या. इसके जवाब में उन्होंने ट्विस्ट के साथ बात की और कहा, "अब सनी देओल मुझे पिटेगा तो देख पाओगे?" तो सभी हंसने लगते हैं. नाना पाटेकर आगे कहते हैं, "नहीं ना...तो बस यही जवाब है. सनी देओल मुझे पटक-पटककर मारे अच्छा नहीं लगेगा स्क्रीन पर." इसके बाद नाना पाटेकर से कहा गया कि बतौर हीरो और विलेन सनी देओल के साथ उनकी जोड़ी पर्दे पर अच्छी लगेगी. इसपर नाना ने कहा कि नहीं जमेगी. रही बात सनी देओल के साथ काम करने की तो उन्होंने कहा कि कोई अच्छा प्रोजेक्ट मिला तो वो जरूर साथ में काम करेंगे. नाना पाटेकर ने 'गदर 3' की कहानी कैसी हो इसपर भी थोड़ा मजाकिया तौर पर बात की. नाना ने कहा, "कहानी कुछ उस तरह की होनी चाहिए कि मैं वहां का हूं, वो यहां का है. लड़ाई-झगड़े का मसला ही ना हो. खैर इसपर हम कभी और बात करेंगे." कुछ समय पहले डायरेक्टर अनिल शर्मा ने भी इस पर रिएक्ट किया था और बताया था कि क्या नाना 'गदर 3' में दिखेंगे या नहीं. उन्होंने कहा था कि अगर संभव हुआ तो वो नाना को उस फिल्म से जरूर जोड़ेंगे. 'वनवास' एक फैमिली ड्रामा फिल्म है. इसकी इसमें नाना पाटेकर और उत्कर्ष के साथ-साथ सिमरत कौर और राजपाल यादव जैसे कलाकार भी नजर आए हैं. ये फिल्म ओपनिंग डे पर कुछ खास कमा नहीं दिखा पाई है. सैनिलक के मुताबिक इस फिल्म ने पहले दिन 60 लाख रुपए का कलेक्शन किया है.

# 'तू झूठी मैं मक्कार' के लिए श्रद्धा ने की स्ट्रिक्ट डाइट

☐ इस फिल्म की खातिर श्रद्धा कपूर ने फॉलो की थी स्ट्रिक्ट डाइट, सलाद और सब्जियों पर गुजारे कई दिन बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर के लिए साल 2024 बेहद शानदार साबित हुआ. इस साल श्रद्धा ने अपने अब तक के करियर की सबसे बड़ी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रिलीज की. ये फिल्म को और नहीं बल्कि ब्लॉकबस्टर स्त्री 2 है, जिसने कमाई के मामले में कई बड़ी फिल्मों को पछाड़ दिया. श्रद्धा कपूर को जिम या योगा करते हुए नहीं देखा जाता, लेकिन वो अपनी फिटनेस को लेकर काफी सीरियस रहती हैं.

अपनी सादगी और फिटनेस के चलते श्रद्धा हमेशा चर्चा में रहती हैं. लेकिन कम लोग जानते हैं कि फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' की शूटिंग के दौरान श्रद्धा सलाद और सब्जियां ही खाया करती थीं. 'तू झूठी मैं मक्कार' की शूटिंग के वक्त श्रद्धा कपूर स्ट्रिक्ट डाइट फॉलो कर रही थीं. टाइम्स नाउ को दिए गए एक इंटरव्यू में, श्रद्धा कपूर की चचेरी बहन ज़ानाई भोसले (आशा भोसले की पोती) ने उनकी जर्नी के लिए अपनी तारीफ की. 'आशिकी 2' के प्रभाव को याद करते हुए उन्होंने बताया कि श्रद्धा की परफॉर्मेंस देखकर उन्हें कितना गर्व महसूस हुआ. तू झूठी मैं मक्कार में अपनी भूमिका पर विचार करते हुए, ज़ानाई ने स्वीकार किया कि यह एक इमोशनल पल था जिसने उनकी आंखों में आंसू आ गए थे. रणबीर



कपूर के साथ 'तू झूठी मैं मक्कार' में एक बिकनी गाने की तैयारी के दौरान श्रद्धा कपूर के डेडिकेशन को दर्शाते हुए, ज़ानाई भोसले ने एक डिनर का किस्सा शेयर किया. मिज़ू की मिलने के दौरान, श्रद्धा सिर्फ सलाद और सब्जियों का चयन करते हुए स्ट्रिक्ट वेजीटेरियन खाने पर अड़ी रहीं. ज़ानाई ने आगे बताया "मुझे याद है कि वह कुछ सलाद और सब्जियां खा रही थीं. उसने मुझसे कहा, 'तू झूठी मैं मक्कार' के लिए मुझे एक बिकनी गाना शूट करना है, इसलिए मुझे यह खाना खाना होगा.' 'तू झूठी मैं मक्कार' में श्रद्धा कपूर के साथ-साथ रणबीर कपूर भी लीड रोल में थे. दोनों की कैमिस्ट्री को काफी पसंद किया गया था. सैकनिल्क की रिपोर्ट की मानें तो श्रद्धा कपूर की इस फिल्म ने भारत में 175 करोड़ का टोटल कलेक्शन किया था. ये एक सुपरहिट फिल्म थी. फिल्म की कहानी को दर्शकों ने काफी पसंद किया था. वहीं श्रद्धा की फिटनेस और उनका ग्लैमरस अंदाज भी फैन्स को खूब भाया था.

# इस एक्टर से डरती थीं तमन्ना

☐ साउथ और बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री की फेमस एक्ट्रेस हैं तमन्ना भाटिया। उनके अभिनय और डांस के लोग दीवाने हैं। आज उनका बर्थडे है, इस मौके पर चलिए आपको बताते हैं कि वो किस एक्टर से डरती थीं और किसके साथ जुड़ा था उनका नाम। तमन्ना भाटिया ने 15 साल की उम्र में कामयाबी हासिल कर ली थी। उन्होंने हिंदी फिल्मों के साथ तमिल, तेलुगू और कन्नड़ सिनेमा में भी काम किया है। उनकी प्रसिद्धी का ऐसा आलम है कि वो आज एक फिल्म के 8-10 करोड़ चार्ज करती हैं। तमन्ना के पास करीब 120 करोड़ रुपये की कुल संपत्ति है।

अपनी अदाओं से सबको दीवाना बना देने वाली तमन्ना भाटिया एक एक्टर से बहुत डरती थीं। ये कोई और नहीं बॉलीवुड के एक्शन स्टार अजय देवगन हैं। दरअसल, तमन्ना ने अजय देवगन के साथ ही बॉलीवुड में वापसी की थी। फिल्म थी हिम्मतवाला जिसे साजिद खान ने डायरेक्ट किया था। जब तमन्ना भाटिया ने पहली बार अजय के साथ काम करने की खबर सुनी, तो वह बेहद उत्साहित हो गईं। मगर जब सेट पर उनकी पहली मुलाकात हुई, तो तमन्ना अजय देवगन के गंभीर व्यक्तित्व को देखकर घबरा गईं। तमन्ना ने एक इंटरव्यू में बताया था कि अजय देवगन के साथ पहली बार बातचीत करने में उन्हें 1 महीना लग गया था। अब उनका डर खत्म हो गया है और वो अब खूब बातें करते हैं। तमन्ना



इन दिनों एक्टर विजय वर्मा के साथ रिलेशनशिप में हैं। मगर उनसे पहले उनका नाम फेमस इंडियन क्रिकेटर से जुड़ चुका है। ये कोई और नहीं विराट कोहली हैं। कहा जाता है कि तमन्ना और विराट एक दूसरे को डेट कर चुके हैं। मगर तमन्ना इससे इत्तेफाक नहीं रखतीं, वो इस खबर को अफवाह बताती हैं, जबकि दोनों की एक साथ फोटो भी वायरल हुई थी। तब तमन्ना ने कहा था कि वो एक इवेंट की फोटो थी, जहां उनकी मुलाकात इंडियन टीम के स्टार क्रिकेटर विराट कोहली से हुई थी।

# 19 साल की उम्र में फेमस इंफ्लुएंसर की मौत

☐ 19 साल की उम्र में एक मशहूर इंफ्लुएंसर की मौत हो गई। इनका नाम था बेएंड्री बोयसेन। वो दक्षिण अफ्रीका के मशहूर टिकटॉक स्टार थे। उन्हें हचिंसन-गिलफोर्ड प्रोजेरिया सिंड्रोम नाम की दुर्लभ बीमारी थी। ये दुखद खबर उनकी मां बी. बोयसेन ने बुधवार को बेएंड्री को समर्पित एक फेसबुक पोस्ट के माध्यम से दी। इस पोस्ट में लिखा था- "यह बहुत दुख के साथ है कि हम दक्षिण अफ्रीका की सबसे प्रिय और प्रेरणादायक युवा महिलाओं में से एक बेएंड्री बोयसेन के निधन की घोषणा करते हैं।

बेएंड्री न केवल अपने जीवंत व्यक्तित्व और हंसमुख मिजाज के लिए जानी जाती थी, बल्कि दक्षिण अफ्रीका में प्रोजेरिया से पीड़ित आखिरी जीवित व्यक्ति के रूप में भी जानी जाती थी। बोयसेन परिवार इस अत्यंत कठिन समय के दौरान उनकी प्राइवेसी को बनाए रखने का अनुरोध करता है क्योंकि वे अपनी प्यारी बेएंड्री के खोने का शोक मना रहे हैं। ये वही बीमारी थी जिससे अमिताभ बच्चन



को फिल्म पा में पीड़ित दिखाया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, निधन से कुछ महीने पहले, बेएंड्री की सफल ओपन-हार्ट सर्जरी हुई थी और वह अपने माता-पिता के साथ छुट्टियां बिताने के लिए उत्सुक थी।

बेएंड्री ने टिक टॉक पर 269,200 से अधिक फॉलोअर्स हासिल कर लिए थे, जहां वह नियमित रूप से वीडियो शेयर करती थीं। उनके वीडियोज में अक्सर उन्हें सुनहरे बालों वाली विग पहने हुए पॉप गानों पर लिप-सिंक करते हुए देखा जाता था। ये वीडियो आते ही इंटरनेट पर वायरल हो जाते थे। उनके यूं चले जाने से फैंस भी दुखी हैं।

# अभिनव अरोड़ा ने यूट्यूबरों के खिलाफ दायर की याचिका



☐ 10 साल के आध्यात्मिक वक्ता अभिनव अरोड़ा के वकील पंकज आर्य ने सोशल मीडिया पर उनके मुवक्किल को ट्रोल करने के आरोप में यूट्यूबर्स के खिलाफ उत्तर प्रदेश के मथुरा में शिकायत दर्ज कराई है। इन्फ्लुएंसर अभिनव अरोड़ा का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील पंकज आर्य ने शनिवार को कहा कि ट्रोलिंग मामले में अगली सुनवाई 3 जनवरी को निर्धारित की गई है। आर्य ने न्यूज एजेंसी एएनआई को बताया, "आज कोर्ट में हमारी सुनवाई हुई। कानूनी कार्यवाही चल रही है। सुनवाई की अगली तारीख 3 जनवरी निर्धारित की गई है।" केस से संबंधित अधिक जानकारी देते हुए आर्य ने कहा, "अभिनव अरोड़ा और सनातन धर्म के खिलाफ कुछ लोगों ने अभियान शुरू किया है। हम इसके खिलाफ कोर्ट आए हैं। हम उन्हें नहीं छोड़ेंगे, चाहे हमें सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट ही क्यों न जाना पड़े। हमने इन यूट्यूबर्स के खिलाफ एफआईआर की मांग की है।" इससे पहले अक्टूबर में अभिनव के परिवार ने आरोप लगाया था कि उन्हें लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह से जान से मारने की धमकी मिली थी। एएनआई से बात करते हुए उनकी मां ज्योति अरोड़ा ने कहा कि अभिनव ने भक्ति के अलावा कुछ नहीं किया है और सवाल किया कि उसे इस तरह का उत्पीड़न क्यों सहना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, "सोशल मीडिया के ज़रिए हमें नीचा दिखाने के प्रयास किए जा रहे हैं। अभिनव ने ऐसा कुछ नहीं किया है जिसकी वजह से हमें धमकियां मिल रही हैं। अभिनव ने भक्ति के अलावा कुछ और नहीं किया है जिसकी वजह से उसे इतना कुछ सहना पड़ रहा है।" उन्होंने कहा, "हमें लॉरेंस बिश्नोई गैंग से एक संदेश मिला जिसमें हमें धमकी दी जा रही थी कि अभिनव को मार दिया जाएगा। हमें एक कॉल आया जिसे मैंने मिस कर दिया। हमें आज उसी नंबर से एक संदेश मिला कि वे अभिनव को मार देंगे।"

# रूपाली गांगुली के शो से रातोंरात कटा अभिनेत्री का पत्ता



☐ लोकप्रिय टीवी शो 'अनुपमा' बीते कुछ वक्त से अपनी स्टारकास्ट को लेकर भी खूब सुर्खियों में है। टीआरपी लिस्ट में टॉप पर रहने के बावजूद इसके कलाकार एक-एक कर शो छोड़ रहे हैं। वहीं, अब राही का किरदार निभाने वालीं अलीशा परवीन ने रूपाली गांगुली अभिनीत शो 'अनुपमा' से बाहर होने की पुष्टि की है। यह खबर अभिनेत्री के साथ-साथ प्रशंसकों के लिए भी चौंकाने वाली है। एक हालिया बयान में परवीन ने अपने अचानक रिप्लेसमेंट पर आश्चर्य जाहिर किया। उन्होंने कहा, 'यह चौंकाने वाला और निराशाजनक है। मुझे यकीन नहीं है कि वास्तव में क्या हुआ और मुझे क्यों रिप्लेस किया जा रहा है।' अचानक बाहर निकाले जाने के बावजूद परवीन को अपनी आगामी परियोजनाओं से काफी उम्मीदे हैं। परवीन ने साझा किया, 'कल मेरी एक बैठक हुई थी और मुझे इस फैसले के बारे में बताया गया। मुझे पूरी तरह से पता नहीं है लेकिन ऐसा कभी-कभी होता है। मैं अब अपनी भविष्य की परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करूंगी।'

परवीन ने इस मामले पर प्रकाश डालने के लिए इंस्टाग्राम का भी सहारा लिया। उन्होंने लिखा, 'मैंने अनुपमा शो नहीं छोड़ा। सब कुछ अच्छा था लेकिन मुझे नहीं पता कि अचानक ऐसा क्यों हुआ। यह मेरे लिए भी चौंकाने वाला था, लेकिन राही या आध्या को प्यार करने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।' उन्होंने आगे लिखा, 'मैं इस शो को दिल की गहराइयों से मिस करूंगी।' जानकारी हो कि सुधांशु पांडे, पारस कलनावत, गौरव खन्ना और मदालसा शर्मा जैसे कई महत्वपूर्ण कलाकार भी अब 'अनुपमा' का हिस्सा नहीं हैं। इस बीच, शो का ट्रैक प्रेम (खजुरिया) के बारे में है जो राही के प्रति अपने प्यार को कबूल करता है, जिससे नाटकीय घटनाओं की एक सीरीज शुरू होती है।

# माता-पिता के अलगाव पर अर्जुन ने दिया बयान
## 'मैं जब सबकुछ सह रहा था, तब पापा बड़ी फिल्मों में व्यस्त थे'

☐ अभिनेता अर्जुन कपूर अपने अभिनय और फिल्मों के साथ-साथ निजी जिंदगी को लेकर भी चर्चा में रहते हैं। फिल्मी परिवार से ताल्लुक रखने वाले अभिनेता कभी लव लाइफ तो कभी पारिवारिक मसलों के चलते सुर्खियों में रहते हैं। अर्जुन कपूर फिल्म निर्माता बोनी कपूर और मोना शौरी के बेटे हैं। अभिनेता की मां अब इस दुनिया में नहीं हैं। अर्जुन कपूर जब महज 10 साल के थे, तब उनके माता-पिता अलग हो गए थे। इस परिस्थिति का सामना उन्होंने कैसे किया? हाल ही में अर्जुन कपूर ने खुद बताया। बोनी कपूर और मोना शौरी का साल 1996 में तलाक हो गया। तब अर्जुन कपूर 10 साल के थे। उन्होंने उस वक्त को चुनौतीपूर्ण बताया। हाल ही में राज शमानी के साथ बातचीत में अर्जुन कपूर ने अपने उस वक्त के अनुभव साझा किए।



अर्जन कपूर ने बताया कि माता-पिता के रिश्ते में आई दरार ने उन्हें वक्त से पहले समझदार बना दिया। जब माता-पिता के अलग होने की स्थिति उनके लिए बेहद मुश्किल थी। अर्जुन कपूर ने कहा, 'मैं उस समय सिर्फ 10 साल का था। स्थिति का सामना कैसे किया? इस पर अभिनेता ने कहा, 'उस समय ऐसा नहीं लगा था कि इसका कोई स्थायी प्रभाव पड़ेगा, लेकिन पीछे मुड़कर देखने पर पता चलता है कि माता-पिता के अलगाव ने उनकी जिंदगी पर असर किया। अर्जुन कपूर ने बताया कि जिस वक्त उनके माता-पिता का तलाक हो रहा था, उनके पिता काम में बेहद व्यस्त थे, जिसका असर उनके रिश्तों पर पड़ा। अभिनेता ने बताया कि तब बोनी कपूर तो बड़ी फिल्मों को बनाने में व्यस्त थे। एक्टर ने कहा, 'जब वह सब चीजें हो रही थीं, उस वक्त मेरे पिता दो बड़ी फिल्मों में व्यस्त थे। वे 'प्रेम' और 'रूप की रानी चोरों का राजा' बना रहे थे। उनकी इस व्यस्तता ने बाप-बेटे के छोटे-छोटे पलों को खत्म कर दिया। जैसे कि वे मुझे स्कूल छोड़ने या लेकर आने जैसी चीजें नहीं कर पाए। उनके ऊपर फिल्में पूरा करने और जल्दी रिलीज करने का दबाव था'।

# सोशल मीडिया ट्रोलिंग का शिकार हुए कई एक्टर्स

☐ अगर फिल्मी सितारों के फैंस होते हैं, तो उनको नापसंद करने वाले लोग भी मौजूद रहते हैं। एक्टर्स को नापसंद करने वाले उन्हें सोशल मीडिया पर भी अकसर ट्रोल करते हैं। इस साल भी कई फिल्मी सितारे अलग-अलग कारणों से ट्रोलिंग का शिकार हुए। जानिए, कौन सा फिल्मी सितारा, किस वजह से सोशल मीडिया पर ट्रोल हुआ? इस साल सोनाक्षी सिन्हा अपने बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल से शादी के बंधन में बंध गईं। दोनों की इंटरफेथ मैरीज है, सोनाक्षी हिंदू हैं, वहीं जहीर मुस्लिम धर्म से संबंध रखते हैं। यही कारण था कि कई लोगों ने सोनाक्षी को सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल किया। सोनाक्षी ने सीधा तो ट्रोल करने वालों से जवाब नहीं दिया लेकिन एक आर्टिस्ट ने उनका वेडिंग रिसेप्शन का कॉर्टून इंस्टाग्राम पर बनाकर डाला था और अपनी पोस्ट पर लिखा था कि प्यार यूनिवर्सल रिलीजन है। साथ ही उस आर्टिस्ट ने सोनाक्षी और जहीर को शादी की शुभकामनाएं दी। इस पोस्ट को इंस्टाग्राम पर सोनाक्षी सिन्हा ने भी लाइक किया। एक्ट्रेस शोभिता को नागा चैतन्य से शादी करने के कारण ट्रोलिंग का शिकार होना पड़ा। नागा चैतन्य की पूर्व पत्नी और एक्ट्रेस सामंथा के फैंस ने शोभिता को ट्रोल किया। शोभिता पर तरह-तरह की बातें सोशल मीडिया पर कही गईं। अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय के अलगाव की अटकलों के बीच निम्रत कौर को ट्रोल होना पड़ा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म 'दसवीं' के दौरान ही मुख्य अभिनेता अभिषेक बच्चन और एक्ट्रेस निम्रत कौर के बीच अफेयर की अफवाह उड़ी थी। दरअसल, जब दोनों ने इस फिल्म का प्रमोशन किया तो इनके बीच अलग तरह की केमिस्ट्री नजर आई। धीरे-धीरे यह बातें सोशल मीडिया पर फैली और अभिषेक और निम्रत के अफेयर की अफवाहों को हवा मिलने लगीं। इसके बाद कई लोगों ने निम्रत कौर को खूब ट्रोल किया। निमरत ने भी इन बातों का जवाब दिया और कहा कि वह कुछ भी कहेगी, लोग फिर भी बातें बनाएंगे, इसलिए वह अपने काम पर ही फोकस कर रही है। अरशद वारसी को एक्टर प्रभास का 'कल्कि 2898 एडी' का किरदार पसंद नहीं आया, उन्होंने इस रोल को जोकर कह दिया है। इस वजह से अरशद सोशल मीडिया पर ट्रोल हुए।

# ऐश्वर्या और उनकी मां संग बेटी के स्कूल पहुंचे अभिषेक



☐ बॉलीवुड इंडस्ट्री के पॉपुलर कपल अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय के तलाक की अफवाहें आए दिन आती रहती हैं. हालांकि, ये कपल अक्सर साथ में नजर आता है. अब एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और लोगों का ध्यान खींच रहा है. दरअसल, ऐश्वर्या राय अपनी मां वृंदा राय के साथ बेटी आराध्या के स्कूल फंक्शन के लिए पहुंची थीं और उनके साथ अभिषेक बच्चन भी नजर आए. धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल जाते समय अभिषेक बच्चन के साथ ऐश्वर्या राय और उनकी मां कैमरे में कैद हुई हैं. इस कपल को फिर साथ में देखकर सोशल मीडिया पर तमाम यूजर्स रिएक्शन दे रहे हैं. आराध्या धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ती है और इस समय वहां पर एनुअल फंक्शन चल रहे हैं. इसमें तमाम स्टार्स के बच्चों ने परफॉर्म किया, जिसके वीडियोज और फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं. आराध्या के स्कूल के एनुअल फंक्शन के दूसरे दिन ऐश्वर्या राय अपनी मां वृंदा राय के साथ पहुंचीं और उनके साथ अभिषेक बच्चन भी नजर आए.

सास और दामाद के बीच काफी अच्छा बॉन्ड देखने को मिला. इस तरह से अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय को साथ में देखकर फैंस खुश हो गए और रिएक्शन दे रहे हैं. बताते चलें कि धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल के एनुअल फंक्शन के पहले दिन अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय नजर आए थे. वहीं, अमिताभ बच्चन भी स्कूल फंक्शन में दिखाई दिए थे. बता दें कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें शाहरुख खान अपनी फिल्म 'ओम शांति ओम' के गाने 'दीवानगी' डांस करते नजर आए. उनके साथ अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय भी थिरकती नजर आईं. इस कपल को साथ में देखकर एक बार फिर तलाक की अटकलें खारिज होती दिखीं.

# भाई ने कहा था- 'प्लीज मुझे बचा लो गुड़िया'





☐ सिंगर और रैपर हनी सिंह ने साल 2011 में शालिनी तलवार के साथ शादी की और दोनों का साल 2022 में तलाक हो गया था. हनी सिंह और शालिनी तलवार ने लव मैरिज की थी तो दोनों का तलाक काफी चर्चा में बना रहा था क्योंकि पत्नी ने रैपर पर घरेलू हिंसा के आरोप लगाए थे. अब हनी सिंह की डॉक्यूमेंट्री 'यो यो हनी सिंह फेमस' नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है. इसमें उनकी जिंदगी से जुड़ी कहानी दिखाई है. उनकी इस डाक्यूमेंट्री में फैमिली मेंबर्स ने खुलकर बात की है. हनी सिंह की बहन स्नेहा सिंह ने अपने भाई की एक्स वाइफ पर गंभीर आरोप लगाए हैं. हनी सिंह की बहन स्नेहा सिंह ने बताया कि जब शालिनी तलवार ने उनके भाई पर घरेलू हिंसा के आरोप लगाए थे तब परिवार के लिए कठिन समय से जूझ रहा था. वो लोग किस किस साबित करते. कोई भी उन लोगों पर विश्वास नहीं करता. बाहर की दुनिया बहुत क्रूर है और उस समय पुराने विवाद भी चल रहे थे. वहीं, स्नेहा सिंह ने अपने भाई हनी सिंह की एक्स वाइफ शालिनी तलवार पर गंभीर आरोप लगाए. उन्होंने बताया कि यूएसए टूर के समय हनी सिंह स्टेज पर जाने से मना कर रहे थे लेकिन शालिनी ने उन पर जबरदस्त परफॉर्म करने का दबाव बनाया. स्नेहा सिंह ने आगे बताया, 'मैं अपने कमरे में थी. भाई ने मुझे मैसेज किया कि मेरे साथ कुछ ठीक नहीं है. उसने मुझसे कहा कि तुम स्काइप आ सकती हो. मैने स्काइफ पर उन्हें वीडियो कॉल किया.

भाई ने कहा कि मुझे प्लीज बचा लो गुड़िया, मुझे प्लीज बचा लो. फिर फोन कट गया. मैंने शालिनी से कॉन्टेक्ट करने की कोशिश की. शालिनी ने कॉल उठाया और कहा कि उसे ये शो करना ही होगा. तुम उससे कहो कि वो ये शो करे. मैंने कहा कि मैं ऐसा नहीं सकती हूं. उन्होंने मुझ बताया कि वह ठीक नहीं और कुछ बुरा हो रहा है. इसके तीन घंटे तक हमारा उनसे कोई कॉन्टेक्ट नहीं हुआ. तीन घंटे बाद मुझे बताया कि वह अस्पताल में है और उसके सिर में टांके लगे हैं.'

# अश्विन के रिटायरमेंट पर इमोशनल हुए खिलाड़ी




**दुबई.**

रविचंद्रन अश्विन की रिटायरमेंट के बाद उनके जोड़ीदार रवींद्र जडेजा का पहला बयान सामने आया है. जडेजा का कहना है कि अश्विन उनके मेंटॉर की तरह रहे और उनकी अवश्य ही याद आएगी. जडेजा ने साथ ही यह भी कहा कि टीम को अश्विन को भुलाकर आगे बढ़ना होगा. बता दें कि अश्विन और जडेजा 58 टेस्ट मैचों में एक साथ खेले, जिनमें दोनों ने मिलकर 587 विकेट लिए थे. दोनों की इस जोड़ी ने कई बार बैट से योगदान देते हुए भी भारतीय टीम को जीत दिलाई है. बीसीसीआई द्वारा जारी किए गए वीडियो में रवींद्र जडेजा ने अश्विन को याद करते हुए कहा, "अश्विन मेरे साथ एक ऑन-फील्ड मेंटॉर की तरह खेले. वो कई सालों तक मेरे बॉलिंग पार्टनर रहे, हमने ग्राउंड की कंडीशन, मैच के हालात और बल्लेबाजों के खिलाफ प्लान भी एक-दूसरे के साथ साझा किए. मुझे ये सभी बातें बहुत याद आएंगी. उम्मीद है कि टीम को उनकी जगह कोई अच्छा गेंदबाज मिले, जो स्पिन बॉलिंग के साथ-साथ बल्लेबाजी में भी योगदान दे." रवींद्र जडेजा ने आगे यह भी कहा कि भारतीय टीम को रविचंद्रन अश्विन को भुलाकर आगे बढ़ना होगा. उन्होंने कहा, "हमें अश्विन को भुलाकर आगे बढ़ना होगा. भारत में ऐसा नहीं है कि आपको अश्विन का रिप्लेसमेंट नहीं मिल पाएगा. सब जानते हैं कि कोई ना कोई खिलाड़ी जरूर उनकी जगह लेगा. यह युवाओं के लिए भी एक खास अवसर होगा जो टीम में आकर खुद को साबित कर सकते हैं." आंकड़े बताते हैं कि अश्विन को भारतीय क्रिकेट के महानतम खिलाड़ियों में से एक के रूप में याद किया जाएगा. उनका रिप्लेसमेंट ढूंढना आसान नहीं होगा क्योंकि उन्होंने दुनिया के अच्छे-अच्छे बल्लेबाजों के पसीने छुड़ाए और इंटरनेशनल क्रिकेट में कुल 735 विकेट लिए थे. वहीं टेस्ट करियर में 537 विकेटों के योगदान की भरपाई करना भी किसी के लिए आसान नहीं होगा. पाकिस्तानी क्रिकेट टीम इस समय द. अफ्रीका के दौरे पर है. इस टूर पर दोनों टीमों के बीच तीन टी20, तीन ओडीआई और दो टेस्ट मैच खेलने हैं. तीन टी20 मैचों की सीरीज द. अफ्रीका ने 2-0 से जीती. जबकि अब तक संपन्न दो ओडीआई में वापसी करते हुए पाकिस्तान ने जीत दर्ज की. लेकिन बाबर आजम के लिए यह सीरीज काफी निराश करने वाली रही है. उनके पास इस सीरीज में टी20 इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम करने का मौका था, लेकिन वे दो मुकाबलों में केवल 31 रन बना सके. जबकि दो ओडीआई मैचों में उन्होंने 96 रन बनाए हैं. हालांकि कल गुरुवार को हुए मुकाबले उन्होंने 73 रन बनाकर जरूर लय हासिल करने की कोशिश की है.

भारत के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दिग्गज गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार 18 दिसंबर को संन्यास ले लिया. टेस्ट क्रिकेट में अश्विन ने 500 से ज्यादा विकेट हासिल किए. लेकिन सीरीज के बीच में संन्यास लेना थोड़ा अचरज भरा रहा. उनके संन्यास के बाद उन्होंने कहा कि वह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से भले ही रिटायर हो रहे हैं, लेकिन क्लब क्रिकेट खेलते रहेंगे. रिटायरमेंट के बाद अश्विन अगले ही दिन भारत लौट आए. हालांकि उनके पिता ने कहा कि अश्विन ने दबाव में संन्यास लिया है. उनका अपमान हुआ है.

## बाबर आजम ने अश्विन को दी बधाई



☐ रविचंद्रन अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टेस्ट के बाद संन्यास की घोषणा कर दी. बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के अभी दो मैच बाकी हैं और सीरीज के बीच में उनकी इस घोषणा ने विश्व क्रिकेट को काफी चौंका दिया. कल 19 दिसंबर को अश्विन भारत लौट आए. हालांकि दिग्गज स्पिनर के फैसले का सम्मान करते हुए तमाम क्रिकेटर्स और अन्य हस्तियों ने अश्विन के शानदार क्रिकेट कैरियर पर बधाई देते हुए शुभकामनाएं दीं. अब पाकिस्तान के वर्तमान ओपनर बल्लेबाज बाबर आजम ने भी पोस्ट किया है. बाबर आजम ने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी पोस्ट की हैं. उन्होंने अश्विन को टैग करते हुए बधाई दी. उन्होंने लिखा कि शानदार कैरियर के लिए बहुत बधाई अश्विन.

# वेलनेस स्टार्टअप हैबिल्ड ने वर्चुअली मेडिटेशन दिवस मनाया



**नागपुर.**

संयुक्त राष्ट्र महासभा की घोषणा के बाद पहला वर्ल्ड मेडिटेशन दिवस मनाने के लिए, नागपुर स्थित स्टार्टअप हैबिल्ड ने एक बड़ी उपलब्धि के साथ नया रिकॉर्ड बनाया। अच्छे स्वास्थ्य संबंधित आदतों में निरंतरता को बढ़ावा देने के लिए प्रख्यात हैबिट-बिल्डिंग वेलनेस प्लेटफॉर्म 'हैबिल्ड' ने सबसे बड़े वर्चुअल मेडिटेशन सत्र की मेजबानी करके एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। इस यादगार आयोजन में 2,87,711 लोगों ने हिस्सा लिया, उन्होंने एक साथ ध्यान किया और इस ऐतिहासिक दिवस के प्रति अपना सम्मान जताया। संयुक्त राष्ट्र द्वारा की गई यह घोषणा आंतरिक शांति और समग्र कल्याण के लिए एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में मेडिटेशन के महत्व को उजागर करती है। 21 दिसंबर की तारीख बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि यह शीतकालीन तीव्रता से जुड़ी है, जो भारतीय संस्कृति में एक महत्वपूर्ण दिन है। यह 21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के ठीक छह महीने बाद आता है। हैबिल्ड के लिए, यह तारीख बेहद खास है, क्योंकि यह उनके पिछले विश्व रिकॉर्ड की छह महीने की सालगिरह को चिह्नित करती है, जो इसे उनकी यात्रा में वास्तव में एक यादगार बनाती है। हैबिल्ड के सीईओ और प्रमाणित योग इंस्ट्रक्टर सौरभ बोथरा का कहना है, 'मुझे यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि मेडिटेशन को वह पहचान मिल रही है जिसका वह हकदार है। हर योग प्रेमी जानता है कि ध्यान मानसिक स्वास्थ्य और आंतरिक शांति पर कितना बड़ा असर डाल सकता है, जिसकी आज की दुनिया में हम सभी को जरूरत भी है। मैं सबसे बड़े वर्चुअल मेडिटेशन सेशन के लिए अपने विश्व-रिकॉर्ड प्रयास के दौरान मिली अविश्वसनीय प्रतिक्रिया के लिए बहुत आभारी हूं। मैं उन 2,87,711 प्रतिभागियों के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं जो हमारे साथ शामिल हुए और इस उपलब्धि को संभव बनाया। आइए, वर्ल्ड मेडिटेशन दिवस को एक परंपरा बनाएं जिसे हम हर साल मनाते हैं। मुझे उम्मीद है कि हम सभी मेडिटेशन को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएंगे, यह एक ऐसी आदत है जो हमेशा हमारे साथ जुड़ी रहेगी।' नव वर्ष मनाने के लिए हैबिल्ड 6 जनवरी से 26 जनवरी 2025 तक 21 दिवसीय फ्री ऑनलाइन योगा प्रोग्राम शुरू कर रहा है। हर किसी के लिए उपलब्ध इस पहल का मकसद प्रतिभागियों को रोजाना योग की आदत डालने में मदद करना और स्वास्थ्य-केंद्रित नए वर्ष के संकल्पों को साकार करना है। इसमें 1 करोड़ से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है, जिससे यह वर्ष की एक शानदार एवं परिवर्तनकारी शुरुआत होने का वादा करता है। हैबिल्ड का उद्देश्य सभी के लिए वेलनेस को किफायत के साथ सुलभ कराना है। यह प्लेटफॉर्म कई तरह के प्रोग्राम की पेशकश करता है, जिनमें योग, डांस, शक्ति प्रशिक्षण और सामुदायिक पहल सहित अन्य गतिविधियां शामिल हैं। इसके अलावा हैबिल्ड ने बच्चों के लिए योग कार्यक्रम शुरू करने की योजना बनाई है, ताकि कम उम्र से ही बच्चों में जागरूकता और स्वस्थ आदतें विकसित की जा सकें, जिससे उनमें हमेशा के लिए स्वस्थ रहने का मार्ग प्रशस्त हो सके। वर्ल्ड रिकॉर्ड्स यूनियन की आधिकारिक टीम ने इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम पर नजर बनाए रखी। अधिकारियों ने घोषणा की कि इस कार्यक्रम में 2,87,711 प्रतिभागी शामिल हुए। इस उपलब्धि ने योग के वैश्विक महत्व और मानसिक स्वास्थ्य एवं वेलनेस को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका को सफलतापूर्वक उजागर किया।

## प्रैक्टिस के दौरान इस स्टार बल्लेबाज को लगी चोट

**नई दिल्ली.** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जाने वाले चौथे टेस्ट के लिए दोनों टीमों ने युद्धस्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसी बीच भारत के लिए टेंशन बढ़ाने वाली खबर आ रही है। अब तक सीरीज के तीनों मैचों में ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के नाक में दम करके रखने वाले भारत के स्टार ओपनर केएल राहुल को नेट प्रैक्टिस के दौरान हाथ में चोट लग गई है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में नेट्स प्रैक्टिस के दौरान केएल राहुल टीम फिजियो से कुछ ट्रीटमेंट लेते नजर आ रहे हैं। वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि केएल राहुल के सीधे हाथ में कुछ परेशानी है और वह टीम फिजियो से कुछ ट्रीटमेंट करा रहे हैं। उम्मीद है कि केएल राहुल की चोट ज्यादा गंभीर न हो, क्योंकि अब तक उन्होंने कंगारू गेंदबाजों के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी की है। केएल राहुल ने तीनों ही मुकाबलों में दो अर्धशतक लगाए हैं।

# तेलुगू टाइटंस का प्लेआफ में पहुंचना अधर में

**नई दिल्ली.**



बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में शुक्रवार को खेले गए करो या मरो मैच में तेलुगू टाइटंस ने मेजबान पुनेरी पल्टन को 48-36 अंतर से हरा दिया लेकिन इसके बावजूद उनका प्लेआफ में पहुंचना तय नहीं हो सका। 22 मैचों में 12 जीत के बाद उसके खाते में 66 अंक आए और इतने ही अंक तथा बेहतर स्कोर डिफरेंस के साथ मुंबा प्लेआफ में पहुंचने वाली छठी टीम बनने के काफी करीब पहुंच गई है क्योंकि उसे अभी दो मैच खेलने हैं। दो मैचों में एक भी अंक लेने के साथ मुंबा प्लेआफ में पहुंच जाएंगे। प्लेआफ में पहुंचने के लिए टाइटंस को स्कोर डिफरेंस के मामले में आगे आने के लिए यह मैच बड़े अंतर से जीतना था लेकिन पल्टन ने उसे ऐसा नहीं करने दिया। बंगाल वारियर्स पर जयपुर की जीत के बाद प्लेआफ की दौड़ से बाहर हुई पल्टन को 21 मैचों में 10वीं हार मिली। बहरहाल, टाइटंस ने तीन मिनट के खेल में 3-1 की लीड ले ली थी लेकिन लगातार दो अंक के साथ पल्टन ने बराबरी कर ली। पवन ने हालांकि मल्टीप्वाइंटर के साथ लीड दो की कर दी। इसके बाद आर्यवर्धन ने एक अंक लिया तो पवन ने फिर मल्टीप्वाइंटर के साथ स्कोर 7-4 कर दिया।

आर्यवर्धन ने हालांकि मल्टीप्वाइंटर के साथ इसका जवाब दिया। अगली रेड पर अमन ने पवन को लपक स्कोर बराबर कर दिया लेकिन पंकज तथा आकाश को लपक टाइटंस ने दो अंक की लीड ले ली। हालांकि पल्टन ने फिर से स्कोर 9-9 कर दिया लेकिन ब्रेक के बाद टाइटंस ने 13-9 की लीड ले ली। पल्टन के लिए सुपर टैकल आन था और पवन ने उसे आलआउट की ओर धकेल और फिर इसे अंजाम दे 18-10 की लीड ले ली। इस बीच पवन ने सीजन का अपना आठवां सुपर-10 पूरा किया। टाइटंस ने इसके बाद 11 अंक की लीड ले ली लेकिन अजीत ने मल्टी प्वाइंटर के साथ स्कोर 13-22 कर दिया। आशीष ने हालांकि संकेत और अबिनेश को बाहर कर हिसाब बराबर किया। अजीत ने भी इसके बाद मल्टीप्वाइंटर लिया। टाइटंस ने हालांकि 25-16 के स्कोर पर पाला बदला। हाफटाइम के बाद पल्टन ने अजीत के मल्टीप्वाइंटर के दो अंक के साथ टाइटंस के लिए सुपर टैकल आन किया और फिर आर्यवर्धन ने सुपर रेड के साथ उसे आलआउट कर स्कोर 23-25 कर दिया। आलइन के बाद पल्टन ने लगातार दो अंक लेकर स्कोर बराबर कर दिया। टाइटंस ने हालांकि इसके बाद फिर से दो अंक की लीड ले ली।

30 मिनट के बाद टाइटंस ने 32-27 की लीड ले ली। ब्रेक के बाद आशीष ने एक और मल्टीप्वाइंटर के साथ फासला 7 का कर दिया। और फिर अंकित ने आर्यवर्धन को लपक पल्टन के लिए सुपर टैकल आन कर दिया। साथ ही अंकित ने हाई-5 पूरा किया। फिर टाइटंस ने आलआउट लेते हुए 39-28 की लीड ले ली।

इसके बाद पल्टन ने बेहतर खेल दिखाया लेकिन वह अंतर को पाट नहीं सकी और हार को मजबूर हुई। दूसरी ओर, जीत के बावजूद टाइटंस खुश नहीं दिखे लेकिन इस सीजन में अपने परफार्मेंस से टाइटंस ने सबको प्रभावित किया। यहां बताना जरूरी है कि टाइटंस को बीते सीजन में सिर्फ दो जीत मिली थी।

# न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड और आईसीसी का दल पहुंचा पाकिस्तान

**नई दिल्ली.**



न्यूजीलैंड क्रिकेट ने जनवरी में होने वाली त्रिकोणीय वनडे सीरीज से पहले सुरक्षा और अन्य इंतजामात का जायजा लेने एक दल पाकिस्तान भेजा है। मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के अलावा सीरीज में दक्षिण अफ्रीका की टीम भी भाग लेगी। पाकिस्तान में फरवरी-मार्च में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 होनी है। न्यूजीलैंड के दल में सुरक्षा विशेषज्ञ रेग डिकासन और न्यूजीलैंड खिलाड़ियों के संघ के प्रतिनिधि ब्राड रोडेन हैं, जो कराची और लाहौर में सुरक्षा इंतजामों और अन्य तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे हैं। इसी दौरान आईसीसी का एक दल भी आठ टीमों की चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था का आकलन करने पहुंचा है। आईसीसी दल ने लाहौर और रावलपिंडी जाने से पहले कराची के नेशनल स्टेडियम का दौरा किया। पीसीबी के एक अधिकारी ने कहा कि किसी भी बड़े टूर्नामेंट से पहले इस तरह का दौरा होता है। न्यूजीलैंड और आईसीसी के दल ने कराची, लाहौर और रावलपिंडी में स्टेडियम में चल रहे मरम्मत और नवीनीकरण के काम का जायजा लिया। पीसीबी चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले स्टेडियम तैयार करने पर 12 अरब रुपये खर्च कर रहा है।

चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी को लेकर तनातनी आखिरकार 19 दिसंबर को खत्म हो गई जब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने घोषणा की कि भारत 50 ओवर के इस टूर्नामेंट में अपने मैच मेजबान देश पाकिस्तान के बजाय किसी तटस्थ स्थल पर खेलेगा। वहीं, पाकिस्तान के लिए भी 2027 तक यही व्यवस्था लागू होगी और वह भारत में होने वाले टूर्नामेंट तटस्थ स्थलों पर खेलेगा। यह व्यवस्था चैंपियंस ट्रॉफी 2025 (पाकिस्तान), अगले साल भारत में होने वाले महिला क्रिकेट विश्व कप और 2026 में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप में लागू होगी।

आईसीसी के बयान के अनुसार, आईसीसी बोर्ड ने मंजूरी दे दी है कि 2024 से 2027 तक मौजूदा चक्र (जो भारत या पाकिस्तान में आयोजित किए जाने हैं) के दौरान आईसीसी टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाले सभी मैच टूर्नामेंट के मेजबान द्वारा प्रस्तावित तटस्थ स्थल पर खेले जाएंगे। भारत ने सुरक्षा चिंताओं के कारण फरवरी-मार्च में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से इनकार कर दिया था। भारतीय खिलाड़ियों ने 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के बाद से पाकिस्तान में कोई मैच नहीं खेला है।

# जयपुर पिंक पैंथर्स ने बंगाल वारियर्स को हराया

**पुणे.**

जयपुर पिंक पैंथर्स हाफटाइम तक 10 अंक से पिछड़ रहे थे लेकिन इसके बाद शानदार वापसी करते हुए इस टीम ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में शुक्रवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 123वें मैच में बंगाल वॉरियर्स को 31-28 से हराकर प्लेऑफ का टिकट कटा लिया है। जयपुर की जीत ने हालांकि मौजूदा चैंपियन पुनेरी पल्टन को लीग से बाहर कर दिया।

पहले हाफ की समाप्ति तक जयपुर 9-19 से पीछे थे लेकिन अर्जुन (9) और अपने डिफेंडर रेजा मीर बाघेरी (5 अंक) की बदौलत उसने 30 मिनट तक फासला 3 का कर दिया और फिर ऑल आउट लेते हुए लीड ले ली। इसके बाद जयपुर ने बंगाल को वापसी का मौका नहीं दिया और एक शानदार जीत के साथ प्लेऑफ में पहुंचने वाली पांचवीं टीम बन गई।

मनिंदर और फजल के बगैर सम्मान की लड़ाई में उतरी बंगाल ने चार मिनट के खेल के बाद 3-1 की लीड बना रखी थी। छठे मिनट में बंगाल के डिफेंस ने दूसरी बार अर्जुन का शिकार करते हुए 5-2 की लीड ले ली। इसके बाद बंगाल ने जयपुर को ऑल आउट की ओर धकेला लेकिन अभिजीत ने बचा लिया। 10 मिनट बाद बंगाल 8-6 से आगे थे। इसी दौरान नितेश के 400 टैकल प्वाइंट पूरे हुए।

ब्रेक के बाद अभिजीत ने डू ओर डाई रेड पर अंक ले जयपुर को सुपर टैकल सिचुएशन से निकाला लेकिन इसके बाद जयपुर अंक नहीं ले सकी और ऑल आउट हो गई। बंगाल 14-7 से आगे हो गए। आलइन के बाद अंकुश ने जयपुर को पहला टैकल प्वाइंट दिलाया। बंगाल ने हालांकि पकड़ बनाए रखते हुए हाफटाइम तक स्कोर 19-9 कर दिया दूसरी ओर, अर्जुन पहले हाफ में 10 मिनट बाहर रहे और डिफेंस भी नहीं चला। और यही कारण था कि जयपुर एक बार फिर सुपर टैकल सिचुएशन में थे। बंगाल 10 के मुकाबले 4 फेल्ड टैकल्स के साथ बेहतर स्थिति में थे लेकिन इसी बीच अभिजीत ने प्रणय को सुपर टैकल कर जयपुर को दो बहुमूल्य अंक दिलाए।



# रॉबिन उथप्पा मुश्किल में फंसे
## धोखाधड़ी के चलते जारी हुआ अरेस्ट वारंट

**नई दिल्ली.**

टी20 वर्ल्ड कप 2007 की विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा मुश्किलों में फंसते नजर आ रहे हैं। रॉबिन उथप्पा पर 23 लाख रुपये के एक प्रोविडेंट फंड घोटाले के आरोप लगे हैं। धोखाधड़ी के इस मामले में उनके खिलाफ अरेस्ट वारंट भी जारी कर दिए गए हैं। ये खबर मीडिया के साथ क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय बनी हुई है। बताया जा रहा है कि पुलिस उथप्पा की गिरफ्तारी के लिए उनके घर गई थी, लेकिन वह उस पते पर नहीं मिले। अब पुलिस और पीएफ विभाग दोनों मिलकर उनके पते की जांच कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि दिसंबर की शुरुआत में उथप्पा के खिलाफ वारंट जारी कर दिया गया था, मगर वह अपने घर पर नहीं थे जिस वजह से वह वापस कर दिया गया। वारंट पीएफ रिजनल कमिश्नर शदाक्षरी गोपाल रेड्डी द्वारा जारी किया गया था, जिन्होंने कर्नाटक में पुलकेशिनगर पुलिस क्षेत्राधिकार को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए कहा है। अधिकारियों ने कहा, "4 दिसंबर को जारी किया गया वारंट वापस कर दिया गया है, क्योंकि उथप्पा पुलकेशिनगर निवास पर नहीं पाए गए थे।" पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज और उनका परिवार कथित तौर पर दुबई में रहता है। वारंट में कहा गया है कि बकाया राशि का भुगतान न करने के कारण कार्यालय प्रभावित कर्मचारियों के पीएफ खातों का निपटान नहीं कर पाया है। इसने पुलिस को रॉबिन उथप्पा को गिरफ्तार करने और 27 दिसंबर तक वारंट वापस करने का निर्देश दिया। रॉबिन उथप्पा के क्रिकेटिंग करियर की बात करनें तो उन्होंने 59 मैचों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है, वह आईपीएल में कई टीमों से खेल चुके हैं। 2014 में जब केकेआर चैंपियन बना था तब उथप्पा ने जीत में अहम रोल अदा किया था।

## हॉकी इंडिया लीग की भव्य अंदाज में होगी वापसी

**राउरकेला.** बहुप्रतीक्षित हॉकी इंडिया लीग 2024-25 की वापसी भव्य अंदाज में होने जा रही है। इसकी शुरुआत राउरकेला के बिरसा मुंडा इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में एक भव्य ओपनिंग से होगी, जो 28 दिसंबर को शुरुआती मैच से पहले होगी। यह आयोजन खेल,मनोरंजन और अत्याधुनिक तकनीक का उत्सव होगा, जिसमें शीर्ष भारतीय हस्तियां 'हॉकी का जश्न' थीम के तहत शानदार प्रदर्शन करेंगी। बॉलीवुड की सनसनी सारा अली खान और मशहूर संगीत कलाकार किंग अपने शानदार प्रदर्शन से शाम के मुख्य आकर्षण होंगे। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित श्यामक डावर डांस ग्रुप गतिशील कोरियोग्राफर के साथ मंच को जीवंत कर देगा। प्रशंसकों को एक्शन के करीब लाने के प्रयास में राउरकेला में दर्शकों के लिए उद्घाटन समारोह और सभी एचआईएल 2024-25 मैचों के टिकट निःशुल्क होंगे। इस पहल का उद्देश्य देश भर के प्रशंसकों के लिए लीग को और अधिक सुलभ बनाना है.

# मशहूर रेसलर रे का निधन

**नई दिल्ली.**



मैक्सिकन कुश्ती के स्टार रहे रे मिस्टेरियो सीनियर ने 66 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली है। इस दिग्गज के निधन रेसलिंग जगत में शोक का माहौल है। रे मिस्टेरियो सीनियर डब्ल्यू डब्ल्यूई स्टार रे मिस्टेरियो जूनियर के अंकल थे। वह पहली बार मेक्सिको में लूचा लिब्रे के एक भाग में प्रमुखता से आए थे। रे मिस्टेरियो सीनियर ने वर्ल्ड रेसलिंग एसोसिएशन और लूचा लिब्रे एएए वर्ल्ड वाइड समेत कई संगठनों के साथ टाइटल अपने नाम किए थे। रे मिस्टेरियो सीनियर कद में भले ही छोटे थे, लेकिन वह बहुत ही तेज तर्रार फाइटर थे। वह रिंग में दिग्गजों को टक्कर देते नजर आए थे। दिग्गजों के लिए भी रे मिस्टेरियो सीनियर को हराना आसान नहीं होता था। रे मिस्टेरियो सीनियर की लड़ने की तकनीक बेहद शानदार थी। रे मिस्टेरियो सीनियर कद में भले ही छोटे थे, लेकिन वह बहुत ही तेज तर्रार फाइटर थे। वह रिंग में दिग्गजों को टक्कर देते नजर आए थे। दिग्गजों के लिए भी रे मिस्टेरियो सीनियर को हराना आसान नहीं होता था। रे मिस्टेरियो सीनियर की लड़ने की तकनीक बेहद शानदार थी। रे मिस्टेरियो सीनियर का रेसलिंग करियर काफी लंबा रहा। हालांकि 2009 में उन्होंने 51 साल की उम्र में आधिकारिक तौर पर कुश्ती को अलविदा कह दिया था। उनके बाद उनकी इस विरासत को उनके भतीजे रे मिस्टेरियो जूनियर डब्ल्यूडब्ल्यूई में आगे बढ़ा रहे हैं।

# यूएई में खेलने से टीम इंडिया को नुकसान

**दुबई.**



चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की तस्वीर साफ हो गई है. आठ टीमों के साथ खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट के 5 मैच पाकिस्तान में जबकि 10 मैच यूएई में होंगे. टीम इंडिया भी अपने सभी मैच यूएई में ही खेलेगी. लेकिन यूएई में खेलना टीम इंडिया के लिए खतरे की घंटी साबित हो सकती है. यूएई की धरती पर खेलना कहीं टीम इंडिया के लिए बड़ा नुकसान ना बन जाए.

इसकी वजह है यूएई में टीम इंडिया का खराब प्रदर्शन.आइए एक नजर डालते हैं उस वजह पर जिससे टीम इंडिया बड़ा नुकसान झेल सकता है. साल 2021 का टी-20 वर्ल्ड कप यूएई में खेला गया था. इस टूर्नामेंट में टीम इंडिया को फेवरेट माना जा रहा था लेकिन टीम इंडिया नॉक आउट में भी जगह नहीं बना पाई थी. न्यूजीलैंड से हार के बाद उसका वर्ल्ड कप में बने रहने का सपना लगभग खत्म हो चुका था. नामीबिया के खिलाफ अपना आखिरी मैच खेलकर टीम इंडिया बाहर हो गई थी.

गौरतलब है कि यह साल 2012 के बाद पहला मौका था जब टीम इंडिया आईसीसी टूर्नामेंट में नॉकऑउट में भी नहीं पहुंच पाई थी. चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में आठ टीमें हिस्सा ले रही हैं. इनमे भारत, पाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, अफगानिस्तान और बांग्लादेश शामिल है. इस टूर्नामेंट की शुरुआत फरवरी से होगी. वहीं भारत और पाकिस्तान के बीच महामुकाबला 23 फरवरी को एयूई के दुबई या श्रीलंका के कोलंबो में खेला जा सकता है. हालांकि इस पर अभी तक कोई अधिकारी जानकारी सामने नहीं आई है.

### टी-20 वर्ल्ड कप में पहली बार पाक से हारा था भारत

☐ यूएई की धरती पर ही भारतीय टीम को पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में पाकिस्तान से हार का सामना करना पड़ा था. 2021 के वर्ल्ड कप में भारत का पहला मैच ही पाकिस्तान से हुआ था. इससे पहले कभी टीम इंडिया टी-20 विश्कप में पाकिस्तान से नहीं हारी थी. लेकिन यूएई के दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए मैच में टीम इंडिया को 10 विकेटों से शर्मनाक हार झेलनी पड़ी थी. भारत के 152 रनों के लक्ष्य के जवाब में पाकिस्तान ने बिना कोई विकेट खोए मुकाबला जीत लिया था.

## वर्ल्ड चैंपियन बॉक्सर थिएरी जैकब की लंग कैंसर से मौत


**पेरिस /कैलाइस.** फ्रांस के पूर्व वर्ल्ड चैंपियन बॉक्सर थिएरी जैकब लंबे समय से लंग कैंसर से जूझ रहे थे। 59 वर्षीय पूर्व बॉक्सर लंग कैंसर से जिंदगी की जंग हार गए और शुक्रवार को दुनिया को अलविदा कहा। उनके निधन की जानकारी उनके गृह नगर कैलाइस के मेयर ने जैसे ही दी, वैसे ही फैंस के बीच शोक की लहर दौड़ गई। बता दें कि थिएरी जैकब ने कैलाइस में ही अपने फैंस के सामने मैक्सिको के महान बॉक्सर डेनियल जारागोजा को हराकर वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियन सुपर वेटमवेट खिताब जीता था।

# 'उग्रवाद समाप्त हो गया'

## > अब पूर्वोत्तर में बदलाव की जरूरत : शाह

**नई दिल्ली.**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि पूर्वोत्तर में उग्रवाद समाप्त हो गया है और अब पूर्वोत्तर राज्यों की पुलिस को अपने दृष्टिकोण में बदलाव लाने का समय आ गया है। शाह ने कहा कि अब पुलिस को लोगों को जल्द न्याय सुनिश्चित कराने पर फोकस करना चाहिए। त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में पूर्वोत्तर परिषद (एनईसी) के 72वें अधिवेशन को संबोधित करते हुए अमित शाह ने ये बात कही।



शाह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 10 वर्षों में 20 शांति समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिससे पूर्वोत्तर के राज्यों में शांति आई है। इन शांति समझौतों के चलते 9,000 सशस्त्र उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। शाह ने कहा कि, 'पुलिस ने चार दशकों तक पूर्वोत्तर में उग्रवाद से लड़ाई लड़ी। चूंकि अब उग्रवाद समाप्त हो गया है, इसलिए अब पुलिस बल को लोगों की एफआईआर दर्ज करने के तीन साल के भीतर न्याय दिलाने के दृष्टिकोण को बदलने की जरूरत है।'

**केंद्र ने पूर्वोत्तर के विकास पर हजारों करोड़ खर्च किए'**

गृह मंत्री ने यह भी कहा कि 'केंद्र ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में रेल संपर्क के लिए 81,000 करोड़ रुपये और सड़क नेटवर्क के लिए 41,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इसके अलावा, केंद्र सरकार इस क्षेत्र में जैविक खेती पर ध्यान केंद्रित कर रही है।' शाह ने कहा कि 'केंद्र ने इस क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए पहले ही राष्ट्रीय जैविक निगम लिमिटेड का गठन किया है। मैं सभी मुख्यमंत्रियों (पूर्वोत्तर में) से आग्रह करता हूं कि वे जैविक उत्पादों की पैकेजिंग, विपणन और निर्यात के लिए एनओसीएल के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करें।

# चीन में ईवी से बढ़ सकता है 20 फीसदी तक प्रदूषण

## > सल्फर डाइऑक्साइड उत्सर्जन नया संकट

**बीजिंग.**

चीन और भारत अगर इलेक्ट्रिक वाहनों की आपूर्ति घरेलू स्तर पर परिपूर्ण कर लेते हैं तो राष्ट्रीय स्तर पर सल्फर डाइऑक्साइड (एसओ2) का उत्सर्जन वर्तमान स्तरों से 20 फीसदी तक बढ़ जाएगा। इलेक्ट्रिक वाहनों की बैटरियों के लिए जरूरी खनिजों को सुधारने और उनके निर्माण केंद्रों के पास प्रदूषण हॉटस्पॉट बनने के आसार हैं। यह बात प्रिंसटन विवि के शोधकर्ताओं के नेतृत्व में किए गए एक शोध में उजागर की गई है। शोधकर्ताओं का कहना है कि सल्फर डाइऑक्साइड के बढ़ते उत्सर्जन का सबसे भारी हिस्सा निकल और कोबाल्ट के शोधन और निर्माण से पैदा होगा। यह पदार्थ इलेक्ट्रिक वाहन की बैटरियों के लिए जरूरी खनिज हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों के बारे में कई प्रयास यातायात और बिजली के क्षेत्रों से उत्सर्जन को कम करने पर आधारित हैं।



शोधकर्ताओं का कहना है कि इलेक्ट्रिक वाहनों को दुनियाभर में आपूर्ति के नजरिए से देखना जरूरी है।

भले ही भारत घरेलू आपूर्ति शृंखला बनाने के बजाय उन्हें कहीं और से आयात करने का फैसला करे लेकिन प्रदूषण खत्म नहीं होगा। बैटरियों के निर्माण में प्रक्रिया आधारित एसओ2 उत्सर्जन से बचने के लिए वैकल्पिक बैटरी केमिकल विज्ञान के विकास का भी सुझाव दिया गया है। इस बात की भी गहराई से जांच पड़ताल की गई कि इलेक्ट्रिक वाहनों में बैटरी केमिकल विज्ञान को बदलने से दुनियाभर में अनचाहे एसओ 2 उत्सर्जन से बचा जा सकता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि एसओ2 उत्सर्जन से बचने के भारत में अभी चीन के मुकाबले इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल काफी कम होता है। इसलिए दोनों ही स्थितियों में चुनौतियां के साथ अच्छे अवसर भी हैं। भारत में सबसे आसान काम बिजली क्षेत्र के प्रदूषण को कम से कम करना होगा। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए थर्मल पावर प्लांट में कड़े एसओ2 प्रदूषण नियंत्रण उपायों को लागू करने की जरूरत पड़ेगी। इसके तहत फ्लू-गैस डिसल्फराइजेशन जैसी परिपक्व तकनीकों का उपयोग किया जा सकता है।

# सुरक्षा बलों ने नाकाम की बड़ी आतंकी साजिश



**नई दिल्ली.**

आतंकवादी संगठन अंसार अल इस्लाम बांग्लादेश के आठ सदस्य पश्चिम बंगाल को पूर्वोत्तर राज्यों से जोड़ने वाले चिकन नेक को निशाना बनाने की योजना बना रहे थे। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इन आठ सदस्यों को हाल ही में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने कहा कि वे कई हमलों को अंजाम देकर कॉरिडोर में अस्थिरता पैदा करना चाहते थे। पश्चिम बंगाल पुलिस ने संगठन के दो सदस्यों के पास से पेन-ड्राइव और दस्तावेज बरामद किए। एडीजी सुप्रतिम सरकार ने पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा, "ये दोनों बंगाल, केरल और असम पुलिस द्वारा पकड़े गए आठ लोगों के समूह का हिस्सा थे। पूछताछ में मालूम चला कि ये सभी चिकेन नेक को निशाना बनाने की योजना बना रहे थे। चिकेन नेक को सिलीगुड़ी कॉरिडोर भी कहा जाता है। यह एकमात्र ऐसा कॉरिडोर है जो पूर्वोत्तर राज्यों को जोड़ता है।

एजीडी ने बताया कि राज्य पुलिस को संगठन के एक स्लीपर सेल के बारे में सूचना मिली थी, जो अगस्त से ही सक्रिय थे। उन्होंने कहा, "हमने अब्बास अली और मिनारुल शेख के रूप में पहचाने गए दो संदिग्धों के पास से एक 16 जीबी पेन ड्राइव, कुछ जिहादी लिटरेचर और नकली दस्तावेज बरामद किए। हमें संदेह है कि वे एक स्लीपर मॉड्यूल का हिस्सा थे। इसका उद्देश्य दक्षिण और उत्तर बंगाल के साथ-साथ पूर्वोत्तर के सात राज्यों में भी अस्थिरता पैदा करना था।

# रेलवे परियोजनाओं में हो रही देरी

## > रेल मंत्रालय ने दी जानकारी

**नई दिल्ली.**

रेल मंत्रालय ने बताया कि भूमि अधिग्रहण में चुनौतियों के कारण पश्चिम बंगाल में कई रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में देरी हुई है। उन्होंने कहा कि फंडिंग में पर्याप्त वृद्धि के बावजूद परियोजनाओं की गति धीमी रही।

2009 से 2014 के दौरान 4,380 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, जो 2024-25 में बढ़कर 13,941 करोड़ हो गए। एक अप्रैल तक बंगाल में 43 रेलवे परियोजनाएं हैं, जिसमें पूर्वी, दक्षिण पूर्वी और पूर्वोत्तर में नई लाइनें और



आधुनिकीकरण के प्रयास शामिल हैं।


मंत्रालय ने बताया कि भूमि अधिग्रहण एक महत्वपूर्ण चुनौती बनी हुई है। परियोजनाओं को पूरा करने के लिए 3,040 हेक्टेयर जमीन की आवश्यकता है, लेकिन केवल 640 हेक्टेयर जमीन ही दिया गया है। परियोजनाओं को पूरा करने के लिए अभी भी 2,400 हेक्टेयर जमीन की आवश्यकता है। रेलवे अपनी परियोजनाओं के लिए राज्य सरकारों के माध्यम से भूमि अधिग्रहण करता है।

रेलवे ने बताया कि भूमि अधिग्रहण चुनौती के कारण देरी का सामना करने वाले कुछ प्रमुख परियोजनाओं के नाम- नबद्वीपधाम नई लाइन (10 किमी); इसके लिए 106.86 हेक्टेयर जमीन की आवश्यकता है, लेकिन 0.17 हेक्टेयर अधिग्रहीत किया गया है। चंदनेश्वर-जलेश्वर नई लाइन (41 किमी): 158 हेक्टेयर की आवश्यकता है, लेकिन आज तक इसके लिए कोई जमीन अधिग्रहीत नहीं की गई। नैहाटी-राणाघाट तीसरी लाइन (36 किमी): 87.83 हेक्टेयर जमीन की आवश्यकता है, लेकिन इसके लिए केवल 0.09 हेक्टेयर अधिग्रहीत किया गया।

बालुरघाट-हिल्ली नई लाइन (30 किमी): 156.38 हेक्टेयर जमीन की आवश्यकता है, लेकिन 67.38 हेक्टेयर अधिग्रहीत किया गया। सैंथिया (5 किमी) और सीतारामपुर (7 किमी) में बाईपास: 22.28 हेक्टेयर जमीन की आवश्यकता है, लेकिन इसके लिए 2.22 हेक्टेयर का ही अधिग्रहण किया जा सका है।

# रूस के कजान में 9/11 जैसा हमला

## > कई इमारतों से टकराए ड्रोन



**मास्को.**

रूस के कजान शहर में बड़ा ड्रोन हमला हुआ है। रूसी मीडिया के अनुसार, कजान में कई बहुमंजिला इमारतों से ड्रोन्स टकराए हैं। यह हमला अमेरिका में साल 2001 में हुए 11 सितंबर जैसे हमले की तरह किया गया है। इस हमले में हुए नुकसान की अभी जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन जिस तरह से ड्रोन्स रिहायशी इमारतों से टकराए हैं और इमारतों में धमाके हुए और आग लगी, उससे बड़े नुकसान की आशंका है। हमले के वीडियो भी सामने आए हैं। वहीं रूस के कुर्स्क क्षेत्र में रिलस्क शहर में यूक्रेन के मिसाइल हमले में एक बच्चे समेत छह लोगों की मौत की खबर है। हमले में 10 अन्य लोग घायल भी हुए हैं।

बीते अक्तूबर में ही कजान शहर ब्रिक्स सम्मेलन के चलते दुनिया भर में चर्चा में रहा था। रूस ने कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन किया था। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उस ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल हुए।

कजान का रूस के इतिहास में अहम स्थान है और ये शहर रूस के उद्योग, संस्कृति और धर्म का प्रमुख केंद्र है। इसे रूस की तीसरी राजधानी या खेल राजधानी भी कहा जाता है। रूस, कजान में कई अंतरराष्ट्रीय खेल कार्यक्रमों की मेजबानी कर चुका है। आर्थिक रूप से कजान एक पावरहाउस है। यह शहर रूस के प्रमुख ट्रक निर्माता कामाज का घर है और यात्री हवाई जहाज और हेलीकॉप्टर के उत्पादन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# सस्ता नहीं हुआ हेल्थ इंश्योरेंस

## टैक्स कम करने का फैसला टला

**नई दिल्ली.**

जीएसटी काउंसिल की 55वीं बैठक जैसलमेर में आयोजित की गई, इसमें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में कई राज्यों के मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री शामिल हुई. जीएसटी काउंसिल की ये बैठक इस वजह से खास मानी जा रही थी कि इसमें सरकार टर्म लाइफ इंश्योरेंस, हेल्थ इंश्योरेंस और सीनियर सिटीजन के हेल्थ इंश्योरेंस के प्रीमियम पर जीएसटी की दरों में छूट दे, लेकिन जीएसटी काउंसिल की इस मीटिंग में फिलहाल इस मुद्दे को टाल दिया गया है. जीएसटी परिषद ने शनिवार को जीवन और स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के प्रीमियम पर कर की दर घटाने का फैसला टाल दिया. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक में तय हुआ कि इस संबंध में कुछ और तकनीकी पहलुओं को दूर करने की जरूरत है. इस बारे में आगे विचार-विमर्श के लिए जीओएम को काम सौंपा गया.

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता और राज्यों के उनके समकक्षों की मौजूदगी वाली परिषद ने यह फैसला किया. बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि समूह, व्यक्तिगत, वरिष्ठ नागरिकों की पॉलिसियों पर कराधान के बारे में फैसला करने के लिए बीमा पर जीओएम की एक और बैठक होगी.

# गाजा में 14,500 बच्चों की हुई मौत

**गाजा.** फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए काम कर रही संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) की अधिकारी लुईस वाटरिज ने शुक्रवार को कहा कि गाजा में 20 लाख से ज्यादा लोग अभी भी भयानक परिस्थितियों में फंसे हुए हैं और वो बुनियादी जरूरतों से भी वंचित हैं। वाटरिज ने कहा कि ये लोग गाजा से जाने में भी असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि हालात ऐसे है, जहां हरसंभव रास्ता मौत की तरफ जाता है।

# 9 मई के दंगों के मामले में 25 नागरिकों को सजा

**इस्लामाबाद.** पाकिस्तान की सैन्य अदालतों ने पिछले साल मई में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद भड़के दंगों के दौरान सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला करने के लिए 25 नागरिकों को दो से 10 साल तक की जेल की सजा सुनाई है। 9 मई 2023 को, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थकों ने भ्रष्टाचार के एक मामले में पार्टी के संस्थापक इमरान खान की गिरफ्तारी के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर करने के लिए रावलपिंडी में सेना मुख्यालय और फैसलाबाद में आईएसआई के भवन समेत कई सैन्य प्रतिष्ठानों पर कथित तौर पर हमला किया था। हालांकि इस मामले मे देश भर में छापेमारी में सैकड़ों संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया और सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमलों में शामिल होने के कारण कम से कम 103 को मुकदमे के लिए सैन्य अधिकारियों को सौंप दिया गया।

# शीतसत्र ने झेली विवादों की गर्मी

## > राज्यसभा का 60 और लोकसभा का 42 फीसदी समय नष्ट

**नई दिल्ली.**



संसद का शीतकालीन सत्र कभी न भूले जा सकने वाले शर्मनाक विवादों के नाम रहा। अदाणी मुद्दे पर सरकार और विपक्ष के बीच शुरू हुई सियासी जंग तल्ख आरोप-प्रत्यारोप के बाद संविधान निर्माता आंबेडकर के नाम पर धक्का-मुक्की और अंत में मुकदमे तक जा पहुंची। दरकते रिश्ते के बीच संसदीय इतिहास में पहली बार उच्च सदन के सभापति व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया गया। दोनों पक्षों के बीच हुई तीखी तकरार के कारण उच्च सदन का 60 फीसदी तो लोकसभा का 42 फीसदी समय हंगामे की भेंट चढ़ गया।

विपक्ष ने सत्र से ठीक पहले उद्योगपति अदाणी के खिलाफ अमेरिकी अदालत में अभियोग तय किए जाने को दोनों सदनों में बड़ा मुद्दा बनाया। सत्र का पहल हफ्ता इसी मुद्दे पर खींचतान में गुजरा।

इस बीच सरकार और विपक्ष में संविधान के 75 साल की गौरवमयी यात्रा पर दो दिवसीय विशेष चर्चा पर सहमति बनी। हालांकि इसी दौरान विपक्ष की ओर से सभापति धनखड़ पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए दिए गए अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस के कारण तनातनी और बढ़ गई।

कामकाज की दृष्टि से सत्र का प्रदर्शन औसत रहा। इस दौरान लोकसभा में चार तो राज्यसभा में तीन विधेयक पारित किए गए। लोकसभा में चार विधेयक पुनःस्थापित किए गए। इनमें एक देश- एक चुनाव विधेयक को जेपीसी के पास भेजा गया। हंगामे और कामकाज ठप रहने के कारण एक दर्जन विधेयकों को पेश तक नहीं किया जा सका। चर्चा थी कि सरकार इसी सत्र में वक्फ संशोधन विधेयक पेश करेगी, मगर ऐसा नहीं हो पाया। संविधान की 75 साल की यात्रा पर संसद में चर्चा हुई। विपक्ष ने उच्च सदन में चर्चा का जवाब देने के क्रम में गृह मंत्री अमित शाह की आंबेडकर के संबंध में की गई टिप्पणी को उनके अपमान से जोड़ते हुए इस्तीफे की मांग की। इस मुद्दे पर दोनों पक्ष संसद के अंदर-बाहर आमने-सामने आए। इसी क्रम में दोनों पक्षों के बीच धक्कामुक्की में भाजपा के दो सांसद घायल हुए। इसके बाद भाजपा ने राहुल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

# देश का वन और वृक्ष आवरण 1,445 वर्ग किमी बढ़ा

## > मध्य प्रदेश रहा सबसे आगे

**नई दिल्ली.**

भारत का कुल वन और वृक्ष आवरण पिछले तीन सालों (2021 से 2023) में 1,445 वर्ग किमी बढ़कर 25.17 प्रतिशत हो गया है। इसी के साथ ये देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। यह जानकारी शनिवार को जारी भारत राज्य वन रिपोर्ट 2023 में दी गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, कुल वन आवरण 2021 में 7,13,789 वर्ग किमी था, जो अब बढ़कर 7,15,343 वर्ग किमी हो गया है, जो देश के भौगोलिक क्षेत्र का 21.76 प्रतिशत है। साथ ही, वृक्ष आवरण में भी 1,289 वर्ग किमी का इजाफा हुआ है, जो अब देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 3.41 प्रतिशत है।

वन सर्वेक्षण भारत (एफएसआई) के अनुसार, 'वन आवरण उस सभी भूमि को कहा जाता है, जिस पर वृक्षों की छांव की घनता 10 प्रतिशत से अधिक हो और यह एक हेक्टेयर या उससे अधिक क्षेत्र में फैला हो, चाहे वह प्राकृतिक वन हो या मानव निर्मित बागान, बागीचे और शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों में वृक्षों के टुकड़े। वहीं, वृक्ष आवरण उन वृक्षों के टुकड़ों और एकल वृक्षों को कहा जाता है, जो आरक्षित वन क्षेत्र के बाहर एक हेक्टेयर से कम क्षेत्र में होते हैं।



### वृक्ष आवरण में सबसे बड़ी वृद्धि दर्ज

मध्य प्रदेश देश में कुल वन और वृक्ष आवरण में सबसे आगे है, इसके बाद अरुणाचल प्रदेश और महाराष्ट्र का स्थान है। छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, ओडिशा और राजस्थान ने वन और वृक्ष आवरण में सबसे बड़ी वृद्धि दर्ज की है, जबकि मिजोरम, गुजरात और ओडिशा ने विशेष रूप से वन आवरण में सर्वाधिक वृद्धि की है। पूर्वोत्तर राज्य, खासकर मिजोरम, में सुधार देखा गया है। मिजोरम ने अकेले 242 वर्ग किमी में वन आवरण में वृद्धि दर्ज की, कुछ गिरावटों को उलटने में मददगार साबित हुआ है।

# कनाडा में राजनीतिक अस्थिरता के संकेत

**कनाडा.** प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो अगले वर्ष की शुरुआत में सत्ता खो सकते हैं। उनके प्रमुख सहयोगी न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता जगमीत सिंह ने कहा है कि वह अल्पमत वाली लिबरल सरकार को गिराने के लिए 27 जनवरी को शीतकालीन अवकाश के बाद हाउस ऑफ कॉमन्स सदन में औपचारिक रूप से अविश्वास प्रस्ताव पेश करेंगे। सिंह ने कहा, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि लिबरल पार्टी का नेतृत्व कौन कर रहा है। इस सरकार का समय समाप्त हो चुका है। हम हाउस ऑफ कॉमन्स की अगली बैठक में स्पष्ट अविश्वास प्रस्ताव पेश करेंगे। दूसरी तरफ, विशेषज्ञ कह रहे हैं कि यदि सभी विपक्षी दल इस प्रस्ताव का समर्थन करते हैं, तो ट्रूडो करीब नौ साल बाद पीएम पद से हट जाएंगे और फिर चुनाव होंगे। जनता महंगाई और ट्रूडो को नीतियों के चलते परेशान है। उन्हें बीते कुछ समय से अपनी सरकार के भीतर भी तीखी आलोचनाएं झेलनी पड़ रही है।

